आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* तिलक मांझी बलि दिवस
* लोहिड़ी उत्सव

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 166 | इंदौर, मंगलवार 13 जनवरी, 2026 | माघ कृष्ण 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-3.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सोना 3,327 बढ़कर 1.40 लाख के हाई पर चांदी की कीमत एक दिन में 14 हजार बढ़ी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम 12 जनवरी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 3,327 रुपए बढ़कर 1,40,449 रुपए पर बंद हुआ। कल यह 1,37,122 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी सुबह 2,57,283 रुपए पर पहुंच गई थी। हालांकि इसके बाद इसकी कीमत में थोड़ी कमी आई और ये 13,968 रुपए बढ़कर 2,56,776 रुपए किलो पर बंद हुई। इससे पहले इसकी कीमत 2,42,808 रुपए किलो थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3% जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है।

### सब्जियों-दालों के दाम बढ़ने से दिसंबर में महंगाई बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिसंबर में रिटेल महंगाई पिछले महीने के मुकाबले बढ़कर 1.33% के स्तर पर पहुंच गई है। ये तीन महीनों का हाई लेवल है। इससे पहले नवंबर में ये 0.71% पर थी, जो 14 साल में सबसे कम स्तर रहा था। वहीं अक्टूबर में ये 0.25% पर थी, जो 14 साल में सबसे कम स्तर था। दिसंबर में महंगाई में बढ़ोतरी दाल, सब्जियों, मांस-मछली, अंडे और बिजली के दाम बढ़ने से हुई है। सरकार ने सोमवार, 12 जनवरी को महंगाई के आंकड़े जारी किए हैं। महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई माइनस 3.91% से बढ़कर माइनस 2.71% हो गई है। नवंबर महीने में ग्रामीण महंगाई दर 0.10% से बढ़कर 0.76% हो गई है।

### आवारा कुत्तों पर मीका सिंह का बड़ा ऐलान
### 10 एकड़ जमीन दान करेंगे



**सुप्रीम कोर्ट से अपील कर कहा- सही स्टाफ उपलब्ध करवाया जाए**

**मुंबई।** सुप्रीम कोर्ट ने कुछ समय पहले ही आवारा कुत्तों को शहरों से हटाकर शेल्टर होम में भेजे जाने का बड़ा आदेश जारी किया है। हालांकि इस पर सिंगर मीका सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वो कोई भी ऐसा फैसला न लें, जिससे आवारा कुत्तों को दिक्कत हो। इसके साथ ही उन्होंने ऐलान किया है कि वो खुद इन कुत्तों के लिए 10 एकड़ जमीन दान करेंगे, जहां कुत्तों की ठीक तरह देखभाल हो सके। रविवार को मीका सिंह के आधिकारिक अकाउंट (पहले ट्विटर) पर इस बड़े कदम का ऐलान करते हुए लिखा, 'मीका सिंह भारत के माननीय सुप्रीम कोर्ट से विनम्र अपील करते हैं कि कुत्तों की भलाई को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी फैसले से बचा जाए।' आगे उन्होंने लिखा, 'मैं कहना चाहता हूं कि मेरे पास पर्याप्त जमीन है और मैं कुत्तों की देखभाल और रहने के लिए 10 एकड़ जमीन देने को तैयार हूं। मेरी सिर्फ इतनी विनती है कि कुत्तों की देखभाल के लिए सही स्टाफ और जिम्मेदार लोग उपलब्ध कराए जाएं। मैं कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाने और उनकी सुरक्षा, सेहत और अच्छे जीवन से जुड़ी सभी जरूरतों के लिए अपनी जमीन देने को तैयार हूं।' हाल ही में आवारा कुत्तों द्वारा काटे जाने के कई मामले सामने आए हैं, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश दिया कि सभी आवारा कुत्तों को शहरों से हटाया जाए और दूर शेल्टर होम भेजा जाए। कोर्ट ने आवारा कुत्तों को कई सड़क दुर्घटनाओं का कारण भी माना। सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश पर देशभर में आक्रोश रहा। कई लोगों ने इसके खिलाफ अपील की, वहीं कई लोगों ने इस फैसले को ठीक कहा।

### ममता हमसे सबूत छीनकर ले गई मामले की सीबीआई जांच हो: ईडी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के घर छापेमारी मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य के शीर्ष पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। इन पर रेड के दौरान हस्तक्षेप करने और सबूत मिटाने का आरोप लगाया गया है। जांच एजेंसी ने इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। दरअसल, 8 जनवरी को ईडी ने अवैध कोयला खनन से जुड़े मामले की जांच के तहत कोलकाता में प्रतीक की पॉलिटिकल स्ट्रैटजिक कंपनी आई-पैक से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई थी। ईडी ने आरोप लगाया कि रेड के दौरान सीएम, मुख्य सचिव, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर मौके पर पहुंचे और ईडी के अधिकारियों को डराया।

### रायसीना हिल्स के पास नया पीएम ऑफिस तैयार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रायसीना हिल्स के पास देश के प्रधानमंत्री का नया ऑफिस लगभग तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत तक नए ऑफिस से काम शुरू कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पीएमओ का काम लगभग पूरा हो चुका है। फाइनल फिनिशिंग जारी है। सूत्रों ने बताया कि पीएम ऑफिस में शिफ्टिंग के लिए इस महीने दो मुहूर्त निकाले गए हैं। पहला 14 जनवरी, मकर संक्रांति के दिन और दूसरा 19 जनवरी से 27 जनवरी के बीच, गुप्त नवरात्रि तक है। हालांकि, तब तक फिनिशिंग का काम पूरा नहीं हुआ, तो फरवरी में भी शिफ्टिंग हो सकती है। पीएम का नया ऑफिस सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया है।

---

### सीएम ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने नरेगा पर झूठ बोलने का अभियान चलाया

# मोहन यादव का खुद को किसान पुत्र बताने का दावा गलत : पटवारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने नरेगा के नाम पर देशभर में झूठ फैलाने का अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए योजनाओं और महापुरुषों के नाम का दुरुपयोग किया।

मुख्यमंत्री यह बात भाजपा कार्यालय में आयोजित वीबी-जी रामजी जनजागरण अभियान की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और जिला टोली के सदस्य मौजूद रहे।



इधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अपना काम ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें आश्रम जाकर आत्मचिंतन करना चाहिए। इस तरह के बयान उनके व्यक्तित्व को गिराते हैं। पटवारी ने सीएम को फर्जी किसान पुत्र भी कहा। उन्होंने कहा, कल मुख्यमंत्री ने 2026 किसान वर्ष के शुभारंभ के अवसर पर ट्रैक्टर चलाया और गाय के पास भी गए। लेकिन ट्रैक्टर चलाने वाला हर व्यक्ति किसान नहीं होता, वह ड्राइवर भी हो सकता है। कर्ज लेकर विज्ञापनों में फोटो देना बंद करें। विज्ञापन में खुद को किसान पुत्र बताने का दावा किया जा रहा है, जबकि यह सिर्फ किसान पुत्र का विज्ञापन है। मुख्यमंत्री फर्जी किसान पुत्र हैं।

#### नरेगा के नाम पर भ्रम फैलाया

सीएम ने कहा कि ग्रामीण रोजगार के नाम पर शुरू की गई योजना को चुनाव आते ही कांग्रेस ने महात्मा गांधी से जोड़ दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की पुरानी परंपरा रही है कि सत्ता और वोट के लिए महात्मा गांधी के नाम का राजनीतिक उपयोग किया जाता है। सीएम ने कहा, नरेगा को महात्मा गांधी के नाम से जोड़कर कांग्रेस ने देश में झूठ बोलने का अभियान चलाया। यह सच्चाई से कोसों दूर है और इसका जवाब जनता समय-समय पर देती रही है।

#### नकली गांधी और राम पर सवाल

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा, एक तो नकली गांधी बनकर राजनीति करो और ऊपर से भगवान राम को न मानो- फिर कहते हो लोकतंत्र चले, ये कैसे चलेगा? उन्होंने कहा कि जब भगवान राम से जुड़ा मामला सुप्रीम कोर्ट में चला, तब कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने राम के अस्तित्व पर ही सवाल खड़े किए। सीएम ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मुस्लिम पक्षकारों ने भी स्वीकार किया और भूमिपूजन में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस के नेता उस ऐतिहासिक क्षण से दूर रहे।

---

### भोपाल नगर निगम के स्लॉटर हाउस में गायों का वध में निगम प्रशासन की सीधी भूमिका

# भोपाल से 26 टन मांस मुंबई भेजा जा रहा था

### मंत्री सारंग बोले-कड़ी कार्रवाई करेंगे, निगम अध्यक्ष बोले-अपराधी या उसे संरक्षण देने वाले को नहीं छोड़ेंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

भोपाल के आधुनिक स्लॉटर हाउस की गाड़ी में मिले मांस में गोमांस की पुष्टि होने के बाद 'शहर सरकार' चारों तरफ से घिर गई है। विपक्ष लगातार महापौर और एमआईसी (मेयर इन कौंसिल) का इस्तीफा मांग रहा है। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि एमआईसी की मीटिंग में स्लॉटर हाउस का प्रस्ताव पास कर दिया गया। न तो परिषद में प्रस्ताव लाया गया और न ही शहर को बताया।

इधर, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का इस मामले में सोमवार को पहली बार बयान सामने आया। सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में हुए राज्य स्तरीय योग कार्यक्रम में शामिल होने आए अध्यक्ष सूर्यवंशी ने मीडिया के सवाल पर कहा कि इस मामले में अभी अधिकारिक रिपोर्ट नहीं मिली है।



रिपोर्ट मिलने के बाद दोषी चाहे छोटा हो या बड़ा, उसे नहीं बख्शेंगे। असलम चमड़ा हो या कहीं का चमड़ा, उसकी चमड़ी उतार दी जाएगी। उन्होंने कहा कि स्लॉटर हाउस का प्रस्ताव नगर निगम परिषद की बैठक में नहीं आया। कोई भी अपराधी या उसे संरक्षण देने वाले को नहीं छोड़ेंगे।

नेता प्रतिपक्ष जकी ने कहा कि मेयर इन कौंसिल परिषद की जानकारी, चर्चा एवं स्वीकृति के बिना महत्वपूर्ण एवं जनहित से जुड़े विषयों पर गोपनीय तरीके से संकल्प पारित किए जा रहे हैं। स्लॉटर हाउस से संबंधित संकल्प को महापौर परिषद ने बाहर-ही-बाहर पारित कर दिया।

**डॉक्टर के सर्टिफिकेट के आधार पर मांस मुंबई भेजा-** जिंसी स्थित भोपाल नगर निगम के स्लॉटर हाउस में गायों का वध किए जाने और गोमांस मुंबई भेजे जाने के मामले में नगर निगम प्रशासन की सीधी भूमिका सामने आई है। नगर निगम के पशु चिकित्सा अधिकारी की ओर से जारी वह पत्र सामने आया है, जिसके आधार पर मांस को स्लॉटर हाउस से बाहर ले जाने की अनुमति दी गई थी। 17 दिसंबर 2025 को जारी इस पत्र में नगर निगम के पशु चिकित्सक डॉ. बेनीप्रसाद गौर ने प्रमाणित किया कि स्लॉटर हाउस में बीते करीब दो सप्ताह में 15 वर्ष से अधिक उम्र की 85 भैंसों का वध किया गया। इसके बाद मांस को फ्रोजन मीट के रूप में पैक कर मुंबई भेजने की अनुमति दी गई। हैरत की बात है कि इसी खेप से पुलिस ने जो सैंपल लिए, उनमें गोमांस की पुष्टि हुई। 15 व 16 दिसंबर की रात दो अलग-अलग वाहनों से गायों के 160 बछड़े स्लॉटर हाउस लाए गए थे। ये वाहन बैतूल के रास्ते भोपाल पहुंचे थे। इन्हीं का 26 टन मांस मुंबई भेजा जा रहा था। 17 दिसंबर की रात हिंदू संगठनों ने पुलिस कंट्रोल रूम के पास कंटेनर रोका। गोमांस होने की आशंका पर हंगामा हुआ। तब जहांगीराबाद थाना पुलिस ने मांस के सैंपल जांच के लिए भेजे थे।

#### मंत्री सारंग बोले- ऐसी सजा मिलेगी, नजीर पेश होगी

इस मामले में मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि गोमांस या गोकशी मामले में किसी को बक्शा नहीं जाएगा। व्यापारी हो या अधिकारी कोई भी बक्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई होगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं। दोषियों को ऐसी सजा मिलेगी, जो नजीर पेश होगी। किसी की हिम्मत नहीं होगी। अगर गोमाता की कटाई हुई है तो दोषियों के खिलाफ हत्या का केस होना चाहिए। उन्हें फांसी की सजा होनी चाहिए।

---

### तीसरी स्टेज में गड़बड़ी आई

## इसरो का पीएसएलवी-सी62 रॉकेट रास्ते से भटका, मिशन फेल

एजेंसी ▸▸ श्रीहरिकोटा

इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन का साल 2026 का पहला मिशन 'पीएसएलवी-सी62' फेल हो गया है। रॉकेट 12 जनवरी को सुबह 10.18 बजे आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से 16 सैटेलाइट लेकर उड़ा था। इसरो चीफ डॉ. वी नारायणन ने कहा कि रॉकेट लॉन्चिंग के तीसरे चरण में गड़बड़ी आ गई, जिसके कारण वह रास्ता भटक गया।

पिछले साल 18 मई को भी इसरो का पीएसएलवी-सी61 मिशन तकनीकी खराबी के कारण तीसरी स्टेज में ही फेल हुआ था। इस मिशन में ईओएस-09 अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट को 524 किमी की सन-सिंक्रोनस पोलर



ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। ईओएन-एन1 (अन्वेषा) और 14 सैटेलाइट्स को 512 किलोमीटर की ऊंचाई पर सन-सिंक्रोनस ऑर्बिट में स्थापित किया जाना था। रॉकेट के चौथे हिस्से को दोबारा चालू किया जाना था ताकि इसे वापस धरती की ओर मोड़ा जा सके। फिर स्पेन के एक स्टार्टअप का 'केआईडी' यानी केस्ट्रल इनिशियल टेक्नोलॉजी डेमोनस्ट्रेटर केआईडी कैप्सूल इससे अलग हो जाता।

---


### आगर मालवा में जंगल के भीतर 3 हेक्टेयर में फैक्ट्री

## 10 करोड़ की एमडी ड्रग्स का इंदौर कनेक्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा में जिस नर्सरी में एमडी ड्रग्स की फैक्ट्री चलाई जा रही थी, उसका इंदौर से कनेक्शन सामने आया है। नर्सरी का संचालक कालूराम रातड़िया मूल रूप से सुसनेर के पास मोड़ी गांव का रहने वाला है। उसके खिलाफ हरियाणा में मादक पदार्थों की तस्करी समेत आगर मालवा में चार से ज्यादा केस दर्ज हैं।

दरअसल, नारकोटिक्स विभाग ने शनिवार तड़के आमला क्षेत्र स्थित तीर्थ नर्सरी पर छापा मारकर 31 किलो 250 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की थी। इसकी कीमत घरेलू बाजार में करीब 10 करोड़ रुपए जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। ये ड्रग्स फैक्ट्री जंगल के भीतर चल रही थी। यहां बने माल की सप्लाई हरियाणा तक की जा रही थी। नारकोटिक्स विभाग के छापे में तलाशी के दौरान नर्सरी परिसर के भीतर एमडी ड्रग्स बनाने की लैब मिली। मौके से 31.250 किलो तैयार ड्रग्स, करीब 600 किलो केमिकल, ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाली मशीनें और तकनीकी उपकरण जब्त



किए गए। मामले में मैनेजर सिद्धनाथ, धारा सिंह और प्रहलाद सिंह को गिरफ्तार कर केस दर्ज किया गया है।

#### नर्सरी का बोर्ड व तारों की फेंसिंग

- आगर मालवा जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर झालावाड़-कोटा रोड पर करीब 18 किमी दूर आमला है। यहां से करीब एक किलोमीटर पहले हनुमान मंदिर और क्रेशर के पास से होकर जंगल में अंदर एक रास्ता जाता है।
- यहां से करीब दो किमी अंदर कच्ची रोड किनारे यह नर्सरी है। बाहर तीर्थ हर्बल फार्म एंड नर्सरी का बोर्ड लगा है। चारों ओर तारों की फेंसिंग है। इसके आसपास अन्य किसानों की खेती की जमीन है। पटवारी सुरेश राजपूत से बात कर राजस्व विभाग की वेबसाइट पर रिकॉर्ड खंगाला। जिस भूमि पर नर्सरीनुमा फार्म हाउस बना है, उसका खसरा क्रमांक 816(एस) है।

---

### भारत से जरूरी कोई देश नहीं : अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के नए राजदूत सर्जियो गोर ने सोमवार को नई दिल्ली में पदभार संभाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका के लिए भारत से ज्यादा जरूरी कोई देश नहीं है। उन्होंने ट्रेड डील को लेकर कहा कि कल यानी मंगलवार को दोनों देशों के अधिकारियों के बीच इसे लेकर फोन पर बात होने वाली है। अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी की दोस्ती को असली बताया। उन्होंने कहा कि सच्चे दोस्त असहमत हो सकते हैं, लेकिन अंत में हमेशा अपने मतभेदों को सुलझा लेते हैं। गोर ने उम्मीद जताई है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले एक से दो साल में भारत का दौरा कर सकते हैं। अपने पहले संबोधन की शुरूआत गोर ने नमस्ते के साथ की और कहा कि भारत में अमेरिकी राजदूत होना उनके लिए गर्व की बात है।

---

## मोदी जर्मन चांसलर से मिले, साथ में पतंग उड़ाई

### पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी, भारत में 2000 से ज्यादा जर्मन कंपनियां

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के बीच सोमवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कनवेंशन सेंटर में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद पीएम ने कहा- भारत-जर्मनी करीबी सहयोगी हैं। इसीलिए आज भारत में 2 हजार से ज्यादा जर्मन कंपनियां हैं। यह जर्मनी के भारत के प्रति अटूट विश्वास को दर्शाता है। भारत और जर्मन नई परियोजनाओं को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत और जर्मनी हरेक फील्ड में मिलकर काम कर रहे हैं। आज हुए एमओयू से और मजबूती बढ़ेगी। दोनों नेताओं ने सोमवार सुबह सबसे पहले अहमदाबाद में साबरमती आश्रम पहुंचकर महात्मा गांधी को नमन किया था। आश्रम के बाद मोदी-मर्ज साबरमती रिवरफ्रंट पहुंचे थे। यहां पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल में शामिल होकर साथ में पतंग उड़ाई।



- चांसलर मर्ज की ये यात्रा एक विशेष समय पर हो रही है। पिछले वर्ष हमने अपनी रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किए और इस वर्ष हम अपने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष भी मना रहे हैं।
- भारत-जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं के बीच करीबी सहयोग पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। रक्षा व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए मैं चांसलर मर्ज का आभार व्यक्त करता हूं।
- रक्षा और सुरक्षा में बढ़ता सहयोग हमारे आपसी भरोसे और साझी सोच का प्रतीक है। बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों ने हमारी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप को नई ऊर्जा दी है।
- भारत सभी समस्याओं और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का पक्षधर रहा है। भारत और जर्मनी सहमत हैं कि ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए ग्लोबल इंस्टीट्यूशन में सुधार बहुत जरूरी है।
- आज हायर एजुकेशन पर बना रोडमैप शिक्षा के क्षेत्र में हमारी साझेदारी को नई दिशा देगा। मैं जर्मन विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस खोलने का आमंत्रण देता हूं।

---

# डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति बताया

### सोशल मीडिया ट्रुथ पर पोस्ट किया, जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र

एजेंसी ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने खुद को वेनेजुएला का एक्टिंग प्रेसिडेंट बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट की है। इसमें ट्रम्प की तस्वीर के साथ एक्टिंग प्रेसिडेंट ऑफ वेनेजुएला (वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति) लिखा है। पोस्ट में जनवरी 2026 से पद संभालने का जिक्र है।

इसके अलावा ट्रम्प ने खुद को अमेरिका के 45वें और 47वें राष्ट्रपति के तौर पर भी दिखाया है। पोस्ट को लेकर व्हाइट हाउस या अमेरिकी प्रशासन की ओर से कोई औपचारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले 3 जनवरी को अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को हिरासत में लेकर न्यूयॉर्क लाया गया।

#### वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा

- डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वेनेजुएला का प्रशासन अमेरिका ही चलाएगा। यह तब तक चलेगा, जब तक वहां सुरक्षित सत्ता परिवर्तन नहीं हो जाता। ट्रम्प का कहना है कि वे यह जोखिम नहीं चाहते कि कोई ऐसा व्यक्ति सत्ता में आए जो वेनेजुएला के लोगों के हितों का ध्यान न रखे।
- मादुरो के सत्ता से हटने के बाद वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को पिछले हफ्ते देश की अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। ट्रम्प के मुताबिक, अंतरिम सरकार अमेरिका को 3 से 5 करोड़ बैरल हाई क्वालिटी वाला, प्रतिबंधित तेल सौंपेगी, जिसे मार्केट प्राइज पर बेचा जाएगा।
- ट्रम्प ने कहा कि तेल बिक्री से मिलने वाली राशि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके कंट्रोल में रहेगी, ताकि इसका इस्तेमाल वेनेजुएला और अमेरिका के लोगों के हित में किया जा सके। उन्होंने एनर्जी सेक्रेटरी क्रिस राइट को इस योजना को तुरंत लागू करने के निर्देश देने की बात भी कही है।

#### अमेरिका तय करेगा कौन सी कंपनियां वेनेजुएला जाएंगी



ट्रम्प ने एक्सॉन मोबिल, कोनोकोफिलिप्स, शेवरॉन जैसी बड़ी अमेरिकी कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि अमेरिका तय करेगा कि कौन सी कंपनियां वेनेजुएला में जाएंगी और निवेश करेंगी। शेवरॉन के वाइस चेयरमैन मार्क नेल्सन ने कहा कि उनकी कंपनी वेनेजुएला में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है और वह अभी भी वहां काम कर रही है। कई छोटी कंपनियां और निवेशक भी बैठक में शामिल हुए, जिन्होंने ट्रम्प की नीतियों की सराहना की और निवेश की इच्छा जताई।

---

### ईरान बोला- सेना पर प्लानिंग के साथ हमले हो रहे, यह प्रदर्शन नहीं देश के खिलाफ आतंकी जंग

एजेंसी ▸▸ तेहरान

ईरान में जारी हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मौजूदा हालात को आतंकी युद्ध बताया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि ईरान में इस समय जो कुछ हो रहा है, वो एक आतंकी युद्ध है। अब्बास अराघची के मुताबिक, इस हिंसा में शामिल आतंकी तत्वों ने सरकारी इमारतों, पुलिस थानों और कारोबार से जुड़ी जगहों पर हमले किए हैं। ये घटनाएं प्लानिंग के साथ की गई हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरानी अधिकारियों के पास ऐसे ऑडियो रिकॉर्ड मौजूद हैं, जिनमें आतंकियों को आम नागरिकों और सुरक्षा बलों पर गोली चलाने के आदेश दिए गए हैं। इससे पहले अराघची ने प्रदर्शनकारियों पर पुलिसवालों को मारने और जिंदा जलाने का आरोप लगाया था। उन्होंने इसे इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद की साजिश बताते हुए हमले का वीडियो भी शेयर किया था। ईरान की ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हिंसा में अब तक 544 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। वहीं, 10,681 लोगों को हिरासत में लिया गया है।



- अमेरिका में ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक ट्रक रैली में घुस गया। लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने ट्रक ड्राइवर पर हमला करने की कोशिश की।
- घटना रविवार दोपहर लॉस एंजिलिस में हुई, जहां सैकड़ों लोग ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के समर्थन में मार्च कर रहे थे। घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, यह साफ नहीं है।
- रैली में ट्रक के घुसने की घटना रविवार दोपहर वेस्टवुड इलाके की वेटरन एवेन्यू पर हुई।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## हत्यारी डोर पर समाज मौन क्यों...

आगामी दिनों में सनातन का बडा ही नहीं प्रमुख पर्व उत्तरायण मनाया जाना है। इसमें पतंग उडाना एक प्रक्रिया के तहत है। मूल रूप से सूत के धागे से इसे उडाने का महत्व है। इसका उल्लेख धर्मग्रंथों में भी उपलब्ध है। इसके साथ तिल गुड की प्रसादी का भी विशेष महत्व है। धार्मिक रूप से आई इस प्रक्रिया में आधुनिकता ने समावेश किया और अब यह आधुनिकता आमजन की जान ही नहीं पशु झपक्षियों की जान की दुश्मन बन गई है। पिछले कुछ दिनों में ही आधा दर्जन से अधिक वाहन चालकों के गले धार्मिकता में आधुनिकता के आने से कटे हैं। मेटलिक धागा जिसे चायना डोर के नाम से जाना जाता है का उपयोग इसमें धार्मिक प्रक्रिया को विकृत रूप की और ले गया है। इस पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद बाजार तक यह कतिपय मुनाफाखोरों और मानवता के दुश्मनों ने पहुंचाया है। जिले भर में एक दर्जन से ज्यादा प्रकरणों में वर्दी ने कार्रवाई करते हुए मानवता के दुश्मनों को दबोचा है। इस पूरे मामले में वर्दी पूरी तरह से सजग होकर प्रमुख व्यवसायिक केंद्र पर नजर ही नहीं रख रही है अपितु हर वो प्रयास किया जा रहा है जिससे इस चायना डोर को प्रचलन में आने से रोका जा सके। इसके बाद भी आधा दर्जन मामलों में आमजन प्रभावित हुए हैं। ये मामला मूलतः आमजन की जागरूकता एवं मानवीय पक्ष से जुडा हुआ है। सामाजिक तौर पर इस मामले में अब तक कुछ नहीं किया गया है। तमाम समाज एवं अशासकीय संगठन शहर में हैं उसके बावजूद इसे लेकर मजबूत तौर पर आवाज उठाकर इसे पूरी तरह से प्रतिबंधित करवाने और इसके उपयोग करने वालों पर सख्त कार्रवाई के लिए शासन प्रशासन से पहल करने के लिए कोई भी सामने नहीं आया है। मात्र कुछ दिनों के लिए इसे लेकर प्रतिबंध लगता है और उसके बाद सब कुछ शुन्य हो जाता है। खुसूर-फुसूर है कि चायना डोर उपयोग एवं क्रय विक्रय को लेकर पूरी तरह से प्रतिबंध लगना चाहिए । कुछ दिनों के प्रतिबंध से इस पर लगाम लगाकर इस समस्या से निजात पाना नामुमकिन है। समाज को भी खुलकर इस मामले में विरोध के स्तर पर सामने आना होगा और इसे पुरी तरह से प्रतिबंधित करवाना होगा।




## कृषक कल्याण वर्ष में किसानों का करेंगे समग्र कल्याण

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसानों के लिए वर्ष 2026 नई उम्मीदों और नए अवसरों का वर्ष होगा। किसान हमारे अन्नदाता हैं, जो अपने परिश्रम से देश और समाज का उदर-पोषण करते हैं। किसानों को आत्मनिर्भर बनाकर उनकी समृद्धि सुनिश्चित करना ही सरकार का एकमात्र ध्येय है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित विशाल किसान सम्मेलन में वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाने की अधिकृत घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए हर जरूरी कदम उठाएगी। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई, भंडारण और बाजार तक बेहतर पहुंच के माध्यम से खेती को लाभ का व्यवसाय बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कृषि केवल आजीविका का एक साधन ही नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि क्षेत्र के सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

9425332161

### सीबीएसई से एमपी बोर्ड में शिफ्ट होने पर टीसी के लिए काउंटर साइन के लिए परेशान न हों

# मंडल ने गाइडलाइन में संशोधन कर स्कूल प्राचार्यों को सौंपे अधिकार

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से एमपी बोर्ड में परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को अब ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) पर काउंटर साइन कराने की जरूरत नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने परीक्षा संबंधी गाइडलाइन में संशोधन कर यह अधिकार स्कूल प्राचार्य को सौंप दिया है। इससे प्रदेशभर के 10 से 15 हजार विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं 07 फरवरी से शुरू हो रही हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस संबंध में प्रदेश के सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। हर साल एमपी बोर्ड की परीक्षाओं में औसतन 18 लाख विद्यार्थी शामिल होते हैं, जिनमें जिले से करीब 50 हजार विद्यार्थी रहते हैं। इसमें नियमित स्कूलों के साथ प्राइवेट परीक्षार्थी भी शामिल होते हैं।



### प्राचार्य करेंगे टीसी का वेरिफिकेशन...

सीबीएसई ने देशभर के अपने स्कूलों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। एमपी बोर्ड स्कूलों के प्राचार्य उसी सूची के आधार पर टीसी का वेरिफिकेशन करेंगे। उन्हें टीसी जारी करने वाले स्कूल का क्रमांक दर्ज करना होगा और एक घोषणा पत्र देना होगा, जिसमें यह उल्लेख रहेगा कि दर्ज की गई जानकारी सही है।

### 30-40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आएंगे

विद्यार्थियों की पहचान बनाए रखने के लिए परीक्षा से पहले रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। दूसरे बोर्ड और अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन पर काउंटर साइन की जरूरत होती है। सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फार्म भरने के नियमों में भी संशोधन किया है। एमपी बोर्ड में हर साल 30-40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं। इनमें 12वीं में पहुंचने वालों की संख्या ज्यादा है। नियम का सबसे ज्यादा फायदा ऐसे ही विद्यार्थियों को मिलेगा।

### पूर्व में काउंटर साईन जरूरी था

पहले दूसरे बोर्ड या अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों को टीसी और माइग्रेशन सर्टिफिकेट पर काउंटर साइन कराना अनिवार्य था। लेकिन, सीबीएसई की रोक के बाद मंडल ने प्रवेश और परीक्षा फॉर्म के नियमों में संशोधन किया है। एमपी बोर्ड में हर साल 30 से 40 हजार विद्यार्थी सीबीएसई से आते हैं, जिनमें 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या अधिक रहती है। संशोधित नियम का सबसे ज्यादा लाभ इन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा।

### जिले के सैंकडों विद्यार्थियों को राहत

उज्जैन जिले से भी सैंकडों विद्यार्थियों को मंडल के इस आदेश से राहत मिली है। असल में सीबीएसई के विद्यार्थी अच्छे प्रतिशतों के साथ बोर्ड परीक्षा पास करने के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में बैठते हैं। ऐसे में वे डमी एडमीशन का सहारा लेते हैं और इसी के तहत पूर्व में उन्हें काउंटर साईन करवाकर टीसी देना होती थी।

### जिम्मेदारों का ध्यान नहीं ,न एक्सपायरी न पैकेजिंग नियमों का पालन

# बिक रहा 'धीमा जहर' मात्र 5 रूपए में

### बच्चे,बडे सभी चाव से खाकर सेहत से खिलवाड कर रहे

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

स्वादिया स्नेक्स के रूप में अधिकांश खाद्य सामग्री मात्र 5 रूपए में बाजार में उपलब्ध है। छोटी-मोटी दुकानों पर इनका जमकर विक्रय किया जाता है। पारदर्शी पालिथीन में सीधे तौर पर यह धीमा जहर बेचा जा रहा है। इसे लेकर खाद्य प्रशासन विभाग अपनी जिम्मेदारी के प्रति सीधे तौर पर नजरअंदाजी कर रहा है। न तो इन पैकिंगों पर पैकेजिंग नियमों का पालन किया जा रहा है न ही उपभोक्ता के लिए जानने वाली जानकारी ही इन पर अंकित होती है।

जिले भर में शहर ही नहीं गांव-गांव ,गली झगली छोटी मोटी दुकानों के साथ ही कई खाद्य पदार्थ विक्रेताओं के यहां पारदर्शी पालिथीन में सीधे तौर पर खाद्य सामग्री बेची जा रही है। इनमें पांच रुपए में मिलने वाले सस्ते कुरकुरे, नमकीन और चटपटे स्नैक्स शामिल हैं। गली-मोहल्लों में स्कूलों के आसपास और किराना दुकानों पर इनका विक्रय धड़ल्ले से किया जा रहा हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से अधिकांश खाद्य पदार्थों पर न तो एक्सपायरी डेट दर्ज है और न ही निर्माण तिथि। इनके अलावा कुछ रंगीन पैकिंगों पर मात्र नाम होता है। जानकारों एवं चिकित्सकों का कहना है कि इस तरह के सस्ते और अमानक खाद्य पदार्थों में घटिया तेल, सिंथेटिक रंग, अधिक नमक और क्रिस्पी बनाने के लिए रसायनों का उपयोग किया जाता है। ये बच्चों में पेट दर्द, गैस और अपच, उल्टी-दस्त और फूड प्वाइजनिंग, लिवर व किडनी पर असर, मोटापा और हार्मोनल असंतुलन, एकाग्रता की कमी और व्यवहार संबंधी समस्याएं जैसी बीमारियों का कारण बन सकते हैं। लंबे समय तक सेवन करने पर ये गंभीर बीमारी भी दे सकते हैं।



### सीधे तौर पर नियम का उल्लंघन

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत किसी भी खाद्य पदार्थ पर निर्माण तिथि, एक्सपायरी बेस्ट बिफोर डेट, निमार्ता का नाम और पता, लाइसेंस नंबर सामग्री की जानकारी देना अनिवार्य है। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर,ई-मेल का अंकित होना भी जरूरी है।

### नियम तार-तार,विभाग की नजरअंदाजी

पैकेजिंग नियमों के तहत जानकारी अंकित नहीं होती है। अहम सवाल यह उठता है कि ये सामग्री कहां बन रही है, कैसे बन रही है और इसमें क्या मिलाया जा रहा है। इसकी कोई जानकारी नहीं है। इसके बावजूद खाद्य प्रशासन विभाग इसे लेकर गंभीर दिखाई नहीं दे रहा है। अव्वल तो अब तक इसे नजरअंदाज ही किया जा रहा है।

## जयसिंहपुरा बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

जयसिंहपुरा बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन का समापन 11 जनवरी 2026 रविवार स्थान श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मैं आयोजित किया गया इस सम्मेलन में जयसिंहपुरा बस्ती के विभिन्न मोहल्ले से टोली के रूप में मातृशक्ति एवं युवा सम्मिलित हुए राजीव रत्न कॉलोनी से कृष्ण और राधा का रूप धारण कर बालिकाओं द्वारा प्रचल समारोह के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्य वक्ता माननीय श्री अशोक जी सोहनी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूर्व क्षेत्र संघ चालक श्री जस्सू गुरुजी निरमोहिया अखाड़ा एवं मातृ शक्ति की और से श्रीमती अनीता जी पवार राष्ट्रीय सेविका समिति जिला संयोजिका हिंदू सम्मेलन संयोजक अशोक माली मंचासीन रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सभी अतिथियों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में श्री मोहनलाल जी कुमावत, कुंदन माली, विष्णु जी महाराज बैरागी, विजय चौधरी जी, भरत भाट जी, चंपाराम जी सहित विभिन्न समाज के प्रतिनिधित्व तथा क्षेत्रवासी सम्मेलन में शामिल हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि का साल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया कार्यक्रम में मातृशक्ति का भी अधिक योगदान रहा।




## राज्यस्तरीय युवा उत्सव में छात्रा का प्रदर्शन



दैनिक अवन्तिका उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा राज्यस्तरीय युवा उत्सव 2025 ए 2026 का आयोजन विक्रम संवत 2082 माघ कृष्ण पंचमी, षष्ठी 10 जनवरी के समापन समारोह में कु नैसा खान छात्रा ने कैंडल मेकिंग स्टॉल लगाया कु नैसा खान उज्जैन सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में ललित कला विभाग की छात्रा है।

कुलपति श्री अर्पण भारद्वाज ने कु नैसा खान के इस कार्य की प्रशंसा की और प्रोत्साहन दिया

एवं कार्यपरिषद सदस्य मुख्यमंत्री मोहन यादव जी के खास सलाहकार राजेश सिंह कुशवाह ने 500 रु का सामान खरीदा एवं कु नैसा खान को प्रोत्साहन दिया

इस अवसर पर उपस्थित रहे कुलसचिव महोदय डॉ अनिल शर्मा, डॉ शैलेन्द्र शर्मा प्रॉक्टर, डॉ शैलेन्द्र पाराशर, डॉ कमलेश दशोरा, माधव साइंस कॉलेज प्रोफेसर हरीश व्यास जी उपस्थित रहे एवं कु नैसा खान का उत्साह वर्धन किया ।

## अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेंगे देश - विदेश के अनेक विद्वान

**उज्जैन।** वीर भारत न्यास एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे श्री महाकाल महोत्सव के अंतर्गत शिव तत्त्व और श्री महाकाल पुरातिहास, साहित्य और संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 15 जनवरी, गुरुवार को होगा। इस संगोष्ठी में दस से अधिक देशों और भारत के बारह से अधिक राज्यों के विद्वान विषय के विविध पक्षों पर प्रकाश डालेंगे। इन देशों में मॉरीशस, नीदरलैंड, फीजी, यूएसए, यूके, आयरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, थाईलैंड, श्रीलंका और नेपाल आदि सम्मिलित हैं। संगोष्ठी में भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, केरल, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश आदि के विशेषज्ञ विद्वान सम्मिलित होंगे।यह जानकारी देते हुए वीर भारत न्यास के न्यासी सचिव श्रीराम तिवारी एवं संगोष्ठी के मुख्य समन्वयक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी का आयोजन त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय, जयसिंहपुरा, महाकाल लोक में प्रातः काल 11 से सन्ध्या 4:30 बजे तक किया जाएगा। संगोष्ठी में देश - विदेश के विविध क्षेत्रों में शिवोपासना, पुराख्यान, पुरातत्व, इतिहास, शैव दर्शन, साहित्य, वास्तु, मुद्राशास्त्र, शिल्प, चित्र आदि पर गहन मंथन किया जाएगा।

## दो दिन मनाया जाएगा मकर संक्रांति पर्व

### धर्म ग्रंथों के अनुसार 15 जनवरी को स्नान और दान पुण्य करें लोग

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

14 जनवरी को मनाए जाने वाला मकर संक्राति का पर्व इस बार दो दिन मनाया जाएगा। हालांकि ज्योतिषाचार्य के अनुसार 15 जनवरी को संक्रांति का पुण्य काल होगा। इसलिए लोग इसी दिन नहान दान पुण्य कर पर्व को मनाए।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार पंचांग की गणना के अनुसार माघ मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर मकर संक्रांति होगी। 14 जनवरी को दोपहर 3 :05 पर सूर्य का धनु राशि को छोड़कर के मकर राशि में प्रवेश होगा। मकर राशि में सूर्य की प्रवेश काल को ही संक्रांति माना जाता है।

14 जनवरी की दोपहर 3:05 पर सूर्य का धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश होगा अर्थात दोपहर 3:05 पर सूर्य की मकर संक्रांति पर्व की शुरूआत हो जाएगी। किंतु दान पुण्य की दृष्टि से इसका प्रभाव 15 को दृष्टिगत होगा, क्योंकि धर्मशास्त्र व अन्य धर्म ग्रंथों के अनुसार बात करें तो सूर्य की संक्रांति यदि दोपहर में या उसके बाद में होती है तो उसका पर्व काल अगले दिन मनाया जाता है।

इस दृष्टि से संक्रांति का पर्व काल व पुण्य काल 15 जनवरी को मनाया जाएगा इस दिन चावल मूंग की दाल सुहाग की वस्तुएं आदि दान की जा सकती है वहीं गर्म ऊनी वस्त्र के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुओं का दान भी किया जा सकता है। 15 जनवरी को प्रातः काल से लेकर के दिवस पर्यंत दान पुण्य की प्रक्रिया की जा सकती है।

### अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा और संजय दुबे ने ड्रेनेज लाइन पर भी चर्चा के साथ

# निमार्णाधीन और प्रस्तावित कार्यों पर समीक्षा कर कार्य स्थल का निरीक्षण

### अपर मुख्य सचिव ने संभाली ड्राइविंग सीट, दूसरे अपर मुख्य सचिव ने फ्रंट सीट से देखी व्यवस्थाएँ

दैनिक अवन्तिका उज्जैन

अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजोरा और अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने सिंहस्थ 2028 के निमार्णाधीन स्थल पर जाकर निरीक्षण किया। सिंहस्थ कार्यो के निरीक्षण की शुरूआत शनि मंदिर से हुई। यहां पर निमार्णाधीन ब्रिज और सड़क की जानकारी ली और किस प्रकार से भीड़ प्रबंधन किया जाएगा और आगामी प्रस्तावित कार्यों से क्या लाभ होगा इसकी भी समीक्षा की।

इसके बाद अपर मुख्य सचिव ने दो तालाब से बनने वाले फोरलेन, लालपुल के पास बन रहा है। फोरलेन ,प्रस्तावित मेला कार्यालय, नवीन सर्किट हाउस स्थल और उसकी कार्य योजना का भी निरीक्षण किया और इसी के साथ मेला क्षेत्र में लाइटिंग और अन्य मार्गो के प्रस्तावित योजना की भी समीक्षा कर निरीक्षण भी किया ।

निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य सचिव श्री राजेश राजोरा ने कहा कि सभी प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण सतर्कता के साथ किया जाए और यह देखा जाए कि सिंहस्थ के दौरान इनकी उपयोगिता किस प्रकार से होगी। इसी के साथ अस्थाई रूप से बनने वाले मेला क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। नईखेडी तक बनने वाले रोड के संबंध में भी निरीक्षण कर आवश्यक बातें नोट की।



इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने सभी प्रस्तावित कार्यों पर गहन परीक्षण और विचार करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही दोनों अपर मुख्य सचिव ने कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करें कि सिंहस्थ 28 के लिए सभी कार्य समय पर और गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण हो जाए। यदि किसी निर्माण काम में देरी या समस्या आ रही है तो उसकी तात्कालिक रूप से जानकारी लेकर सूचित करें।

अपर मुख्य सचिव द्वारा जल संसाधन विभाग के द्वारा बनाए जा रहे कान्ह नदी डायवर्सन के लिए बनाई जा रही टनल का भी नीचे उतर का निरीक्षण किया और कार्य योजना की पूर्ण जानकारी ली। इस अवसर पर बताया गया कि टनल का काम लगभग 50% पूर्ण हो चुका है।

अपर मुख्य सचिव द्वारा एक ही गाड़ी में बैठकर निरीक्षण किया गया। जिसमें अपर मुख्य सचिव से संजय दुबे ने स्वयं की गाड़ी चलाई और गाड़ी की फ्रंट सीट पर श्री राजौरा बैठे। उनके साथ पीछे की सीट पर बैठकर कलेक्टर द्वारा सभी कार्य योजना की जानकारी दी जाती रही ।

अपर मुख्य सचिव ने निरीक्षण के बाद समीक्षा के दौरान कहा कि कार्य योजना को तार्किकता के साथ प्रस्तुत की जाए जिससे प्रस्तावित कार्यों को जल्दी ही मंजूरी मिल सके ।

इसी के साथ सिंहस्थ मेला क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सीवर ट्रीटमेंट और ड्रेनेज लाइन पर भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री संतोष टैगोर, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट और अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# दशहरा मैदान पर 1500 विद्यार्थियों ने किया सूर्य नमस्कार

## दशहरा मैदान पर जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सामूहिक सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम इस बार दशहरा मैदान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनप्रतिनिधियों के साथ 1500 विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम दशहरा मैदान पर हुआ। इसके साथ साथ सभी स्कूलों कॉलेज में भी सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। लोक शिक्षण संचालनालय के निदेर्शानुसार सोमवार को दशहरा मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 1500 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ प्रदेश से प्रसारित रेडियो कार्यक्रम अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार किया। प्रातः 9 से 10.30 तक चले कार्यक्रम में सभी जिला अधिकारी भी सम्मिलित हुए हुए। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम सभी विकासखंड के उत्कृष्ट विद्यालय में स्थानीय जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हो रहे हैं। वहीं शेष सभी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को रेडियो कार्यक्रम अनुसार सूर्य नमस्कार होगा ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एस पी प्रदीप शर्मा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।





**सीएम बोले– नशा छोड़ो, योग और अध्ययन को जीवन का हिस्सा बनाओ**

राजधानी भोपाल के सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के साथ स्वयं सूर्य नमस्कार किया और युवाओं को संबोधित करते हुए नशे और गलत आदतों से दूर रहने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का युवा तेजी से नशे और बुरी आदतों की ओर बढ़ रहा है, जो समाज और भविष्य दोनों के लिए चिंता का विषय है।

## सिंहस्थ 2028 की तैयारियां देखने उज्जैन पहुंचे अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में प्रशासनिक गंभीरता और मैदानी निगरानी का एक दृश्य उस समय देखने को मिला, जब अपर मुख्य सचिव संजय दुबे स्वयं वाहन चलाते हुए सिंहस्थ के प्रमुख प्रोजेक्ट स्थलों का निरीक्षण करते नजर आए। उनके साथ फ्रंट विंडो सीट पर अपर मुख्य सचिव राजेश राजोरा बैठे रहे, जबकि पिछली सीट पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी देते रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इस तरह प्रत्यक्ष स्थल भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा किया जाना प्रशासनिक स्तर पर पहली बार देखने को मिला, जिसने सिंहस्थ 2028 को मिशन मोड में लेने का स्पष्ट संकेत दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया

**उज्जैन।** जिले को कुपोषण मुक्त बनाने तथा मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट संवर्धन के अंतर्गत जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ शनिवार को सेन्टर फॉर एडवांस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट,में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्रेयांस कूमट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, डॉ. अशोक कुमार पटेल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में आरबीएसके एएमओ, स्टॉफ नर्स, पोषक प्रशिक्षक, सीएचओ, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सीआरपी शामिल हुए। कलेक्टर के निर्देशन में व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन के सौजन्य से प्रोजेक्ट संवर्धन का क्रियान्वयन स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं एन.आर.एल.एम. के माध्यम से किया जा रहा है।

### सोयाबीन में 100 रुपए की गिरावट

**उज्जैन।** मंडी में सोयाबीन के भाव में 100 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है, जिसे भाव का करेक्शन माना जा रहा है। पिछले पांच दिनों में सोयाबीन के भाव में 600 रुपए की वृद्धि हुई थी। विदेशी सोयाबीन की आवक में देरी के कारण स्थानीय प्लांट अधिक स्टॉक कर रहे हैं। शनिवार को सोयाबीन की खरीदी 5100 से 5125 रुपए प्रति क्विंटल पर हुई।

इस वर्ष प्लांट वालों ने बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदी है, जबकि आम व्यापारी और मोटर बिल्टी का व्यापार करने वाले सीजनभर व्यापार नहीं कर पाए। उज्जैन मंडी में 90% सोयाबीन की खरीदी प्लांट वालों द्वारा की जा रही है, जिससे अन्य व्यापारियों को व्यापार नहीं मिल रहा। कारोबारी आशीष मेठी के अनुसार सोयाबीन के भाव में गिरावट का कोई ठोस कारण नहीं है। मंडी में 5000 बोरी की आवक हो रही है।

# जानलेवा चाइना डोर से पतंग उड़ाते हिरासत में आये 2 युवक

## मकर संक्रांति से पहले पुलिस का तेज हुआ अभियान



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

प्रतिबंधित जानलेवा चाइना डोर से पतंगबाजी हो रही है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अब पतंग उड़ाने वालों की धरपकड़ शुरू कर दी है। दो युवको को चाइना डोर से पतंग उड़ाते हुए गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ड्रोन और दूरबीन के माध्यम से भी छतों से पतंग उड़ाने वालो की निगरानी कर रही है।

चाइना डोर पर नवंबर माह के अंतिम सप्ताह में पतंग बाजी के पर्व मकर संक्रांति को देखते हुए प्रतिबंध लगा दिया गया था। जिसके बाद पुलिस दुकानों और चाइना डोर बेचने वालों की धरपकड में लग गई थी। एक दर्जन से अधिक युवकों को गिरफ्तार कर उनसे 100 से अधिक रील प्रतिबंधित डोर की बरामद की गई थी, लेकिन चाइना डोर बेचने वालों ने कई रील पतंगबाजो को ठिकाने लगा दी थी। जिसकी वजह से छह लोगों के गले कट चुके हैं। अब पुलिस ने प्रतिबंधित जानलेवा डोर से पतंग उड़ाने वालों को पकड़ना शुरू कर दिया है।

### चाइना डोर की रील बरामद

इस अभियान में चिमनगंज थाना पुलिस ने तिरुपति एवेन्यू गार्डन से पतंग बाजी कर रहे युवक चित्रांश पिता इंद्र कुमार सक्सेना को पकड़ा है। जिसके पास से प्रतिबंधित डोर बरामद की गई है। एक युवक मोहन नगर क्षेत्र से पतंगबाजी कर रहा था निगरानी कर रही पुलिस वहां तक पहुंची तो उक्त युवक के पास से भी चाइना डोर की रील बरामद हो गई। युवक ईशान पिता बसंतीलाल शर्मा निवासी मोहन नगर था। पुलिस ने उसे भी हिरासत में लिया और जानलेवा डोर जप्त कर ली। दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 का प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी गजेंद्र पचोरिया ने बताया कि पूरे क्षेत्र में एक टीम लगातार प्रतिबंधित डोर तलाश कर रही है और पतंग बाजी करने वालों पर नजर रखी जा रही है, ताकि क्षेत्र में किसी के साथ गंभीर घटना घटित ना हो।

### पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

जानलेवा और घातक साबित हो चुकी चाइना डोर को लेकर पुलिस द्वारा पूरे शहर में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है और अनाउंसमेंट कर चाइना डोर से पतंगबाजी नहीं करने की हिदायत भी दी जा रही है। पुलिस द्वारा कई दो पहिया वाहन चालकों की गाड़ियों पर एंटी डोर प्रोटेक्टर भी लगाए गए हैं। पतंग बाजी करने वालों के परिजनों को भी घर-घर जाकर समझाइए दी जा रही है। अब दो दिनों तक पुलिस प्रतिबंधित डोर को लेकर पूरी तरह से अलर्ट दिखाई देगी।

### 14-15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व

नगरी में मकर संक्रांति का पर्व पतंग उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस बार मकर संक्रांति 14 और 15 जनवरी को मनाई जाएगी। जहां श्रद्धालु आस्था का नहान करने शिप्रा नदी पहुंचेंगे, वही पतंगबाजी से आसमान रंग बिरंगा दिखाई देगा। पर्व में चाइना डोर का खलल ना पड़े इसको लेकर पुलिस लगातार मैदान में दिखाई दे रही है।

### पुलिस ने पतंगबाजो को दिलाई शपथ

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में सोमवार को महाकाल थाना पुलिस द्वारा पतंग बाजार और आसपास के क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को जागरूक किया और चाइना डोर से पतंग नहीं उड़ाने की शपथ दिलाई। इस दौरान पतंग बाजार में खरीदारी के लिए पहुंच रहे युवकों और नाबालिगो को भी समझाइए दी गई और बताया गया कि चाइना डोर घातक और जानलेवा है। आम लोग ही नहीं पशु पक्षी भी इसका शिकार हो रहा है। पतंग डोर का कारोबार करने वाले दुकानदारों के साथ सैकड़ो युवाओं ने चाइना डोर से पतंगबाजी नहीं करने की बात कही।




# निगम सभापति कलावती यादव ने कृषि रथ को प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक विकासखंड में एक-एक रथ शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए भेजा गया है। इसी तारतम्य में नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा रविवार सुबह जिले के विकासखंड उज्जैन के कृषि रथ को झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री शोभाराम मालवीय,श्री संजय अग्रवाल,श्री वीरेंद्र आंजना , श्री दीपक चौधरी भी उपस्थित रहे । कृषि रथ के साथ-साथ में एक तकनीकी दल जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक सहित सभी विभागों के विकासखंड स्तरीय अधिकारी रहेंगे जो अपने-अपने विभाग की जानकारी से किसानों का अवगत कराएंगे। साथ ही कृषि में नवीन तकनीकी के संबंध में किसान भाइयों को जानकारी देंगे।

### विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित

इस अवसर पर संचालक कृषि यू. एस. तोमर, कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक दीक्षित ,कार्यालय के सहायक संचालक कमलेश राठौर, गंगाराम मूवेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री सुबोध पाठक , कृषि अभियांत्रिकी के सहायक यंत्री पी. सी. सिसोदिया और सभी संबंधित विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# चरण पादुका यात्रा निकली हेलिकॉप्टर से बरसाए फूल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर महानगर का प्रत्येक बस्ती क्षेत्र रविवार को हिंदू सम्मेलन का साक्षी बना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत इन सम्मेलनों का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।


दास हनुमान बगीची से शाम को निकली चरण पादुका यात्रा में जय सिया राम बाबा और हनुमानजी के जयघोष से माहौल गुंजायमान रहा। चरण पादुका यात्रा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु श्रद्धा भाव को नाचते-गाते, झूमते-थिरकते नजर आए। ढाई किलोमीटर लंबे यात्रा मार्ग पर 200 से अधिक स्थानों पर स्वागत मंच और तोरण द्वार लगाकर कहीं पुष्प वर्षा, कहीं फलाहार वितरण, कहीं प्रसाद वितरण के नजारे देखने को मिले। इस यात्रा ने पश्चिम क्षेत्र ही नहीं शहर में निकलने वाली धार्मिक यात्राओं के मामले में नया कीर्तिमान रच दिया। सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग परिवार सहित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने लगे थे।

# 2003 से 2025 की सूची का मिलान फिर भी नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

दमदमा निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिसों को लेकर दमदमा क्षेत्र के कई मतदाता परेशान हैं। इन मतदाताओं का रिकॉर्ड पूरी तरह सही है। वे साल 2003 की मतदाता सूची से भी जुड़े हुए हैं। इसके बावजूद नोटिस भेजे हैं। कारण यह है कि फॉर्म भरते समय उन्होंने 2003 की सूची की जानकारी की जगह 2025 की डिटेल भर दी।

अब नोटिस मिलने के बाद उन्हें पोलिंग बूथ पर जाकर दस्तावेज जमा कराने पड़ रहे हैं। वार्ड 52 के पोलिंग बूथ क्रमांक 213 पर इसको लेकर मतदाताओं और मौजूद टीम के बीच काफी देर तक बहस हुई। मतदाताओं का आरोप है कि फॉर्म भरते समय उन्हें न तो सही जानकारी दी गई, न ही 2003 की सूची से मिलान कराया गया। इसी कारण उन्होंने 2025 की सूची की जानकारी भर दी। सेवानिवृत्त सहायक उप संचालक कृषि बीके शर्मा ने बताया कि परिवार के सभी 7 सदस्यों को नोटिस भेजा गया। जब उन्होंने 2003 की सूची देखी, तो उनकी मेपिंग हो गई। तीन सदस्यों की मेपिंग करवा दी गई है। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान न तो 2003 की सूची दिखाई गई, न ही बीएलओ ने इसकी जानकारी दी। पड़ोस में रहने वाले रजनीश जैन भी नोटिस मिलने के बाद परेशान होते रहे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया जब उन्हें पुराने मतदाताओं को नोटिस मिलने की जानकारी मिली, तो वे खुद 2003 की सूची लेकर पोलिंग बूथ पहुंचे। वहां पहुंचे 28 लोगों का रिकॉर्ड 2003 की सूची में मिल गया। इससे साफ है कि सर्वे के दौरान मतदाताओं को 2003 की सूची की जानकारी नहीं दी गई।



# 15 जनवरी को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेंगे देश - विदेश के अनेक विद्वान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वीर भारत न्यास एवं श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा 14 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे श्री महाकाल महोत्सव के अंतर्गत शिव तत्त्व और श्री महाकाल पुरातिहास, साहित्य और संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 15 जनवरी, गुरुवार को होगा। इस संगोष्ठी में दस से अधिक देशों और भारत के बारह से अधिक राज्यों के विद्वान विषय के विविध पक्षों पर प्रकाश डालेंगे। इन देशों में मॉरीशस, नीदरलैंड, फीजी, यूएसए, यूके, आयरलैंड, नॉर्वे, स्वीडन, थाईलैंड, श्रीलंका और नेपाल आदि सम्मिलित हैं।



संगोष्ठी में भारत के राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, केरल, राजस्थान, गुजरात, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार, हिमाचल प्रदेश आदि के विशेषज्ञ विद्वान सम्मिलित होंगे। यह जानकारी सचिव श्रीराम तिवारी ने दी।

## शहर की अधिकांश पाइपलाइन 1990 के दशक में डाली गई थी और अब जर्जर स्थिति में

# इंदौर की घटना से सबक: 136 किमी नई पाइप लाइन डालेंगे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

इंदौर में हाल ही में गंदे पानी के चलते 21 लोगों की मौत ने यहां के नगर निगम और पीएचई विभाग को सतर्क कर दिया है। इसके बाद शहर में जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़े स्तर पर काम शुरू कर दिया है। पिछले 10 दिनों में नागझिरी कॉलोनी, आदर्शनगर सेक्टर बी, क्षीरसागर, पंवासा, सिंधी कॉलोनी और छत्री चौक सहित कई क्षेत्र व कॉलोनियों से गंदे पानी मिलने की शिकायतें आई थी।

यहां के लोगों ने बताया कि कई जगह पानी पीने योग्य तक नहीं आ रहा है। कुछ लोग फिल्टर पानी का उपयोग कर रहे हैं। इन शिकायतों को देखते हुए पीएचई विभाग ने पिछले 10 दिनों में 133 जगह लाइन में लीकेज चिह्नित किए हैं। इनमें से 115 जगह पर सुधार भी करवाया है। साथ ही वाल्व मरम्मत, ओवरहेड टैंकों की सफाई और जलभराव स्थलों पर भी काम किया है।

निगम द्वारा गंदे पानी की शिकायत करने हेल्पलाइन नंबर 9406801060 एवं 0734-2535300 भी जारी किए, जहां पिछले 10 दिन से लोग पानी से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज करवा रहे हैं। प्रभारी निगम आयुक्त के निदेर्शानुसार इन शिकायतों का समाधान 24 से 48 घंटों में किया जा रहा है। कई जगहों पर समस्या बनी हुई है, क्योंकि वहां कि पाइपलाइन की हालत काफी खराब है। ऐसी जगह जैसे महाश्वेतानगर, पांड्याखेड़ी में नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है।



### नाली का पानी लाइन में मिलने का खतरा

शहर की अधिकांश पाइपलाइन 1990 के दशक में डाली गई थी और अब जर्जर स्थिति में है। इसके अलावा शहर में लगातार हो रहे निर्माण कार्यों ने पाइपलाइन की स्थिति को और भी कमजोर कर दिया है। इस कारण नाली और मिट्टी का पानी जलप्रदाय की लाइन में मिलने खतरा बना हुआ है।

### 52 ओवरहेड टैंकों की जांच के बाद 40 साफ किए

पीएचई विभाग के अनुसार पिछले 10 दिन में ही 133 चिह्नित मरम्मत व लीकेज के कार्य में से 115 पूरे कर लिए हैं। टीम ने सुबह से शाम तक कार्य करते हुए पाइपलाइन लीकेज ठीक की, वाल्व की मरम्मत की और ओवरहेड टैंकों की सफाई की। नगर निगम ने जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए 52 ओवरहेड टैंकों की जांच की, जिनमें से 40 टैंकों की सफाई हो चुकी, 12 का सफाई कार्य चल रहा है।

### हरियाखेड़ी से होंगे नए कनेक्शन, बनेगा विकल्प

शहर को 34 साल बाद गंभीर डेम के विकल्प के रूप में हरियाखेड़ी प्रोजेक्ट मिलेगा। 1113.07 करोड़ की लागत से बनने वाली यह योजना सिंहस्थ 2028 के दौरान 30 करोड़ श्रद्धालुओं और 2047 तक शहरवासियों की जल आवश्यकताओं को पूरा करेगी। प्रोजेक्ट में 49,000 नए कनेक्शन होंगे।

लगभग 136 किलोमीटर नई क्लियर वॉटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी और 534 किलोमीटर वितरण नेटवर्क तैयार होगा। पांच जल शोधन संयंत्र और 17 नए ओवरहेड टैंक बनाए जाएंगे, जबकि 44 पुराने टैंकों को मजबूत किया जाएगा।

## कार्य में ढिलाई बरते जाने पर की जाएगी कठोर कार्रवाई

**इंदौर।** प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल पेयजल उपलब्ध करवाना नगरीय निकायों का दायित्व है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवास्था करें। किसी भी स्थिति में दूषित पेयजल स्पलाई न हो। यह बड़ी चुनौती है लेकिन गंभीरता से सामना करें जिससे देश में एक आदर्श प्रस्तुत हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के प्रवास से लौटने के बाद राज्य विमानतल के सभा कक्ष में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रांतव्यापी स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज-कॉलम



## ग्राम पंचायत निमनदड़ में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा ग्राम पंचायत निमनदड़ में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन खकनार, ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा दिनांक 12 जनवरी (सोमवार) को ग्राम पंचायत निमनदड़ में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 50 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान ऑल इज वेल हॉस्पिटल के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा मरीजों को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श प्रदान किया गया। साथ ही सभी मरीजों को मौसमी बीमारियों से बचाव एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सलाह दी गई। शिविर में मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप किया गया तथा ब्लड प्रेशर की जाँच भी निःशुल्क की गई। यह स्वास्थ्य शिविर ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में तथा हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला सराहनीय प्रयास बताया।

## चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा युवा दिवस मनाया गया




**मंडलेश्वर।** नगर के अग्रणी फामेर्सी संस्थान चरक इंस्टिट्यूट ऑफ फामेर्सी द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस व स्वामी विवेकानंद जी की 164 वी जयंती को 12 जनवरी को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस युवा दिवस के उपलक्ष में संस्था के शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा एक भव्य च्युवा चेतना रैलीज्ज का आयोजन किया गया, जो की अंबेडकर चौराहे से शुरू होकर मंडलेश्वर के मुख्य सड़क मार्गों से होते हुए पुनः अंबेडकर चौराहे पर समाप्त हुई उक्त रैली में विद्यार्थियों द्वारा युवाओं को संबोधित कर नारे लगाए गए। इस तारतम्य में समस्त शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी पर आधारित च्क्विजज्ज प्रतियोगिता आयोजित की गई उक्त प्रतियोगिता में प्रथम आदर्श पाटीदार , द्वितीय संचित चौहान व तृतीय ध्रुवराह मंडलोई स्थान पर विद्यार्थी रहे शिक्षक वर्ग में प्रथम स्थान पर ललित पाटीदार एवं भोलेनाथ बिरला द्वितीय स्थान पर रहे इसी कड़ी में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के अधिकारियों द्वारा च्राष्ट्रीय युवा दिवसज्ज पर विद्यार्थियों को समाज व देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया । उक्त आयोजन पर संस्था प्राचार्य डॉ डी.एस. बेले, अध्यक्ष डॉक्टर बद्री प्रसाद जी पाटीदार व डायरेक्टर श्री भगवान जी पाटीदार द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया व ऐसी गतिविधियों के भविष्य में आयोजन हेतु प्रेरित किया गया।

# आपदा प्रबंधन और वन्य प्राणियों के रेस्क्यू के लिए शासकीय कॉलेज के बच्चे होंगे तैयार

### कॉलेज और ईको वेलफेयर सोसाइटी के बीच हुआ एमओयू साइन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

आचार्य मंडन मिश्र शासकीय महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महाविद्यालय और ईको वेलफेयर सोसाइटी के बीच एक समझौता (एमओयू) हुआ है, जिसके तहत अब कॉलेज के विद्यार्थियों को पर्यावरण और सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ एमएस चौहान ने बताया इस साझेदारी के माध्यम से सोसाइटी के विशेषज्ञ सदस्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संवर्धन, आपदा प्रबंधन,भीड़ नियंत्रण, वन्य प्राणियों के रेस्क्यू जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित करेंगे। जिससे युवा पर्यावरण के प्रति जागरूक होंगे और एक ऐसी युवाओं की फौज तैयार होगी जो आपदा जैसी स्थितियों में प्रशासन और लोगों की समय पर सहायता कर सकेंगे। प्राचार्य चौहान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा इस अनुबंध से छात्रों को न केवल किताबी ज्ञान मिलेगा, बल्कि वे मैदानी स्तर पर पर्यावरण और समाज की सेवा करना भी सीख सकेंगे। युवा शक्ति जब पर्यावरण संरक्षण से जुड़ती है, तभी एक सुरक्षित भविष्य की नींव रखी जा सकती है।

सोसाइटी अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा वन्य जीव प्रकृति का अभिन्न हिस्सा हैं, इनके बिना हमारा जीवन खतरे में पड़ सकता है। वर्तमान समय की आवश्यकता है कि युवाओं में वन्य प्राणियों के प्रति भय खत्म हो। प्रशिक्षण से युवा पीढ़ी वन्य प्राणियों को अपना दुश्मन नहीं मानेगी। जिससे देश सेवा के साथ प्रकृति की सेवा का जज्बा युवाओं ने जागेगा।

सोसाइटी के सचिव महादेव सिंह पटेल ने कहा संस्था निमाड़ में कई वन्यजीवो का सफल रेस्क्यू कर चुकी है। महाविद्यालय के साथ हुए अनुबंध से अब पर्यावरण और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। पटेल ने बताया संस्था में रेस्क्यू और ईको विंग कार्यरत है। रेस्क्यू विंग में आपदा प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, वन्य प्राणियों का रेस्क्यू और प्रशिक्षण से जुड़े काम शामिल हैं। वहीं ईको विंग में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संवर्धन, जागरूकता अभियान चलाने जैसे काम शामिल हैं। पटेल ने कहा युवा अपनी रुची अनुसार किसी एक विंग को चुन कर प्रशिक्षण ले सकते हैं और संस्था की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। इस दौरान महाविद्यालय के आइक्यूएसई संयोजक डॉ ओएस परिहार, डॉ प्रवीर पांडेय, डॉ एसएस ठाकुर और डॉ संतोष बर्डे उपस्थित थे।

# नवलसिंह सहकारी शकर कारखाने में घोटाले और दबाव की राजनीति का आरोप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



नवलसिंह सहकारी शकर कारखाने में घोटाले और दबाव की राजनीति के आरोप लगे हैं। कारखाने के डेलीगेट उज्जवल पिता रामदास पाटील ने पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह 'शेरा भैया' पर अधिकारियों और प्राचार्यों को धमकाने का आरोप लगाया है। पाटील ने मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, आयुक्त सहकारिता, कलेक्टर और कारखाने के प्रशासक को सीधी शिकायत भेजकर प्रशासनिक हलकों में भूचाल ला दिया है।

पाटील का आरोप है कि पूर्व विधायक कारखाना अधिकारियों और कॉलेज प्राचार्यों को अपने घर बुलाकर धमका रहे हैं, ताकि फर्जी कर्मचारियों की जांच दबाई जा सके। उन्होंने 9 दिसंबर 2025 को जनसुनवाई में कारखाने में हो रही अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसके बाद से पूर्व विधायक ने अधिकारियों को अपने घर बुलाकर लाइन पर लाना शुरू कर दिया।

**चार 'भूतिया कर्मचारी' और 30 लाख का खेल**

सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि 2019 से 2024 तक चार ऐसे कर्मचारी कारखाने और कॉलेज में दिखाए गए, जिन्हें किसी ने काम करते नहीं देखा, लेकिन पूर्व विधायक के दबाव से उन्हें लगातार वेतन दिलवाया गया। इस फजीवाड़े में 25 से 30 लाख रुपए की हेराफेरी बताई जा रही है – और यह पैसा किसानों के पसीने की कमाई है। डेलीगेट ने यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व विधायक खुद कारखाने के डिफाल्टर रह चुके हैं, उनके कार्यकाल में कई अनियमितताएं हुईं और आज वे डेलीगेट भी नहीं हैं, फिर भी पीछे से पूरी व्यवस्था को कंट्रोल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# महाविद्यालय में नव मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

जिला निर्वाचन अधिकारी धार के निदेर्शानुसार शासकीय महाविद्यालय बाग में दो दिवसीय विशेष मतदाता पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य १८ वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नव मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना रहा है।

शिविर के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सखाराम भूरिया ने नव मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के आवेदन प्रारूप छह भरकर अपना नाम मतदाता सूची दर्ज करें एवं राष्ट्रीय निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नव मतदाताओं को प्रेरित किया। महाविद्यालय के नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्र माटे ने विद्यार्थियों को मताधिकार के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार है, लेकिन यह अधिकार तभी मिलता है जब हमारा नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज हो मतदाता सूची में नाम जुड़ने से नव मतदाताओ को लोकतंत्र की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी का अवसर मिलेगा तथा आगामी चुनावों में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। डॉ.महेंद्र रणदा ने विद्यार्थियों को आवेदन क्रमांक छह की संपूर्ण जानकारी भरकर वह अपने गांव के बी.एल.ओ. के पास जमा करने के लिए प्रेरित किया। शिविरों में बड़ी संख्या में नव मतदाताओं ने अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए ऑनलाइन, ऑफलाइन आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर को सफल



बनाने के लिए सुपरवाइजर मनीष राठौर, डॉ. अंजली जोशी, प्रो. पूनम, डॉ.सिकदार सिंह कन्नौज, सद्दाम पटेल, कर्मचारी गौरव गरोठिया, मेकसिंह डावर आदि का सहयोग रहा।

# हिन्दू सम्मेलन को लेकर बाग मुक्कमल बन्द रहा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिन्दू सम्मेलन के साथ समरसता भोज का आयोजन सम्पन्न हुआ।आयोजन को लेकर बाग हिन्दू सनातन समाज ने नगर में अपना अपना व्यापार यवसाय मुक्कमल बन्द रखा।इस अवसर पर युवाओं ने दोपहर में बाईक रैली निकाली गई।समरसता भोज में कोई ५ हजार लोगों ने भाग लेकर भोजन प्रसादी ग्रहण की।इस वस्त्र पर दोपहर में आयोजित सम्मेलन में संत सुरजपुरी महाराज, डॉ अनिता सोनी मनावर राष्ट्र सेविका समिति धार विभाग, बौद्धिक, सम्मेलन प्रमुख महेश राठौर समाज प्रमुख,भूपेंद्र राठौर धार विभाग बौद्धिक शिक्षण प्रमुख मुख्य वक्ता ने इस अवसर पर संघ के शताब्दी वर्ष के साथ हिन्दू समाज को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

प्रमुख वक्ता भूपेंद्र राठौर ने सनातन हिंदू धर्म को चिर पुरातन और नितनूतन बताते हुए कहा कि यह सारे जगत के कल्याण की भावना रखता है और प्रकृति पूजक है। उन्होंने भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा 'वसुधैव कुटुंबकम्' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' पर प्रकाश डाला। राठौर ने बताया कि डॉ. हेडगेवार ने अंग्रेजों द्वारा करोड़ों भारतीयों को गुलाम बनाए जाने की स्थिति को समझते हुए आजादी से पहले संघ की स्थापना की थी। उन्होंने महसूस किया कि देश की यह स्थिति हिंदुओं की निष्क्रियता और एकजुटता के अभाव के कारण उत्पन्न हुई थी।

प्रमुख वक्ता राठौर ने संघ के सौ वर्षों के देशप्रेम और सेवा कार्यों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संघ समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन जैसे पांच परिवर्तनों के माध्यम से समाज में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है।

महिला वक्ता अनिता सोनी ने भाषा, भूषा, भवन, भोजन, भजन और भ्रमण पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी भाषाओं का ज्ञान रखने के साथ अपनी बोली का उपयोग करने, आधुनिकता की नकल न कर स्वयं के अनुसार वेशभूषा चुनने और परिवार को एकजुट रखने पर जोर दिया। सोनी ने कहा कि भवन ऐसा हो जो हिंदू घर लगे, भ्रमण के दौरान तीर्थ दर्शन करें, समरसता के साथ सभी जातियों में मेलजोल हो और पर्यावरण संरक्षण हमारा परम दायित्व बने। उन्होंने यह भी कहा कि नारी ही परिवार की मुख्य धुरी है और वह संस्कारित राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। समापन पर भारत माता की आरती की गई।

## विधायक अर्चना चिटनिस ने शिकारपुरा थाना स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

**बुरहानपुर।** राजमाता जिजाऊ की जन्म जयंती के अवसर पर विधायक अर्चना चिटनिस ने शिकारपुरा थाना



स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि राजमाता जिजाऊ की प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए ३० लाख रुपए के विकास कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों में प्रतिमा की ऊंचाई बढ़ाना, परिसर का सौंदर्यीकरण, विद्युत पोल का स्थानांतरण और पुलिया निर्माण शामिल हैं। चिटनिस ने कहा कि राजमाता जिजाऊ नारी शक्ति, त्याग और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणास्त्रोत थीं। उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज को शौर्य, पराक्रम और देशभक्ति के संस्कार दिए। उनका जीवन हमें उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर चिटनिस ने क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं होगा। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित

बाग। स्वामी विवेकानन्द जी की 163 वी जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में सभी संस्थाओं में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित कर विकासखंड बाग में शिक्षकों , छात्र - छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक मनाई गई । 'माँ ' सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण कर विकासखण्ड स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार शासकीय कन्या हाय सेकंडरी स्कूल बाग में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी. एस. बघेल बीआरसीसी धर्मेंद्र सिंह ठाकुर प्राचार्य जानू भिड़े की उपस्थिति में संम्पन्न करवाया गया।


### संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर
### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि कम्युनिटी हाल लवकुश आवास विहार सुखलिया इन्दौर में श्री ए.के. श्रीवास्तव पिता श्री हरीशचंद्र श्रीवास्तव एवं श्री सतीश भल्ला पिता श्री कस्तूरीलाल भल्ला को कम्युनिटी हाल लवकुश आवास विहार सुखलिया म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा हस्तांतरित किया गया था। श्री ए.के. श्रीवास्तव पिता श्री हरीशचंद्र श्रीवास्तव का देहांत दिनांक 15.09.2025 को हो गया था। आवंटी श्री ए.के. श्रीवास्तव पिता श्री हरीशचंद्र श्रीवास्तव के मृत्यु उपरान्त उक्त सम्पत्ति के वैध वारिस के रुप में उनकी ब्याहता पत्नी श्रीमती आशा श्रीवास्तव एवं उनके दो पुत्र श्री अनुभव श्रीवास्तव एवं श्री अभिनव श्रीवास्तव तथा एक पुत्री श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव ही है। अन्य कोई वैध वारिस नहीं है। उक्त दस्तावेजों के आधार पर मंडल रिकार्ड से श्री ए.के. श्रीवास्तव पिता श्री हरीशचंद्र श्रीवास्तव का नाम विलोपित करने एवं श्री सतीश भल्ला पिता श्री कस्तूरीलाल भल्ला के नाम के साथ श्री अनुभव श्रीवास्तव पिता स्व.श्री ए.के. श्रीवास्तव एवं श्री अभिनव श्रीवास्तव पिता स्व.श्री ए.के. श्रीवास्तव का नाम जोड़ने एवं नामांतरण हेतु निवेदन किया गया है। जो कि विचाराधीन है। यहां यह भी उल्लेख है कि उक्त नामांतरण हेतु परिवार के अन्य सदस्यों की सहमति शपथ पत्र के माध्यम से दी गई है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री उत्तम पाटीदार पिता श्री पुंजा पाटीदार वार्ड नं. 79 पता- 64 आनंद फार्म हाउस पैकी भाग हुक्माखेड़ी इन्दौर पिन- 1003117894 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती उषा मालवीय पति श्री दिनेश मालवीय, 2- श्री दिनेश मालवीय पिता श्री किशोर कुमार मालवीय वार्ड नं. 79 पता- 64 आनंद फार्म हाउस पैकी भाग हुक्माखेड़ी इन्दौर पिन- 1003117894 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री विनय मौर्य पिता श्री रामचंद्र मौर्य वार्ड नं. 79 पता- 64 आनंद फार्म हाउस पैकी भाग हुक्माखेड़ी इन्दौर पिन- 1003117894 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### संपदा प्रबंधन म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र इंदौर
### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एम.आय.जी. लवकुश आवास विहार सुखलिया इन्दौर में श्री दिलीप वांगीकर पिता श्री दत्तात्रेय वामन वांगीकर को भवन क्रमांक ई-3/iv एम.आय.जी. म.प्र. गृह निर्माण मंडल द्वारा हस्तांतरित किया गया था। आवंटियों द्वारा उक्त भवन बजर्ये रजिस्ट्री के माध्यम से दिनांक 08.03.2025 को श्रीमती अनिल सिकरवार पति श्री मंगल सिकरवार को विक्रय किया गया एवं उनके द्वारा मंडल में अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया जो कि विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल इन्दौर**

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बडनगर (राज.), जिला उज्जैन, म.प्र.

**अपील प्रकरण क्रमांक 0148/अपील / 2025-26**
**प्रो.र.न. 1949/ 09.01.2026**

### पक्षकारों की तारीख पेशी और स्थान की सूचना

कैलाश पिता हरिराम जाति मोगिया निवासी ग्राम खरसोदखुर्द तहसील बडनगर -अपीलार्थी

**विरूद्ध**

मुन्नालाल पिता हरिराम जाति मोगिया निवासी 223 शिवकंठ नगर इन्दौर जिला इन्दौर गैर -अपीलार्थी

बनामः- मुन्नालाल पिता हरिराम जाति मोगिया निवासी 223 शिवकंठ नगर इन्दौर जिला इन्दौर

द्वारा- समाचार पत्र

एतद द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि अपीलार्थी कैलाश पिता हरिराम जाति मोगिया निवासी ग्राम खरसोदखुर्द तहसील बडनगर द्वारा भू राजस्व सहिंता 1959 की धारा 44 के तहत न्यायालय तहसीलदार, तहसील बडनगर के प्रकरण क्रमांक 0354/अ-27/2023-24 में पारित आदेश दिनाक 24.05.2024 से असंतुष्ट होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील की सुनवाई दिनांक 20.01.2026 को अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय बडनगर पर होगी। यदि निश्चित तारीख को आप स्वंय व न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील उपस्थित न हुऐ तो अपील में एक पक्षीय निर्णय किया जाएगा ।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज तारीख 09.01.2026 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बडनगर जिला उज्जैन**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-21
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री प्रवीण परमार पिता श्री कृष्ण कुमार परमार वार्ड नं. 79 पता- 312 ओमेक्स हिल्स निहालपुरमंडी इन्दौर पिन- 1001191016 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 21 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-21 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अर्जुन यादव एवं अन्य क्रेता- अश्विनी कौर पति जसवीरसिंह ठकराल वार्ड क्रं. 33 पता- 86 सीएल पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर इन्दौर पिन- 1000941898 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- विलायत पिता बशीर खान क्रेता- शेर बानू पति विलायत हुसैन, विलायत पिता स्व. बशीर खां वार्ड क्रं. 33 पता- पुराना 81, नया 89 आदर्श मौलिक नगर इन्दौर पिन- 1000938523 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-7
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- तारीक पिता गुलाम नबी खान क्रेता- मुकेश पिता रामलाल नंदेड़ा, नेहा पिता दिलीप कुमार वार्ड क्रं. 29 पता- भूखंड क्रं. 123 ए.बी.रोड प्र. 105 शेखर पैलेस स्कीम 54 इन्दौर पिन- 1000965205 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 7 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-7 नगरपालिका निगम इन्दौर**

### कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर झोन क्रमांक-15
### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री शिवलाल पिता पार्थाजी पता-636 स्कीम नं. 71 इन्दौर पिन- 1001239406 वार्ड क्रं. 19 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 15 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-15 नगरपालिका निगम इन्दौर**

## कुंती ने दुख क्यों मांगा



कहते हैं कि कुंती ने श्रीकृष्ण से कहा था, मेरे पास हमेशा दुख भेजते रहना। कृष्ण ने हंसकर कहा कि मैं जिस पर कृपा करना चाहता हूं, उसे दुख दे ही देता हूं। इसका क्या मतलब हुआ? लोग तो भगवान के पास सुख मांगने जाते हैं और यहां कृष्ण कहते हैं कि दुख ही मेरी कृपा है। दुख से दूर मत भागना। दुख यानी याद, अखंड स्मरण। इसलिए दुख की महिमा है। कुंती की बात एक साधारण सांसारिक स्त्री की याचना नहीं है, वरन एक भक्त की आह है, जिसके लिए भक्ति सबसे ऊपर है।

इस वातार्लाप का सार समझना हो, तो ओशो से ही समझ सकते हैं, क्योंकि यहां असली भक्त की बात हो रही है। जो भक्त भगवान से सांसारिक चीजें मांगने जाते हैं, उनकी नहीं। भक्त और भगवान का रिश्ता बहुत अद्भुत होता है। जो भगवान से सुख की प्रार्थना करता है, वस्तुतः वह भगवान को नहीं चाहता, उनसे मिलने वाले सुख के लिए प्रार्थना करता है। भगवान का उपयोग वह साधन की तरह करता है, साध्य तो सुख है। वह असली भक्त नहीं है। कृष्ण जैसा विराट पुरुष सामने हो, तो क्या कोई छोटा सा सुख मांगेगा? वहां तो कोई मांग बचेगी ही नहीं! जब सच्चा भक्त दुख की प्रार्थना करता है, तो उसका आशय है कि तुम्हारे द्वारा दिया गया दुख भी सुख से बड़ा है, क्योंकि दुख में हम तुम्हारी याद करते हैं। इस बहाने हम तुम्हारे करीब तो आए। यह दुख विरह का दुख है, जो प्रेम को प्रगाढ़ करता है, सारी क्षुद्रता को छोड़कर मन को साफ-सुथरा करता है। उसे विकसित करता है। दुख मांगने के और भी कई कारण हैं, जो बहुत मनोवैज्ञानिक हैं। सुख मन की तरंगें हैं। वे सांसारिक या मानसिक होती हैं। ऐसे सुख में कोई लंबी संतुष्टि नहीं मिलती और यह बड़ी जल्दी दुख में बदल जाता है। क्षण भर का होता है; आता है, चला जाता है। दुख में लंबाई है। सुख में लंबाई नहीं होती। दुख आता है, तो जाने का नाम लेता मालूम नहीं पड़ता। सुख में गहराई भी नहीं होती। सुख बहुत उथला होता है, इसलिए जिन्हें हम साधारणतः सुखी कहते हैं, वे हमेशा उथले हो जाते हैं। जो लोग दुख से गुजरते हैं, उनकी आंखों में, उनकी जिंदगी में एक गहराई होती है, जो साधारणतः सुखी आदमी की जिंदगी में नहीं होती। दुख मांजता भी है, निखारता भी है। दुख में अपने भीतर जाने के सिवाय कोई चारा नहीं होता। उसे हम दुनिया को नहीं दिखा सकते। इसलिए वह कुएं की तरह भीतर खुदाई करता है। सुख यूक्लिड के बिंदु की तरह है। बिंदु की परिभाषा है, जिसकी न कोई लंबाई, न कोई चौड़ाई होती है। ऐसा सतही जीवन किस काम का? इसीलिए कुंती ने दुख मांगा, जो अंततः आनंद में बदल जाता है।

**सम्पादकीय**

## प्रदूषण के खिलाफ

राष्ट्रीय पर्यावरण मानक प्रयोगशाला की शुरूआत पर्यावरण प्रबंधन को मजबूत बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। नई दिल्ली में शुरू किए गए इस प्रयोगशाला का मकसद आयातित उपकरणों और विदेशी प्रमाणन तंत्रों पर निर्भरता को कम करना है, क्योंकि कभी-कभी ऐसे उपकरण भारत की आबोहवा के अनुकूल साबित नहीं हो पाते हैं। इस प्रयोगशाला का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा भी कि अब भारत को प्रदूषण निगरानी से जुड़े उपकरणों के प्रमाणन के लिए विदेशी एजेंसियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और भारतीय जलवायु परिस्थितियों के अनुसार अब यहीं परीक्षण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस प्रयोगशाला की शुरूआत से सिर्फ प्रदूषण के खिलाफ हमारी लड़ाई मजबूत नहीं होगी, बल्कि दूसरे देशों पर निर्भरता कम होने से विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी और निवेशकों का भरोसा ज्यादा मजबूत होगा। इसकी एक वजह यह भी है कि इस प्रकार की राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं ब्रिटेन के अलावा सिर्फ भारत ही जुटा सका है। इसी कारण कयास लगाए जा रहे हैं कि इससे घरेलू विनिर्माण, स्टार्टअप और लघु व मध्यम उद्योगों को बल मिलेगा, जिससे परोक्ष रूप से भारत की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

ऐसे प्रयास की जरूरत देश को थी भी। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी ऐंड क्लीन एयर (सीआरईए) का बीते पांच वर्षों (2020 के कोविड-काल को छोड़कर 2019 से 2024 तक) का आंकड़ा बताता है कि देश के 44 फीसदी शहर एक लंबे समय से वायु प्रदूषण से जूझ रहे हैं। साल 2025 में तो असम-मेघालय सीमा पर स्थित बनीर्हाट सबसे प्रदूषित शहर आंका गया, जिसके बाद ही दिल्ली और गाजियाबाद का स्थान था। लंबे समय तक दूषित हवा में रहना कितना खतरनाक हो सकता है, इसका पता पिछले महीने सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी से चलता है कि साल 2022 से 2024 के बीच दिल्ली के छह सरकारी अस्पतालों में सांस की गंभीर बीमारियों के दो लाख से भी अधिक मरीज आए, क्योंकि देश की राजधानी प्रदूषण के बढ़े स्तर से लगातार जूझती रही है। इन सबके अलावा ऐसे तमाम आंकड़े हैं, जो बताते हैं, दूसरे देशों की तुलना में यहां स्थिति ज्यादा गंभीर है। ऐसे में, उन उपकरणों की जरूरतें भी बढ़ जाती हैं, जो मानव जीवन को वायु प्रदूषण के नुकसान से बचा सकें।

### सूर्य, संस्कृति और स्त्री: मकर संक्रांति का भारतीय स्वरूप

## सूर्य के उत्तरायण संग नारी चेतना का जागरण

जब शीत ऋतु की कठोरता के बीच सूर्य उत्तरायण होता है और अंधकार से प्रकाश की यात्रा आरंभ होती है, तब मकर संक्रांति केवल तिथि परिवर्तन का संकेत नहीं देती, बल्कि भारतीय चेतना के नवजागरण का उद्घोष करती है। यह पर्व ऋतु, कृषि, आस्था और सामाजिक एकता का संगम है। भारत जैसे सांस्कृतिक रूप से समृद्ध देश में मकर संक्रांति अनेक नामों और रूपों में मनाई जाती है, किंतु उसकी आत्मा एक ही रहती है। इन सभी रूपों को जीवंत बनाए रखने में महिलाओं की भूमिका केंद्रीय, सशक्त और प्रेरणादायक रही है। आधुनिक युग की व्यस्तता के बावजूद नारी शक्ति इस पर्व को परंपरा और परिवर्तन के संतुलन के साथ आगे बढ़ा रही है।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

मकर संक्रांति सूर्य उपासना का पर्व है, जो जीवन में सकारात्मकता, ऊर्जा और संतुलन का प्रतीक माना जाता है। यह वह समय है जब किसान नई फसल के आगमन का उत्सव मनाते हैं और समाज श्रम के सम्मान को स्वीकार करता है। महिलाओं के लिए यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि परिवार और समाज को जोड़ने का माध्यम है। वे घर की रसोई से लेकर सामुदायिक आयोजनों तक, हर स्तर पर इस पर्व की आत्मा को साकार करती हैं। उनकी सहभागिता से यह उत्सव भावनात्मक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनता है।

उत्तर भारत में मकर संक्रांति लोहड़ी और माघी के रूप में मनाई जाती है। पंजाब और हरियाणा में महिलाएँ अग्नि के चारों ओर घूमकर तिल, गुड़, मूंगफली और रेवड़ी अर्पित करती हैं। लोकगीतों की मधुर ध्वनि और गिद्दा-भांगड़ा की लय से वातावरण उल्लासपूर्ण हो उठता है। नवविवाहित बहुओं को विशेष सम्मान दिया जाता है, जो उन्हें परिवार की परंपरा से जोड़ने का प्रतीक है। यहाँ महिलाएँ सामूहिक उत्सव की धुरी बनती हैं और नारी शक्ति तथा सामाजिक एकता का सजीव उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।

पश्चिम भारत में यह पर्व महाराष्ट्र में मकर संक्रांति के नाम से हल्दी-कुंकू और तिलगुल की परंपरा से जुड़ा है। विवाहित महिलाएँ एक-दूसरे को तिल-गुड़ की मिठाइयाँ भेंट करती हैं और मधुर वाणी का संदेश देती हैं। घर-घर में सौहार्द और अपनत्व का वातावरण बनता है। नवविवाहित महिलाएँ विशेष पूजा करती हैं और पारंपरिक वस्त्र धारण करती हैं। यह पर्व महिलाओं के बीच आपसी सहयोग, सम्मान और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम बनता है।

मध्य भारत में मकर संक्रांति को सुकरात या सक्रात कहा जाता है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में महिलाएँ हल्दी-कुंकू की रस्म निभाती हैं, एक-दूसरे को आमंत्रित करती हैं और तिल-गुड़, खिचड़ी, लाई तथा लड्डुओं का आदान-प्रदान करती हैं। नदियों में स्नान, पूजा-अर्चना और दान-पुण्य की परंपरा सौभाग्य और पारिवारिक सुख की कामना से जुड़ी होती है। हाल के वर्षों में सामाजिक और सरकारी प्रयासों से यह पर्व महिला सशक्तीकरण और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी बन रहा है।

गुजरात में मकर संक्रांति उत्तरायण के रूप में मनाई जाती है। रंग-बिरंगी पतंगों से भरा आकाश उल्लास, स्वतंत्रता और आशा का प्रतीक बन जाता है। महिलाएँ भी पूरे उत्साह से पतंगबाजी में भाग लेती हैं और परिवार के साथ इस आनंद को साझा करती हैं। राजस्थान में यह पर्व सुहाग और सौभाग्य से जुड़ा है। सुहागिन महिलाएँ सास को वायना देकर आशीर्वाद लेती हैं, अन्य विवाहित महिलाओं को वस्त्र और श्रृंगार सामग्री दान करती हैं तथा सामूहिक भोज का आयोजन करती हैं। ये परंपराएँ महिलाओं की सामाजिक भूमिका और पारिवारिक संतुलन को उजागर करती हैं।

दक्षिण भारत में यही पर्व पोंगल, मकर संक्रांति/सुग्गी हब्बा, पेड्डा पांडुगा के रूप में मनाया जाता है। तमिलनाडु में महिलाएँ घर के आँगन में रंगोली बनाती हैं, सूर्य और प्रकृति की पूजा करती हैं तथा पोंगल पकाकर समृद्धि की कामना करती हैं। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में भी महिलाएँ पारंपरिक व्यंजन बनाकर पड़ोसियों के साथ साझा करती हैं। यहाँ यह पर्व प्रकृति और मानव के सह-अस्तित्व का उत्सव बन जाता है, जिसमें नारी की भूमिका सृजन और पोषण की प्रतीक के रूप में उभरती है।

आधुनिक युग में महिलाएँ इन परंपराओं को केवल निभा ही नहीं रहीं, बल्कि उन्हें नई चेतना से जोड़ रही हैं। वे स्वास्थ्यवर्धक व्यंजन तैयार कर रही हैं, पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैला रही हैं और सामाजिक सेवा को पर्व से जोड़ रही हैं। सामुदायिक दान, जरूरतमंदों की सहायता और सांस्कृतिक शिक्षण के माध्यम से वे मकर संक्रांति को व्यापक सामाजिक अर्थ प्रदान कर रही हैं। संचार माध्यमों के उपयोग से महिलाएँ युवा पीढ़ी को पर्व के महत्व से जोड़ने में भी सफल हो रही हैं।

परंपराओं को अगली पीढ़ी तक जीवंत रूप में पहुँचाने में माताओं की भूमिका निस्संदेह अमूल्य और आधारभूत है। वे बच्चों को केवल उत्सव की बाहरी चमक या औपचारिक रस्में निभाना ही नहीं सिखातीं, बल्कि सूर्य, कृषि, श्रम और प्रकृति के प्रति गहरे सम्मान तथा कृतज्ञता का संस्कार भी देती हैं। लोककथाओं की कथन-शैली, पारंपरिक गीतों की लय और पारिवारिक अनुष्ठानों की आत्मीयता बच्चों के मन में सांस्कृतिक स्मृति को स्थायी रूप से अंकित करती है। इसी निरंतर, स्नेहपूर्ण और अर्थपूर्ण शिक्षण के माध्यम से मकर संक्रांति मात्र वर्तमान का पर्व न रहकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक सशक्त सांस्कृतिक पूँजी और पहचान बन जाती है।

मकर संक्रांति—चाहे वह लोहड़ी के उल्लास में प्रकट हो, माघी की आस्था में सिमटी हो, उत्तरायण की उमंग में उड़ती हो, पोंगल की समृद्धि में ढली हो या सक्रात की परंपरा में रची-बसी हो—हर नाम और हर रूप में भारतीय संस्कृति की एक ही आत्मा विद्यमान है। इस आत्मा को जीवंत और सशक्त बनाए रखने वाली सबसे मजबूत कड़ी महिलाएँ हैं। उनकी आस्था, श्रम और संवेदना से यह पर्व समय और पीढ़ियों की सीमाओं को पार करता है। सूर्य के उत्तरायण होने के साथ नारी शक्ति भी समाज को प्रकाश, एकता और आशा की सकारात्मक दिशा में आगे ले जाती है। यही मकर संक्रांति की अनुपम, अप्रतिम और शाश्वत महिमा है।

## नैतिकता की तेरहवीं

गाँव के पुराने बरगद के नीचे कभी नैतिकता अपनी जड़ें जमाए बैठी थी, पर आज वहाँ कंक्रीट का वह 'विकास' खड़ा है जिसने संवेदनाओं की हरियाली को निगल लिया है। लाला घासीराम की मृत्यु कोई साधारण घटना नहीं थी, वह तो पतन की तमाम प्रजातियों के लिए 'कंटेंट' का एक महाकुंभ बन गया। जैसे ही लाला की सांसें थमीं, उनके सुपुत्र गजानन ने एम्बुलेंस बुलाने के बजाय 'लाइट्स, कैमरा, एक्शन' मोड में आकर अपना आईफोन निकाला और पिता की ठंडी पड़ती देह के साथ एक सेल्फी ली, जिसका कैप्शन था—'एंड ऑफ एन एरा'। गाँव में यह कहावत मशहूर थी कि 'बाप मरे अंधेरे में, बेटा खाए सवेरे में', पर यहाँ तो बेटा बाप की अर्थी को ही अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल की सीढ़ी बना रहा था। गजानन की आँखों में आँसू नहीं थे, बल्कि वह मन ही मन गणित लगा रहा था कि अंतिम संस्कार में कौन-कौन से वीआईपी आएंगे और उन सबके साथ 'चेक-इन' करने से उसकी साख कितनी बढ़ेगी। नैतिकता यहाँ उस टूटी हुई खाट की तरह कोने में पड़ी सिसक रही थी, जिस पर लाला ने अपनी आखिरी रात काटी थी। पतन का यह पहला बिंब था, जहाँ लहू के रिश्तों पर डिजिटल लाइक्स की परत चढ़ चुकी थी और 'शोक' अब केवल एक 'स्टेटस अपडेट' बनकर रह गया था।

तभी वहाँ 'रसीद-कट्टा' समाजसेवकों की एक पूरी जमात उतरी, जो लाला के घर को किसी बाजार की तरह तौलने लगी। इनमें प्रमुख थे 'परोपकार-भक्षी' दीनदयाल जी, जिन्होंने आते ही लाला की लाश के सिरहाने एक बड़ा सा बैनर टाँग दिया—'स्वर्गीय लाला जी की स्मृति में निःशुल्क शीतल जल सेवा'। बैनर इतना बड़ा था कि बेचारे लाला की देह उसके नीचे दब गई। दीनदयाल जी ने अपनी जेब से दो केले निकाले और एक फटेहाल भिखारी को कैमरे की तरफ मुँह करवाकर थमा दिए। फोटोग्राफर को बार-बार हिदायत दी गई कि 'दाता' का चेहरा बड़ा और 'याचक' की लाचारी गहरी दिखनी चाहिए। यहाँ 'नेकी कर दरिया में डाल' की लोकोक्ति दम तोड़ चुकी थी और 'नेकी कर फेसबुक पर डाल' का नया सरोकार जन्म ले चुका था। यह रुला देने वाला दृश्य था कि एक तरफ अर्थी सज रही थी और दूसरी तरफ लोग 'पुण्य के सेल्समैन' बनकर अपनी ब्रांडिंग कर रहे थे।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 13 जनवरी 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 07:14 सूर्यास्त 17:57
माघ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - दसमी 15:18 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - विशाखा 24:07 उपरांत अनुराधा
योग - शूल 19:05 उपरांत गण्ड
करण - विष्टि
चन्द्रमा - तुला में है। 17:21 पर वृश्चिक में प्रवेश करेगा।

**मेष-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ-** जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा।

**मिथुन-** संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। नए संपर्क बन सकते हैं।

**कर्क-** कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है। जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी।

**सिंह-** लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा। मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा।

**कन्या-** यात्रा सफल रहेगी। शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी।

**तुला-** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक-** निवेश शुभ रहेगा। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं। भरपूर प्रयास करें।

**धनु-** किसी की बातों में न आएं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा।

**मकर-** अचानक लाभ के योग हैं। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार में वृद्धि से संतुष्टि रहेगी।

**कुंभ-** नौकरी में जवाबदारी बढ़ सकती है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। उत्साह से काम कर पाएंगे। धनहानि हो सकती है।

**मीन-** किसी अपरिचित की बातों में न आएं। थोड़े प्रयास से ही काम सफल रहेंगे। मित्रों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा ( भरदीवाले ) 9926034545

**बिलासपुर घटना**

## साहित्यिक मंच पर सत्ता का दुरुपयोग



संदीप सृजन (दैनिक अवन्तिका)

हाल ही में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार के दौरान हुई घटना ने पूरे साहित्य जगत को हिला दिया। 7 जनवरी 2026 को ₹समकालीन हिंदी कहानीः बदलते जीवन संदर्भ₹ विषय पर सहित्य अकादमी, नई दिल्ली और विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक सेमिनार आयोजित किया गया था। जिसमें कथाकार मनोज रूपड़ा और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के बीच यह घटना हुई, जिसमें कुलपति ने रूपड़ा को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुए मंच से बाहर कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिससे साहित्य जगत में व्यापक आक्रोश फैला हुआ है। यह घटना न केवल व्यक्तिगत अपमान का मुद्दा हैं, बल्कि अकादमिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति की आजादी और साहित्यिक मंचों की गरिमा से जुड़ा हैं।

घटना की शुरूआत सेमिनार के दौरान कुलपति के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुई। प्रोफेसर चक्रवाल अपने भाषण में विषय से हटकर कुछ हास्यपूर्ण टिप्पणियां कर रहे थे। मंच पर बैठे मनोज रूपड़ा, जो सहित्य अकादमी द्वारा आमंत्रित अतिथि थे, ने कुलपति को कहा कि वे विषय पर केंद्रित रहें। कुलपति ने पहले रूपड़ा से पूछा कि क्या वे बोर हो रहे हैं, जिस पर रूपड़ा ने हामी भरी और कहा कि भाषण विषय से भटक रहा है। इससे कुलपति भड़क गए। उन्होंने माइक्रोफोन पर रूपड़ा को अपमानजनक शब्द कहे, जैसे कि उन्हें ₹समझ नहीं है कि कुलपति से कैसे बात करनी चाहिए,₹ और उन्हें तुरंत बाहर जाने का आदेश दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने आयोजकों को निर्देश दिया कि भविष्य में रूपड़ा को कभी न बुलाया जाए। इस दौरान मंच पर हंगामा मच गया, और कई अतिथि साहित्यकारों ने विरोध में सेमिनार बीच में ही छोड़ दिया।

मनोज रूपड़ा एक प्रतिष्ठित हिंदी साहित्यकार हैं, जिनकी कई कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी रचनाएं अधिकांश भारतीय भाषाओं में अनुवादित हैं, और वे वनमाली कथा सम्मान, इंदु शर्मा कथा सम्मान, पाखी सम्मान जैसे पुरस्कारों से सम्मानित हैं। रूपड़ा छत्तीसगढ़ के दुर्ग-भिलाई क्षेत्र से जुड़े हैं और वर्तमान में चित्रकला में भी सक्रिय हैं। वे सेमिनार में आमंत्रित अतिथि थे, जो सहित्य अकादमी की प्रतिष्ठा को दशार्ता है। दूसरी ओर, कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल गुजरात की सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी से हैं, जहां वे प्रोफेसर थे। घटना के बाद उन्होंने अपना बचाव किया और कहा कि मामला अधिक बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है।उन्होंने आरोप लगाया कि रूपड़ा उनके भाषण के दौरान फोन देख रहे थे और असम्मानजनक व्यवहार कर रहे थे। कुलपति ने कहा कि उन्होंने सिर्फ पूछा था कि क्या सब ठीक है या बोर हो रहे हैं, लेकिन रूपड़ा के जवाब से उन्हें मंच का अपमान लगा। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद, कई संगठनों ने रायपुर और बिलासपुर में विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति को हटाने की मांग की। यह घटना साहित्य, कला और संस्कृति के प्रति सम्मान की कमी को दशार्ती है। यह घटना पूरी तरह निंदनीय है क्योंकि यह अकादमिक मंचों पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है। साहित्यिक सेमिनार विचार-विमर्श के लिए होते हैं, न कि पदानुक्रम की प्रदर्शनी के लिए। कुलपति का व्यवहार अहंकारपूर्ण रहा, जो एक शिक्षण संस्थान के प्रमुख के लिए अनुचित है। रूपड़ा ने सिर्फ विषय पर केंद्रित रहने की सलाह दी, जो कोई अपमान नहीं था, बल्कि एक वैध टिप्पणी थी। कुलपति का उन्हें बाहर निकालना और अपशब्द कहना सत्ता के दुरुपयोग का उदाहरण है।

साहित्य जगत में यह घटना एक पैटर्न का हिस्सा लगती है। पिछले वर्षों में बुद्धिजीवियों पर हमले हुए हैं, जैसे डॉ. नरेंद्र दाभोलकर, गोविंद पानसारे, कन्नड़ लेखक कलबुर्गी और पत्रकार गौरी लंकेश की हत्याएं, जिनके पीछे कथित तौर पर कुछ संगठन थे। ऐसे में साहित्यकारों को सरकारी कार्यक्रमों में भाग लेने से पहले सोचना चाहिए। यह घटना साहित्य की स्वायत्तता पर सवाल उठाती है और युवा लेखकों को हतोत्साहित कर सकती है। इससे विश्वविद्यालय की छवि भी खराब हुई है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय का नाम संत गुरु घासीदास से जुड़ा है, जिनका संदेश ₹मनखे-मनखे एक समान₹ था, लेकिन यहां पदानुक्रम ने समानता को कुचल दिया। यह घटना साहित्य जगत में असहिष्णुता की बढ़ती प्रवृत्ति को दशार्ती है, जहां आलोचना को अपमान माना जाता है।

## समन्वय व आपसी तालमेल से फिर आगे बढ़ेगा - हमारा इन्दौर



हरिसिंह चौहान (दैनिक अवन्तिका)


जिस तरह मुंबई कभी भी थकता नहीं उसी प्रकार मिनि मुंबई इन्दौर है जो एक जगह ठहरता नहीं रुकता नहीं। क्योंकि अहिल्या बाई होलकर के पुण्य प्रताप से हर परेशानी दुःख तकलीफ के बाद फिर नई सुबह नई आशाएं लेकर आती है। लेकिन जो भी घटनाक्रम हुआ उसके बाद हर कोई ऐसा ही चाहता है कि जनसेवक व जनप्रतिनिधि गणों को यहां बात ध्यान रखना चाहिए कि ₹ ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए, औरन को शीतल करे, आपहू शीतल होय₹ संत कबीर दास जी ने जो बात कही वह हर समय सो आने सच है। क्योंकि यह मानवीय मूल्यों के लिए बहुत जरूरी है। अहंकार तो राजा रावण का नहीं रहा, राजनेताओं को मन वाणी व वचन पर ध्यान देना चाहिए। आपा खोने से परेशानी अपनी ही होती है। आपने व्यावहार के साथ साथ आपके व्यक्तित्व के लिए भी शुभ नहीं कहा जा सकता है, यहां बहुत हानिकारक है। मानव जीवन में गुस्सा बुराई का प्रतीक माना गया है, इस लिए बड़े धैर्य से व विवेकपूर्ण तरीके से अपनी बात रखना चाहिए। हर एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि गणों का कार्य है, सेवा करना आप का कार्यक्षेत्र में आप अपने शहर गांव के लिए हर समय जब खड़े रहते हो तो दुख-सुख के सारथी बनकर आप अपनी राजनीतिक को चला पाते हो। तो फिर इस तरह का बोलबाला क्यों। आपकी टिप्पणी से तो अपनों को भी दूर कर दिया जो हमेशा आप के ईर्द-गिर्द घूमते थे वह भी दूर से देखकर मौन है। जिसमें दूषित पानी से 21 लोगों की मौत भागीरथपुरा क्षेत्र इन्दौर में हुई। जहां जहरीले पानी से जो घटनाक्रम हुआ उस के बाद पूरे सिस्टम पर सवालिया निशान लगा दिया गया। इन्दौरियो में बहुत दुःख है, नेताओं का जो साथ उस समय भागीरथपुरा मामले मिलना चाहिए वह क्यों नहीं मिला? अपनों से यहां दूरियां ठीक नहीं, हर समय कोई भी मामला हो या परेशानी आती थी तब सभी मिलजुलकर विधायक संसद राजनेता पार्षद कार्यकृता एक-साथ मिलकर अपना फर्ज अदा करते थे। एक अकेला कोई भी विधायक या महापौर हो यह उस क्षेत्र का पार्षद समस्या का समाधान कैसे निकल पायेगा । इतना सजग नहीं या पूरे देश की मिडिया और ऊपर से लेकर नीचे हर एक महकमे में हलचल थी। ऐसे में इन्दौर की जनता ने हार नहीं मानी ना वह हातश हुई , आंखों में आसूं जरूर थे अपनों को खोने के बाद भी वह शासन प्रशासन के साथ सहयोग बनाए हुए हैं। लेकिन उसके उलट राजनेता राजनीतिक शह व मात की अपनी अपनी चाले चले जा रहे हैं। पक्ष के हो यहा विपक्ष सब के सब अपनी डफली अपना राग अलाप ने में लगे हुए हैं। लेकिन कमजोर कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कब करेंगे।

रहिमन धागा प्रेम का मत तोडो चटकाए। टूटे से फिर ना जुड़े गॉठ परि जाय। राज्य की शासन व्यवस्था में अगर कुछ खामियां हैं तो फिर उसे दूर करने हेतु आपसी सहमति सहयोग और तालमेल क्यों नहीं बैठाया गया था। क्योंकि अधिकारी प्रदेश सरकार के मंत्रीगण सरकार के शहरों के जिम्मेदार राजनेता या जनप्रतिनिधि महापौर पार्षद किसी की कोई सुनाते नहीं तो फिर एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा था? इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया गया। इतना ढीला-ढाला व्यावहार जिसमें कमजोरी ही कमजोरी नजर आ रही हो उस भागीरथपुरा के पार्षद कितने दिनों से शिकायत कर रहे थे फिर ध्यान नहीं दिया जाना बहुत दुखत बात है। खुले मंच पर इसी क्षेत्र के विधायक व वरिष्ठ केबिनेट मंत्री ने स्वयं प्रदेश के मुखिया के सामने यह बात कही कि शासन के अधिकारी नहीं सुनाते, और इस घटनाक्रम के बाद इन्दौर के महापौर ने भी यही बात कही। अब तो घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को मुख्यमंत्री के आदेश पर तत्काल प्रभाव से हटा दिया।

**धर्म-आस्था**


## साँई परंपरा : मानवता की अखंड साधना

भारत की आध्यात्मिक परंपरा केवल पूजा-पद्धतियों की श्रृंखला नहीं है, वह समय-समय पर मानवता को दिशा देने वाली चेतना की निरंतर यात्रा है। इस यात्रा में कुछ व्यक्तित्व ऐसे प्रकट होते हैं, जो धर्म की सीमाओं को लांघकर मनुष्य को मनुष्य से जोड़ते हैं। शिरडी के साईं बाबा और सत्य साईं बाबा इसी परंपरा की दो ऐसी उज्ज्वल कड़ियाँ हैं, जिन्हें करोड़ों लोग अवतार मानते हैं और उससे भी अधिक लोग उन्हें मानव कल्याण के महान पथप्रदर्शक के रूप में स्वीकार करते हैं। उनके युग, उनके साधन और उनके कार्यक्षेत्र भिन्न रहे, किंतु उनका लक्ष्य एक ही था—मानव के भीतर मानवता को जाग्रत करना।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

शिरडी के साईं बाबा उन्नीसवीं सदी के भारत में प्रकट हुए, जब समाज जाति, धर्म और निर्धनता के गहरे विभाजन से जूझ रहा था। एक छोटे से गाँव शिरडी में रहकर उन्होंने बड़े से बड़ा संदेश दिया। उनका जीवन सादगी, करुणा और धैर्य का प्रत्यक्ष उदाहरण था। ह्यसबका मालिक एकह्न उनका केवल वाक्य नहीं था, बल्कि जीवन-दृष्टि थी। वे मस्जिद में रहते थे, राम नाम का स्मरण करते थे और अल्लाह का भी। उनके लिए ईश्वर किसी एक धार्मिक पहचान में सीमित नहीं था। भूखे को भोजन, रोगी की सेवा और दुखी को सांत्वना—यही उनकी साधना थी। चमत्कार उनके जीवन में साधन नहीं, बल्कि आस्था को मजबूत करने का माध्यम थे। उन्होंने बिना प्रवचन दिए यह सिखाया कि श्रद्धा और सबूरी के बिना जीवन का संतुलन संभव नहीं।



सत्य साईं बाबा आधुनिक भारत के साक्षी बने। उनका समय औद्योगिक, तकनीकी और उपभोक्तावादी समाज का समय था, जहाँ सुविधाएँ बढ़ रही थीं, लेकिन संवेदनाएँ सिकुड़ रही थीं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनका जीवन ही उनका संदेश है। उनके विचार प्रेम, सत्य, अहिंसा, धर्म और शांति पर आधारित थे, किंतु उन्होंने इन्हें केवल शब्दों तक सीमित नहीं रखा। निःशुल्क सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, शिक्षा संस्थान, ग्रामीण जल आपूर्ति परियोजनाएँ और विश्वव्यापी सेवा संगठन—ये सब इस बात के प्रमाण हैं कि आध्यात्म संगठित सेवा का रूप भी ले सकता है। उन्होंने यह सिद्ध किया कि ईश्वर की आराधना का सबसे श्रेष्ठ मार्ग पीड़ित मानव की निस्वार्थ सेवा है।

इन दोनों महापुरुषों की कार्यशैली में अंतर अवश्य था। शिरडी साईं बाबा व्यक्तिगत संपर्क और करुणा के माध्यम से हृदय परिवर्तन करते थे, जबकि सत्य साईं बाबा ने संस्थागत सेवा के द्वारा समाज की संरचना को सुदृढ़ किया। एक औपनिवेशिक भारत का संत था, दूसरा स्वतंत्र भारत का मार्गदर्शक। फिर भी दोनों की चेतना एक ही स्रोत से निकली थी। दोनों ने यह संदेश दिया कि धर्म का वास्तविक अर्थ मानव को जोड़ना है, तोड़ना नहीं। ईश्वर मंदिर या मस्जिद में सीमित नहीं है, वह उस हाथ में है जो पीड़ा में किसी दूसरे का सहारा बनता है।

अक्सर यह प्रश्न उठता है कि वे अवतार थे या महात्मा। यह बहस अपनी जगह है, किंतु उससे अधिक महत्वपूर्ण उनके कार्य हैं। भारतीय दर्शन में कहा गया है कि जब-जब मानवता संकट में होती है, तब-तब कोई न कोई दिव्य प्रेरणा मार्ग दिखाने के लिए प्रकट होती है। शिरडी साईं बाबा ने व्यक्ति के अंतर्मन को जगाया, सत्य साईं बाबा ने समाज की चेतना को संगठित किया। एक ने हृदय को बदला, दूसरे ने व्यवस्था को संवारा।

आज जब समाज वैचारिक टकराव, धार्मिक संकीर्णता और स्वार्थ के दौर से गुजर रहा है, तब साईं परंपरा का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो जाता है। प्रेम करो, सेवा करो और सबमें ईश्वर को देखो—यह संदेश किसी एक संप्रदाय का नहीं, बल्कि समूची मानवता का है। यदि यह भावना जीवित है, तो साईं जीवित हैं। और यदि समाज इसे आत्मसात कर ले, तो भारत की आध्यात्मिक परंपरा केवल स्मृति नहीं, बल्कि जीवंत मार्गदर्शन बनी

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2000-2960 चना काबली- 2800-8560, चना बड़ा- 5341-6029, बटला- 1500-3840 बटला- 1500-3840, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 1800-6161, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 1,39,600, रवा- 1,39,500 चांदी- टंच- 2,40,700 पाट- 2,40,600।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मोड़ी व ननोरा में विशाल हिन्दू सम्मेलन, हजारों की उपस्थिति में दिया एकजुटता का संदेश

**सुसनेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को सुसनेर खण्ड के मोड़ी एवं ननोरा मंडल में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करना रहा। मोड़ी मंडल में आयोजित सम्मेलन में हिन्दू सम्मेलन के खण्ड संरक्षक पवन शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की ऐतिहासिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने समाज को संगठित करने, राष्ट्रभक्ति जगाने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हिन्दू समाज संगठित होकर देश और संस्कृति के विरुद्ध चल रहे षड्यंत्रों को समझे और उनका शांतिपूर्ण व संगठित रूप से सामना करे। कार्यक्रम में बैजनाथ मंदिर के पुजारी मुकेश पूरी एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रीति फाफरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों एवं हिन्दू एकता पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि समाज को तोड़ने वाले तत्वों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए, ताकि राष्ट्र और संस्कृति सुरक्षित रह सके। सम्मेलन में उपस्थित लोगों को पंच परिवर्तन का संकल्प भी दिलाया गया।

## चोरी कर फिरौती वसूलने वाला गिरोह पकड़ाया, तीन आरोपी गिरफ्तार



**देवास।** पुलिस ने चोरी और फिरौती वसूलने वाले एक गिरोह का रविवार को पदार्फाश किया है। कमलापुर थाना पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फिरौती की रकम 15,000 रुपए और चोरी की गई बाइक समेत कुल 1,35,000 रुपए का सामान बरामद किया है। यह कार्रवाई देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद के निर्देश पर की गई, जिन्होंने जिले में अवैध गतिविधियों और गलत तरीके से पैसे कमाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश दिए थे। इस गिरोह का खुलासा तब हुआ जब दिलीप पिता कल्याण जादव ने कमलापुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। दिलीप जादव ने 10 जनवरी 2026 को रिपोर्ट लिखवाई कि 7 जनवरी 2026 को उनके खेत के सामने से उनकी एचएफ डीलक्स बाइक (एमपी 09 बीएम 8783) चोरी हो गई थी।

जिले में निरंकुश पुलिस प्रशासन के चलते आरोपी हुए बेखौफ-पीड़ित असहाय दो दिन में मंदिरों से दूसरी वारदात, संत समाज में आक्रोश

# भुजरिया तालाब मंदिर से बड़ी चोरी, नकदी व चांदी के सामान पर किया चोरों ने किया हाथ साफ

### चोरों का शहर बनता जा रहा गुना, असंवेदनशील पुलिस प्रणाली पर खड़े हुए सवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

शहर सहित जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। हालात ऐसे हो गए हैं कि घर-दुकानों के बाद धार्मिक स्थल भी सुरक्षित नहीं हैं। बीजी रोड क्षेत्र में स्थित भुजरिया तालाब मंदिर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अज्ञात बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देकर शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे ऐसा लगता है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस असंवेदनशील है और अपराधी संवेदनशील हैं जिसके चलते गुना चोरों का शहर बनता जा रहा है। कुलमिलाकर जिले में निरंकुश पुलिस प्रशासन दिखाई दे रहा है और आरोपी बेखौफ घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। कानूनी चौपट व्यवस्था के चलते अब पुलिस भी सुरक्षित नही है विगत दिनों चांचौड़ा थाना प्रभारी मनोज कुमार मेहरा की लापरवाही के चलते क्षेत्र में उग्र भीड़ ने लाठी, डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। जिसमें पुलिस के दो जवान गंभीर रूपे से घायल हुए थे तो वही कई जवान चोटिल होने से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने चांचौड़ा थाना प्रभारी को 5 दिन बाद लाईन अटैच कर दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, बदमाश रात के समय मंदिर परिसर में घुसे और महंत के कक्ष को निशाना बनाया। चोरों ने यहां से करीब 1 लाख 75 हजार रुपये नकद, मंदिर में पूजा-पाठ के लिए उपयोग होने वाले चांदी के बर्तन



तथा महंत की चांदी की अंगूठी चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कुल कीमत तीन से साढ़े तीन लाख रुपये के बीच बताई जा रही है। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। रविवार सुबह जब महंत को घटना की जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत शहर कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि बदमाशों की पहचान की जा सके। इधर शुक्रवार-शनिवार रात भी जिला पंचायत कॉम्पलेक्स परिसर से तीन दुकानों में चोरी हुई है जिनमें से अज्ञात चोर लाखों रुपए का सामान ले उड़े।

#### एक वर्ष में मंदिरों से चोरी की यह तीसरी बड़ी वारदात

उल्लेखनीय है कि बीजी रोड क्षेत्र में यह दो दिन के भीतर मंदिर में हुई दूसरी चोरी है। इससे एक दिन पहले ही इसी इलाके में स्थित प्राचीन सिद्धि विनायक गणेश मंदिर में भी चोरी की घटना सामने आई थी। जिसमें युवक मंदिर से चांदी और पीतल का 50 किलो बजनी घटना सहित कीमती सामान चोरी कर ले गया। इस तरह लगातार हो रही इन वारदातों से संत समाज में गहरा रोष व्याप्त है। भुजरिया तालाब स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के महंत राघवेन्द्र दास महाराज ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। बीते एक वर्ष में मंदिर में चोरी की यह तीसरी वारदात है। इससे पहले भी दो बार चोरी हुई, लेकिन आज तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं हो सका। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा करने की मांग की है। महंत का कहना है कि यदि अब भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो संत समाज चुप नहीं बैठेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हर बार केवल औपचारिक जांच कर पुलिस लौट जाती है, लेकिन परिणाम सामने नहीं आते। मंदिरों में बढ़ती चोरी की घटनाओं ने न सिर्फ संत समाज बल्कि आम श्रद्धालुओं में भी असुरक्षा की भावना पैदा कर दी है। अब देखना होगा कि पुलिस इस मामले में कितनी जल्दी और कितनी प्रभावी कार्रवाई करती है।

# 48 घंटे में अंधे कत्ल का खुलासा: पत्नी ने प्रेमी संग रची हत्या की साजिश, हादसा दिखाने की थी कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास पुलिस ने सोमवार को महज 48 घंटे के भीतर एक अंधे कत्ल का खुलासा किया है। मामले में मृतक की पत्नी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप देने की कोशिश की गई थी, लेकिन सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों ने सच्चाई सामने ला दी।

यह घटना 8 और 9 जनवरी की दरमियानी रात की है। उज्जैन-देवास बायपास रोड पर नौशराबाद पशु हाट के पास एक व्यक्ति का शव सड़क पर पड़ा मिला था। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की पहचान देवास निवासी 42 वर्षीय राकेश मालवीय के रूप में हुई। शुरूआत में मामले को सड़क दुर्घटना दर्शाने का प्रयास किया गया। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के दौरान मिले साक्ष्यों से यह स्पष्ट हो गया कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या थी।

#### पत्नी की ऑफिस में कर्मचारी से दोस्ती थी

पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी




का अपने ही कार्यालय में कार्यरत युवक देवेंद्र यादव (पिता हटेसिंह यादव) से प्रेम प्रसंग था। पति को रास्ते से हटाने और बीमा क्लेम प्राप्त करने के उद्देश्य से पत्नी ने अपने प्रेमी और उसके दो साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी।

योजना के अनुसार, मृतक की पत्नी ने पहले पति को नींद की गोलियां खिलाईं। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर धारदार ब्लेड से उसका गला काटकर हत्या कर दी। हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए खून से सने कपड़े धोए गए।

हत्या के बाद आरोपियों ने शव को मृतक की बाइक के साथ उज्जैन-देवास बायपास पर फेंक दिया। उन्होंने बाइक में तोड़फोड़ कर घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया।

#### पूछताछ में पूरी साजिश स्वीकार कर ली

घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने मृतक की पत्नी से पूछताछ की। पूछताछ में उसने पूरी साजिश स्वीकार कर ली, जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में मृतक की पत्नी, देवेंद्र यादव (पिता हटेसिंह यादव) और उसके दो अन्य साथी शामिल हैं। पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है।

जनप्रतिनिधि,अधिकारी ठीक से नहीं कर पाए योग

## युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, छात्रों ने उत्साह से किए आसन

**देवास।** स्वामी विवेकानंद जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट विद्यालय देवास में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे-मातरम और मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन भी हुआ। यह आयोजन प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में भी सामूहिक सूर्य नमस्कार हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सभी प्रदेश वासियों को संबोधित किया। हालांकि, स्कूली विद्यार्थियों की तुलना में शहर के जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण सूर्य नमस्कार ठीक से नहीं कर पाए। वहीं, स्कूली बच्चों ने पूरे उत्साह और सही तरीके से सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का प्रदर्शन किया। कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी सूर्य नमस्कार की पूरी स्टेप नहीं कर पाए। मध्य प्रदेश में साल 2007 से शासकीय और अशासकीय विद्यालयों के माध्यम से सामूहिक सूर्य नमस्कार का यह कार्यक्रम बड़े पैमाने पर आयोजित होता रहा है।

## साबिर खान बने पत्रकार मीडिया परिषद के जिला अध्यक्ष



**भोपाल।** पत्रकार मीडिया परिषद् के प्रादेशिक सम्मेलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन आष्टा जावर जोड़ पर हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान संगठन की ओर से महत्वपूर्ण पदों की घोषणा की गई, जिसमें साबिर खान को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए पत्रकारों, पदाधिकारियों एवं अतिथियों की उपस्थिति रही। मंच से संगठन के प्रादेशिक पदाधिकारियों ने साबीर खान के नाम की घोषणा करते हुए उनके पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान, निष्पक्ष लेखन और संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष साबीर खान ने इस अवसर पर संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पत्रकारों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। उन्होंने पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सच पहुंचाने के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया तथा संगठन की भावी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन सफल आयोजन के साथ संपन्न हुआ।

गणतंत्र दिवस पर छात्रों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

# शिक्षण शिक्षा संघ ने की आशासकीय विद्यार्थियों के लिए सुविधाओं की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर आशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को समुचित सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर आशासकीय शिक्षण संस्था संघ इकाई सुसनेर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी को ज्ञापन सौंपा।

संघ ने कहा कि हर वर्ष गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पातीं, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जो विद्यार्थी मिडिल स्कूल (जनपद) स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हैं, उनके लिए भोजन की उचित व्यवस्था की जाए। वहीं कक्षा 1 से 5 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी मिठाई अथवा अल्पाहार उपलब्ध कराया जाए।

संघ का कहना है कि राष्ट्रीय पर्व जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर बच्चों को खाली पेट कार्यक्रम में बैठना पड़ता है, जो उचित नहीं है। संघ ने यह भी मांग की कि कार्यक्रम स्थल पर बच्चों के लिए सुरक्षित और पर्याप्त बैठक व्यवस्था की जाए। ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को जमीन पर बैठने के बजाय उचित स्थान प्रदान किया जाए। साथ ही पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कार्यक्रम के दौरान बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यक्रम समाप्ति के बाद उनके सुरक्षित घर लौटने की व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाए।

आशासकीय शिक्षण संस्था संघ ने प्रशासन से अपील की है कि राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर विद्यार्थियों की सुविधा और गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि बच्चे उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग ले सकें। इस अवसर पर नरेंद्र कुमार जोशी ,दिनेश जैन, सत्येन्द्र शर्मा ,गिरिराज पाटीदार, सुनील सोनी, महेश शर्मा, बनेसिंह, अंकित जैन, राहुल सोनी, राम गायरी, प्रेम पुष्पद, महेन्द्र मीणा, सुनील जाट आदि उपस्थित रहे।

कल मकर संक्रांति पर सुसनेर में छाएगी पतंगों की रंगीन छटा

# पतंगों से सजे बाजार, बन रहे तिल के लड्डू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर सहित अंचलभर में कल 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और परंपराओं के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर अभी से ही नगर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। बाजारों में रौनक लौट आई है और पर्व से जुड़ी सामग्रियों की खरीदारी तेज हो गई है। खासतौर पर पतंग, मांझा, गुड्डे-गुड़िया, रंगीन डोर, तिल, गुड़ और मूंगफली की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखाई देने लगी है। नगर के प्रमुख बाजारों में पतंगों की दुकानें सजी हुई हैं, जहां तरह-तरह की रंगीन और आकर्षक पतंगें उपलब्ध हैं। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी पतंग खरीदने में उत्साह दिखा रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक दुकानों पर चहल-पहल बनी रहती है। पतंगबाजी को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे अभी से छतों पर पतंग उड़ाने की तैयारी में जुट गए हैं। इधर घरों में भी महिलाओं द्वारा पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। परंपरा अनुसार तिल के लड्डू, पपड़ी, गुड़-चना, मूंगफली के व्यंजन और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए जा रहे हैं। इन पकवानों का विशेष धार्मिक और सामाजिक महत्व होता है। मकर संक्रांति पर



तिल और गुड़ के सेवन को शुभ माना जाता है, जिससे आपसी प्रेम और मधुरता बनी रहती है। महिलाएं एक-दूसरे के घर जाकर तिल-गुड़ बांटने की परंपरा भी निभाती हैं। मकर संक्रांति का पर्व सूर्य देव की आराधना और दान-पुण्य के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन सूर्य देव धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं, जिसे शुभ माना जाता है। श्रद्धालु प्रातःकाल स्नान कर भगवान सूर्य को अर्घ्य देते हैं तथा जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और तिल-गुड़ का दान करते हैं। नगर के मंदिरों में भी विशेष पूजन-अर्चन और धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां की जा रही हैं। पर्व के दिन नगर की छतों पर रंग-बिरंगी पतंगों से आसमान सजेगा और हर ओर उत्सव का वातावरण रहेगा। व्यापारियों को भी इस पर्व से अच्छी बिक्री की उम्मीद है। कुल मिलाकर मकर संक्रांति को लेकर सुसनेर नगर में उल्लास और उमंग का माहौल बन गया है।

# युवा दिवस पर विद्यालयों में किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी की अध्यक्षता में 12 जनवरी 2025 को मध्य प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी प्राचार्य रामबाबू पाटीदार एवं हरीश गुप्ता के सानिध्य में किया गया।

योग शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा, संतोष विश्वकर्मा, मयंक भावसार एवं गायत्री मालवीय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, अतिथियों एवं स्टाफ सदस्यों द्वारा रेडियो से प्राप्त संकेतों के आधार पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजा-अर्चना से हुई, तत्पश्चात शाला परिवार ने अतिथियों का मंगल तिलक एवं





पुष्पमालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने सूर्य नमस्कार के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी देते हुए इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में रामचन्द्र किरार जिला उपाध्यक्ष, पवन कुशवाह नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि, गिरिराज जुलानिया कमल झावा मांगीलाल अहिरवार ,रमेश चंद्र शर्मा महामंत्री, पत्रकारगण व शिक्षक शिक्षिकाओं की

#### इंगोरिया

स्वामी विवेकानंद जयंती पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंगोरिया प्रांगण में जनप्रतिनिधियों छात्र छात्राओं और शिक्षक गणों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार किया।

अतिथि वक्ताओं ने छात्रों को योग और प्राणायाम को नियमित अपनी जीवन शैली में अपनाने की सलाह दी। साथ ही उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के विचारों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान गीताभवन न्यास के सौजन्य से विद्यार्थियों को

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पंड्या, पूर्व मंडी अध्यक्ष विक्रम सिंह दाईजी, जिला सलाहकार समिति के शिवराम जाट, उपसरपंच जुझार केवट, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दुर्गेश कुमारिया, विजय प्रजापत, मनोहर चौहान और कान्हा सेन सहित ग्राम वासी उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्राचार्य महेश मालवीय ने आभार व्यक्त किया।

## विधानसभा क्षेत्र 164 में नो-मैपिंग मतदाताओं का सत्यापन शुरू

### जनपद पंचायतकर्मियों की लगाई ड्यूटी

**सारंगपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 164 में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नो-मैपिंग श्रेणी में दर्ज मतदाताओं का सत्यापन किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम रोहित बम्हौरे ने अधिनस्थ कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए है। एआरओ एवं जपं सीईओ हेमेंद्र गोविल ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण सारंगपुर के आदेश के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की आर्हता तिथि के मान से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मतदाताओं को जारी किये गये नोटिस, स्थानान्तरण अनुपस्थित तथा अन्य मतदाताओं के द्वारा प्रस्तुत दावा-आपत्तियों के सहयोग के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी कार्यालय जनपद पंचायत सारंगपुर कार्य समाप्ति तक लगाई गई है। जपं सीईओ गोविल ने अपील की कि नो-मैपिंग श्रेणी के सभी मतदाता तय तिथि और स्थान पर निवास, पहचान और पात्रता से जुडे दस्तावेज लेकर पहुंचें। इससे मतदाता सूची शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनेगी।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने खुदाबक्ष पिता छोहूशाह जाति मुसलमान निवासी ग्राम हासमपुरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके स्वत्वाधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 106/1 रकबा 0.71 हेक्टर मेसे जवासिया तरफ की 0.30 हैक्टर लगानी बरूये रेट की ग्राम हासामपुरा तहसील व जिला उज्जैन को मय जमीन तला एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का अनुबंध किया होकर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर बयाना राशि अदा कर दी है तथा मेरे पक्षकार को नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं।

इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूमि के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री अपने हित में करवा ली जावेगीं व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांकः 12/01/2026 उज्जैन

**ओमप्रकाश बंसल सर्विस प्रोवाईडर**
**सी-6 भरतपुरी काम्प्लेक्स उज्जैन**
**मोबा 94250-93456**

# रॉयल कालेज में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम





रॉयल इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड एडवांस्ड स्टडीज में स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय युवा दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मॉर्निंग स्टार ग्रुप ऑफ स्कूल के डायरेक्टर श्री कार्ल वार्ड, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के अनुराग लोखंडे एवं श्याम कुमार लालवानी ने गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

**युवाओं को स्वयं पर विश्वास करना होगा**

समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. मुरलीधर चांदनीवाला ने कहा, स्वामी विवेकानंद अंधविश्वास के घोर विरोधी थे। वे चाहते थे कि युवा स्वयं पर विश्वास करें। आज के समय में समाज में जो भी सकारात्मक परिवर्तन आना है, वह युवाओं के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने आह्वान किया कि युवाओं को अपने मस्तिष्क के साथ-साथ हृदय और शारीरिक क्षमताओं का शत-प्रतिशत उपयोग राष्ट्र निर्माण में करना चाहिए। उन्होंने स्वामी जी के साहित्य को पढ? की प्रेरणा देते हुए भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का स्वप्न साकार करने पर जोर दिया।

**डिग्री के साथ कौशल भी जरूरी**

विशिष्ट अतिथि श्री कार्ल वार्ड ने स्वामी जी के दर्शन–वेदों का ज्ञान, शांति और सह-अस्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कौशल विकास(स्न्नद्बद्यद्य ष्ठद्ग१द्गद्यशश्चद्वद्गठ्ठह्ल) पर जोर देते हुए कहा कि केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को अपने व्यक्तित्व को निखारने और समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. संदीप सिद्ध द्वारा किया गया। इस अवसर पर रॉयल कॉलेज से डॉ. आर.के. अरोरा (शिक्षा संकाय), डॉ. अमित शर्मा (वाणिज्य संकाय), डॉ. कल्पना पाटीदार (फामेर्सी संकाय), नितेश भारद्वाज (नर्सिंग संकाय) सहित समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन छात्र पीयूष देवड़ा ने किया।

## न्यूज-कॉलम

### बड़े साथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप का गठन

**मन्दसौर।** बड़े साथ ओसवाल जैन सोश्यल ग्रुप का गठन किया गया है। संगठन की प्रथम कार्यसमिति की घोषणा कर दी गई है। कार्यसमिति में प्रदीप कीमती व अजीत संघवी को संरक्षक, सुरेन्द्र लोढ़ा को संप्रेरक तथा विजय सुराना, राजूभाई संचेती, प्रेमेन्द्र चौरड़िया व सुनील तलेरा को मार्गदर्शक नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष अक्षय मारू, उपाध्यक्ष धीरज कांकरिया, कपिल नाहटा, वैभव दुग्गड़, महामंत्री राजेश सिंघवी, सहमंत्री राकेश दुग्गड़, अंकित कीमती, श्री पिंकेश चौरड़िया, कोषाध्यक्ष अनिल नाहर और सह कोषाध्यक्ष पारस जैन को मनोनीत किया गया है। वर्तमान में सदस्यता अभियान जारी है और शीघ्र ही एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

### जोशी परिवार ने किया श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक

**रतलाम।** श्री सनातन धर्म सभा रतलाम द्वारा बागड़ो का वास स्थित अगर जी के मंदिर में स्थित प्राचीन श्री चौमुखा महादेव की शिवलिंग के दैनिक अभिषेक योजना गति पकड़ती जा रही है। लगभग प्रतिदिन अब ना कोई शिव भक्त श्रद्धालु के द्वारा अभिषेक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज श्रीमती सपना पति मनोज जोशी निवासी डोंगरे नगर रतलाम ने सपरिवार भगवान श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक कर धर्म लाभ लिया गया । अभिषेक विधि पंडित श्री त्रिभुवन गणेश जी पंड्या द्वारा कराई जा रही हैं । इस अवसर पर अभिषेक योजना संयोजक श्री जुगल पंड्या समाज श्री अंकित मिश्रा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

### रतलाम में भैरव जी का ओटला तोड़ा

**रतलाम।** साक्षी पेट्रोल पंप के पास भैरव जी का मंदिर और नगर निगम की बाउंड्रीवॉल तोड़े जाने के विरोध में सोमवार सुबह हंगामा हो गया। निगम कमिश्नर के मौके पर नहीं पहुंचने से नाराज भाजपा पार्षदों और हिंदू संगठनों ने रतलाम सिटी फोरलेन पर जाम लगा दिया। भाजपा पार्षद वह हिंदू संगठन के पदाधिकारी 3 घंटे तक सिटी फोरलेन पर बैठे रहे। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम कमिश्नर के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक, मामला वार्ड नंबर 8 का है। यहां रविवार रात अज्ञात लोगों ने एक बगीचे की बाउंड्रीवॉल तोड़ दी। इतना ही नहीं, बाउंड्रीवॉल के पास स्थित भैरव जी का ओटला तोड़ दिया गया और अज्ञात लोग प्रतिमा भी वहां से ले गए।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**रतलाम।** सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन एवं एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व न्यायालय में लंबित अविवादित नामान्तरण एवं बंटवारे के प्रकरणों मे त्वरित आदेश पारित कर उनका निराकरण दर्ज करने के निर्देश दिए। सी एम हेल्पलाइन के प्रकरणों मे एल 1 स्तर पर ही शिकायतों का समाधान कर पोर्टल पर जवाब दर्ज करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुखों को दिये गये।

### युवा दिवस से प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान चलाया जायेगा

**रतलाम।** सुशासन और स्वराज के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य की प्राप्ति के लिये केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिये प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस से इस अभियान में ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिये अभियान ४ चरणों में चलाया जायेगा। अभियान में ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति और आवेदन/शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित होगा, जिसका एक नोडल अधिकारी होगा। सम्पूर्ण कार्यवाही सी.एम. हेल्पलाइन पोर्टल के माध्यम से संपादित की जायेगी। पोर्टल में एक प्रथम माड्यूल तैयार कर अधिकारियों एवं नागरिकों के लिए लॉगिन क्रिएट करने की सुविधा दी जाएगी ।संकल्प एवं समाधान अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, 2026 तक चलेगा।

# संकल्प से समाधान अभियान में 106 योजनाओं का लाभ पंचायत-वार्ड स्तर पर मिलेगा

## 26 जनवरी पर जिले में पहली बार फ्रंटलाइन वर्कर भी करेंगे मार्च पास्ट

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में सुशासन भवन स्थित सभागृह में साप्ताहिक अंतरविभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि संपूर्ण जिले में संकल्प से समाधान अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का प्रथम चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी तक तथा द्वितीय एवं तृतीय चरण 16 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पंचायत एवं वार्ड स्तर पर 106 जनकल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पंचायत-वार्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करें तथा प्राप्त आवेदनों का यथासंभव तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ मिल सके।

बैठक में कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पानी की टंकियों, निजी टंकियों, पाइपलाइनों, ड्रेनेज सिस्टम एवं जल स्त्रोतों की नियमित साफ-सफाई कराई जाए।

क्लोरीनेशन का दैनिक शेड्यूल तैयार किया जाए। साथ ही स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के जल स्त्रोतों की चरणबद्ध जांच कर नियमित अंतराल पर पेयजल की सफाई एवं जल परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले में पहली बार फ्रंटलाइन वर्कर भी मार्च पास्ट में भाग लेंगे। 26 जनवरी की तैयारियों के संबंध में 24 जनवरी को प्रातः 9 बजे फाइनल रिहर्सल आयोजित की जाएगी। बैठक में अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## जावद पुलिस ने 24 घण्टे में अपहर्ता को सकुशल किया बरामद

**नीमच।**10 जनवरी को फरियादी हीराबाई पति श्यामलाल जाति प्रजापत उम्र 42 साल निवासी सुवाखेडा ने अपने पुत्र अनिल के साथ थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी बहु चंदा माली को दोपहर 2 बजे एक गाडी वेन जिसमें सवार चार अज्ञात बदमाशो द्वारा उसके घर से अपहरण कर ले गये है। कि रिपोर्ट पर थाना जावद पर पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया बाद घटना के संबध में जिला पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक जिला नीमच श्री अंकित जायसवाल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधिकारी (पुलिस) श्रीमती निकिता सिंह के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में अपहर्ता की त्वरित बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया टीम द्वारा अपहर्ता की बरामदगी हेतु संभावित ठिकानो पर लगातार दबिश दी गई तथा अपहर्ता को निकुम्भ (राजस्थान) से सकुशल बरामद किया गया तथा प्रकरण से संबंधित एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया घटना में प्रयुक्त वाहन मारुति वेन को भी जप्त किया गया है। अपहर्ता के कथनो के आधार पर अन्य आरोपीगणो की पतारसी जारी है।

# मंदसौर जेल में बंद अफीम तस्करी के आरोपी की अस्पताल में मौत

## सीने में दर्द के बाद आया हार्ट अटैक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



जिला जेल में बंद एनडीपीएस एक्ट के एक विचाराधीन कैदी की सोमवार को इलाज के दौरान स्थानीय जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान विमल पाटीदार (33) निवासी बालागुड़ा के रूप में हुई है। जेल प्रशासन के अनुसार, कैदी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। नियमों के तहत इस मामले की न्यायिक जांच की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह विमल ने जेल में सीने में दर्द की शिकायत पर उसे उपचार हेतु जिला अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि वह अस्पताल के भीतर खुद चलकर गया था। ड्यूटी डॉ. दिव्यांशी गौर ने बताया कि जब मरीज आया तो उसका ब्लड प्रेशर काफी बढ़ा हुआ था। उपचार शुरू होने के कुछ देर बाद ही उसे अटेक आया। डॉक्टरों ने तत्काल सीपीआर दिया और वेंटिलेटर पर लेकर करीब एक घंटे तक जान बचाने की कोशिश की, लेकिन दोपहर 1 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार विमल पाटीदार को सीबीएन अवैध अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। वह ११ मार्च 2025 से जेल में बंद था। विमल बीपी का मरीज था और उसकी दवाइयां चल रही थीं। परिजनों के अनुसार ने बताया कि विमल अविवाहित था और अपने माता-पिता की इकलौती संतान था।

# समाज को संगठित रखने के लिए सम्मेलन आवश्यक



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

हिंदू धर्म में अनेक देवी देवता है जिसे जिस स्वरुप की पूजा करनी है वह करें। धर्म का मूल संदेश प्राणियों में सद्भावना और विश्व का कल्याण हो। सामाजिक समरसता पर जोर देते हुए पंच परिवर्तन के भाव को प्रत्येक नागरिक के जीवन में उतारने का आग्रह किया । 1925 में शुरू हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर कभी कहा जाता था कि हिंदू संगठित नहीं हो सकता किंतु आज वही संगठन भारत ही नहीं अपितु 50 से अधिक देशों में स्थापित है। संघ नागपुर से बाहर नहीं जाएगा यह धारणा समय के साथ टूट चुकी है। समाज को जागृत करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि एक रहोगे तो सुरक्षित रहोगे बटोगे तो कटोगे। केदारनाथ बस्ती में आयोजित हिंदू सम्मेलन में संत प्रकाश आनंद जी महाराज (बरखेड़ी भीलवाड़ा धाम) एवं मुख्य वक्ता विक्रम सिंह प्रचारक ने अपने उद्बोधन में उक्त बात कही । कार्यक्रम संयोजक गोवर्धन पटेल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मनीष मौर्य एवं उमेश अरोड़ा ने गीत प्रस्तुत किया ।उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक एवं महिलाएं उपस्थित थी।

सरस्वती पुरम पहाड़िया रोड पर संघ के शताब्दी वर्ष निमित्त आयोजित हिंदू सम्मेलन में युवा संत जितेंद्र गुरु कार्यक्रम संयोजक संतोष मेडतवाल (एडवोकेट), सह संयोजक डॉक्टर अश्विन गंगवाल ने कहा कि वर्तमान समय में जाति के भेदभाव को बुलाकर हम सभी को सिर्फ हिंदू बन जाना चाहिए ।हम सब एक हैं और हिंदू हैं सम्मेलन भी समरसता का भाव जगाने के लिए ही किया गया। हमें विश्व गुरु बनना है तो हम सभी हिंदुओं को एक होना चाहिए ।

डॉक्टर शशि मेहता डॉक्टर रत्नदीप निगम आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन में जिला अधिकारी यश जैन, नगर संयोजक धर्मेंद्र सिंह सिसोदिया, नगर कार्य वाहक आकाश भावसार, अनिल टाक, चिराग छाजेड़, महेंद्र अग्रवाल, प्रहलाद हाडा, अभिषेक अग्रवाल उपस्थित थे।

## नीमच में विराट हिन्दू सम्मेलन 13 जनवरी को आयोजित होगा

**नीमच।** शहर में हिन्दू चेतना और सांस्कृतिक एकता को नई दिशा देने के उद्देश्य से विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जय श्री राम के उद्घोष के साथ यह सम्मेलन हिन्दू राष्ट्र की संकल्पना, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक समरसता को साकार करने का संदेश देगा। आयोजकों के अनुसार, हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा और चेतना प्रदान करने के लिए यह आयोजन 13 जनवरी को प्रताप बस्ती में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 1 बजे नीमच सिटी रोड़ स्थित साँवलिया जी मंदिर से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा के साथ होगी। पारंपरिक वेशभूषा में निकली यह यात्रा पूरे क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और एकता का संदेश फैलाएगी। शोभायात्रा के पश्चात दोपहर 3 बजे बौद्धिक व्याख्यान आयोजित किया जाएगा, जिसमें हिन्दू समाज से जुड़े विषयों पर विचार रखे जाएंगे। इसके बाद सहभोज प्रसादी के आयोजन के साथ सम्मेलन का समापन सायं ५ बजे से श्रीनाथ मैरिज गार्डन, नीमच सिटी में होगा। आयोजकों ने शोभायात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं से विशेष वेशभूषा में आने की अपील की है। पुरुष वर्ग से कुर्ताझ्पजामा और मातृशक्ति से चुनरी या लाल साड़ी पहनकर सहभागिता निभाने का अनुरोध किया गया है, ताकि आयोजन की भव्यता और सांस्कृतिक पहचान और अधिक प्रभावशाली बन सके।

# राजस्व रिकॉर्ड के अभाव में अटक रहे नामांतरण

## जन संघर्ष समिति ने ज्ञापन देकर खोला मोर्चा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



रतलाम जिले के साथ ही तहसील में भी सन 1956-57 के राजस्व रिकॉर्ड के अभाव में जमीन,प्लाट व अन्य भूमि के नामांतरण नहीं हो पा रहे हैं।. इससे संबंधित व्यक्ति खासे परेशान हो रहै.।

उक्त समस्या को लेकर सोमवार को जन संघर्ष समिति द्वारा कलेक्टर के नाम एसडीएम सुनील जायसवाल को ज्ञापन सौंपा गया. ।जिसमें कहा गया है कि तहसील कार्यालय में सन 56-57 के रिकॉर्ड के आधार पर कई नामांतरण प्रकरण लंबित हैं।. जबकि मप्र भू राजस्व संहिता सन 1959 में लागु हुई. ।उसके पश्चात दान, रजिस्ट्री, वसीयतनामा, वंशानुक्रम आदि के आधार पर नामांतरण स्वीकृत हुए.। अब तहसीलदार द्वारा सन 56-57 के राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर नामांतरण करने का फरमान जारी किया गया है जो विधि विरुद्ध है और लोगों की परेशानी बढ़ने वाला है।

ज्ञापन में कहा गया है कि सन 56-57 के राजस्व रिकॉर्ड को लेकर सिर्फ रतलाम जिले में ही प्रतिबंध लगाया गया है जो की किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है.। पत्र में उल्लेख है कि पटवारी द्वारा कुछ मामलों में नामांतरण के आदेश होने के बावजूद अमल नहीं किया जाता है। यहां तक कि पटवारी रिपोर्ट भी महीनों तक नहीं लगाई जाती है। ज्ञापन में समिति पदाधिकारियों, सदस्यों ने हैरानी जताते हुए कहा कि जब ड्रोन सर्वे के माध्यम से रजिस्ट्री हो चुकी, फिर भी नामांतरण नहीं होना समझ से परे है। अगर कोई पीड़ित व्यक्ति इस बाबत 181 पर शिकायत करता है तो उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जाता है। पत्र में आगे कहा गया है कि रजिस्ट्रार कार्यालय में रजिस्ट्री होने के बाद अविवादित नामांतरण प्रक्रिया शुरू हो जानी चाहिए। ज्ञापन में मांग की गई है कि जिले में लगी उक्त रोक को अविलंब हटाई जाकर लोगों को राहत दी जाए। इस दौरान सुनील पोखरना, मनोज मेहता, शरद डूंगरवाल, अंकीत ललवानी, असलम मेव, जीतू मालवीय, अली जमान, मुकेश धाकड़, जगदीश सोलंकी, गुड्डू पठान, फरीद हुसैन, फैजान खान, सिकंदर मेव, अड्डू भाई, मुबारक मामा, मुजफ्फर शाह आदि मौजूद थे।



## कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए

**मजदूर कल्याण समिति के माध्यम से टीबी के मरीजों को क हजार फूड बास्केट हुए वितरित**

**मन्दसौर।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने कलेक्टर कार्यालय में मजदूर कल्याण समिति के माध्यम से टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित किए। जिले में टीबी मरीजों को एक हजार फूड बास्केट वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर मजदूर कल्याण समिति के अध्यक्ष करण सिंह परिहार एवं समिति के सदस्यों द्वारा जिले में संचालित पोषण आहार योजना के तहत टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरण की जानकारी दी गई। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को इस सराहनीय पहल के लिए प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अनुकूल जैन, सीएमएचओ डॉ. गोविंद चौहान, जिला क्षय अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

## बढ़ते सोने-चांदी के दामों के बीच सुरक्षा की चिंता, गशत बढ़ाने की मांग



**मन्दसौर।** स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक के नाम कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग रखी कि बढ़ते हुए सोने चांदी के दामों के कारण जो बदमाश प्रवृत्ति के लोग हैं वह जबरन व्यापारियों के यहां आकर विवाद करते हैं एवं लूटपाट चोरी की भी बहुत घटना बढ़ रही है। इसलिये पुलिस की रात्रि कालीन गस्त एवं दिन में भी एक पुलिस का फेरा बाजार में लगे जिससे व्यापारियों में किसी प्रकार का डर का माहौल नहीं रहे एवं सभी व्यापारी बिना भय से अपना व्यापार कर सके एवं बाजार में यातायात व्यवस्था को सुधार करने का भी इस ज्ञापन में मांग की है। इस ज्ञापन को लेकर मंदसौर स्वर्णकार सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय चौधरी, सचिव विशाल रुनवाल, कोषाध्यक्ष महावीर सोनी, वरिष्ठ व्यापारी के रूप में मांगीलाल सोनी, जयप्रकाश सोनी, घनश्याम सोनी, श्याम सोनी, अजय सोनी कॉलोनाइजर, कृष्णा सोनी, चंद्रशेखर सोनी, लक्ष्मीकांत कमलेश सोनी, गौरव सोनी आदि उपस्थित थे।

## युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन



**मन्दसौर।** स्वामी विवेकानंद की जयंती च्युवा दिवसज्‍ के अवसर पर सोमवार को संजय गांधी उद्यान में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, एसपी विनोद कुमार मीना और पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि सूर्य नमस्कार मस्तिष्क को स्वस्थ रखने का सशक्त माध्यम है। सूर्य नमस्कार में लगभग सभी आसनों का समावेश होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगीत वन्दे मातरम्‍ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मकर संक्रांति पर नीमच मित्र मंडल द्वारा दरिद्र नारायण सेवा का आयोजन

**नीमच।** १४ जनवरी को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर नीमच मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी च्दरिद्र नारायण सेवा झ नारायण सेवाज्‍ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद एवं दरिद्र महानुभावों को शुद्ध देसी घी से निर्मित स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजनों का भोजन (प्रसादी) कराया जाएगा। इस पुनीत आयोजन के माध्यम से समाज में सेवा, करुणा और मानवता के मूल्यों को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। नीमच मित्र मंडल के अध्यक्ष श्री विमल जैन सरावगी एवं वरिष्ठ सदस्य श्री सुरेन्द्र सेठी, ओमप्रकाश मंत्री, पारस कोटिफिड़ा, कमल जैन, सीताराम सैनी, कमल गर्ग, रूपाली पं., पंकज पारीक, अशोक जिंदल, महावीर शर्मा, पवन पारीक, विनीत, पाटनी अवंती लाल शर्मा, पंकज गोयल, सीताराम ग्वाला, लालू सैनी, सहित मंडल के समस्त सदस्यों ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य अवसर पर भोजन प्रसादी का लाभ लेकर इस सेवा यज्ञ का हिस्सा बनें। नीमच मित्र मंडल का यह आयोजन सामाजिक समरसता, मानव सेवा और भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठ परंपराओं का अनुपम उदाहरण है।

## नवीन चारभुजानाथ मंदिर का प्रथम पाटोत्सव व भागवत कथा आज से

**मन्दसौर।** स्थानीय धानमण्डी स्थित खांकी कुंआ के पास, श्री चारभुजानाथ राठौर धर्मशाला में नवीन चारभुजानाथ मंदिर के प्रथम पाटोत्सव एवं धर्मशाला के नवीन कमरों के लोकार्पण के उपलक्ष्य में सात दिवसीय च्भक्ति महोत्सवज्‍ का आयोजन आज 13 जनवरी से किया जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य आकर्षण भागवताचार्य पं. श्री ओमप्रकाश जी दवे होंगे, जिनके मुखारविन्द से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा की अमृत वर्षा की जाएगी। कचेलिया राठौर तेली समाज ट्रस्ट अध्यक्ष राजकुमार राठौर एवं समाज जिला अध्यक्ष सुरेश राठौर ने बताया कि आज 13 जनवरी, मंगलवार को प्रातः 10 बजे नवीन चारभुजानाथ मंदिर से निकलने वाली भव्य पोथी यात्रा के साथ होगा। 13 से 19 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 11,30 बजे से 3 बजे तक कथा का वाचन होगा। 16 जनवरी, शुक्रवार की शाम को विशेष सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव का समापन 19 जनवरी को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के साथ होगा जिसके तहत प्रातः 9 बजे अभिषेक, प्रातः 11.30 बजे महाआरती व नवीन कमरों का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित होगा। दोपहर तीन बजे पूणार्हुति व उसके पश्चात सायं 3 बजे प्रसादी होगी।



## पाडल्या में ग्राम पंचायत कमेटी का गठन

**सारंगपुर।** पाडल्या मंडलम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व कार्यकर्ता की सहमति से युवक कांग्रेस अध्यक्ष इल्यास मंसूरी को बनाया गया। वहीं ग्राम अध्यक्ष आमीन पठान, सचिव समीर मंसूरी, सूचना प्रभारी अंकित खत्री, पिछडा वर्ग अध्यक्ष राजकुमार पाल को बनाया गया। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त अध्यक्षो का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी द्वारा हार माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, राधेश्याम पाटीदार, फरमान मंसुरी, मोहन सौराष्ट्रीय, इश्वर सिंह, रज्जाक मंसूरी, रईश मंसूरी, इश्वर सिंह पाटीदार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गोद ली गई बालिकाओं को किया कंबल स्वेटर तथा मिठाई का वितरण



**महिदपुर रोड।** सर्व प्रयास संस्था की स्थानीय इकाई का गठन नागदा से आई संस्था की ज्योति श र्मा कुमुद ओझा (पायल) सीमा ओझा, सविता शर्मा, संध्या जटिया अनिता पंड्या अदि पदाधिकारियों की उपस्थिति में किया गया जिसमें स्नेहलता कांठेड़, हिमानी सेठिया, मोनिता पोरवाल, प्रमिला त्रिवेदी, हेमलता उपाध्याय को संस्था के विभिन्न दायित्व सौंपें गये संस्था द्वारा नगर के शासकीय विद्यालय में अध्यनरत गोद ली गई पांच बालि काओं को कंबल स्वेटर तथा तिल पापड़ी (मिठाई) का वितरण किया गया संस्था द्वारा निर्धन प्रतिभाशाली बालिकाओं को आर्थिक मदद उपलब्ध करवा कर उनके शैक्षणिक स्तर को निर्धन प्रतिभाशाली बालिकाओं को आर्थिक मदद उपलब्ध करवा कर उनके शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने में मदद की जाती है

## सीएम का उद्बोधन गांव गांव में पहुंचने वाले कृषि रथ का हरि झंडी दिखाई



**तराना।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष - 2026 के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर विकास खंड तराना में कृषि उपज मंडी परिसर से कृषि रथ को जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश राजोरिया ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना। कृषि समृद्धि वर्ष 2026 को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा भोपाल में किसानों को संबोधित किया गया। उक्त कार्यक्रम में कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी तराना के माध्यम से कृषि उपज मंडी तराना में वर्चवली कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का उद्बोधन सुनकर गांव गांव में पहुंचने वाले कृषि रथ का हरि झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य ओम प्रकाश राजोरिया पूर्व मंडी अध्यक्ष सौदान सिंह सिसोदिया,जिला पंचायत सदस्य ईश्वर सिंह जिगर, किसान नेता राम सिंह बडाल ,भाजपा नेता नाहर सिंह पवार ,भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत आंजना मदन चौहान एस डी एम ब्रजेश सक्सेना मंडी सचिव यादव कृषि विभाग से वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी दिनेश डोर सहित अधिकारी कर्मचारी गण एवं किसान उपस्थित थे।

## बॉस्केटबॉल में दीप्ती कांवेंट ने मारी बाजी खेलों एमपी युथ गेम्स तहत हुई प्रतियोगिताएं



**शुजालपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग की खेलों एमपी युथ गेम्स अन्तर्गत शुजालपुर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में रविवार को विभिन्न स्पर्धाए हुई। ब्लॉक समन्वयक हुकुमसिंह परमार ने बताया कि बॉस्केट बॉल बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला दीप्ती कांवेंट व स्पार्कल्स विद्यालय के मध्य हुआ, जिसमें दीप्ती कांवेंट ने 1 गोल से जीत दर्ज की तथा बालिका वर्ग में भी दीप्ती कांवेंट ने स्पार्कल्स को 5 अंक से पराजित किया। उधर कबड्डी प्रतियोगिता में बालक वर्ग में पोलायकलां प्रथम व शुजालपुर द्वितीय रहा। इसी प्रकार बालिका वर्ग में शुजालपुर विजेता व पोलायकलां की टीम उपविजेता रही।

## हिंदू संगठन का संदेश देती निकली वाहन रैली

**तनोडिया।** दिनांक 18 जनवरी 2026 को हिंदू सम्मेलन के अवसर पर तनोडिया मंडल में भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली में बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने उत्साह एवं जोश के साथ सहभागिता की। यह वाहन रैली तनोडिया, थडोदा, कबीरखेड़ा, आखाखेड़ी, हडाई, पिपलिया, रामपुर भुंडवास, सुठेली एवं सुठेली खेड़ा ग्रामों से होकर निकली। रैली के माध्यम से भव्य विराट हिन्दू सम्मेलन होने एवं समाज में संगठन और जागरूकता का संदेश दिया गया।

### ढोल मंजीरे बजाते व भजन गाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंच सनातनी

# हिन्दू संगम सम्मेलन में राष्ट्रबोध एवं सामाजिक समरसता पर रखे प्रभावशाली विचार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सनातन समाज द्वारा नगर में में अनोखी पहल करते हुए हिंदू संगम सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को श्रीकृष्ण बस्ती अंतर्गत आयोजित हिंदू सम्मेलन में पर्यावरण सुरक्षा से लेकर परिवार प्रबोधन सहित संघ द्वारा विगत 100 वर्षों में राष्ट्र उत्थान में किए कार्यों का उल्लेख अतिथि द्वारा किया गया।

हिंदू समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए सनातन चेतना को जागृत करने तथा सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने की दिशा में किए गए महत्वपूर्ण प्रयास पर भी चर्चा की। श्रीकृष्ण बस्ती के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12, 13 एवं 17 में निवासरत सनातनी परिवारों की सक्रिय सहभागिता सम्मेलन में देखने को मिली।

आयोजन पंचमुखी हनुमान मंदिर चौराहा, तुलसी नगर में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा वर्ग एवं धर्मनिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगम को सफल बनाने के लिए नगर मार्गदर्शन टोली व श्रीकृष्ण बस्ती की पृथक-पृथक आयोजन समिति का गठन किया गया था। आयोजन समिति द्वारा घर-घर संपर्क कर पीले भात देकर आत्मीय निमंत्रण दिया गया तथा सनातन संस्कृति के मूल भाव,संगठन, संस्कार और साधना पर संवाद स्थापित किया गया। श्रीकृष्ण बस्ती आयोजन समिति संयोजक प्रवीण जोशी ने बताया कि समाजजनो में विशेष उत्साह देखने को मिला जिन्होंने केवल एक कार्यक्रम नहीं मानते हुए सनातन धर्म की उस जीवंत परंपरा का प्रकटीकरण माना, जो युगों से समाज को दिशा देती आई है। बस्ती के सनातनी पूर्ण ऊर्जा के साथ ढोल मंजीरे बजाते व भजन गाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे।

### विभिन्न आयामों पर हुआ व्याख्यान

इस सम्मेलन में लगभग तीन घंटे तक सनातन धर्म के विविध आयामों पर व्याख्यान, वैचारिक मंथन एवं सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने वाले प्रेरणादायी उद्बोधन हुए। मुख्य वक्ता के रूप में महेंद्र धनगर ने बौद्धिक प्रदान करते हुए सनातन परंपरा, राष्ट्रबोध एवं सामाजिक समरसता पर प्रभावशाली विचार रखे। इस मौके पर मातृ शक्ति को नवचेतन करते हुए समाजसेविका जया महेश्वरी ने सनातनी परिवारों में अनादि समय से चले आ रहे परंपरावा संस्कारों पर खुलकर अपने विचार रखें। उन्होंने बच्चों पर विशेष ध्यान देते हुए वर्तमान युग में मोबाइल को सनातन विचारों के लिए दुश्मन बताया। वही कथाकार संजय परमार भी संत के रूप में मंचासीन रहे। नगर संयोजक किशोर खन्ना, सहसंयोजक राजेंद्र शास्त्री, किरण वर्मा, नेमीचंद सांखला, मांगीलाल सक्सेना, गोपाल शुक्ला, लक्ष्मी नारायण भाटिया, सवाई सिंह मेवाड़ा, दिलीप सिंह चौधरी, नरेंद्र नाथ आदि भी मंचासीन रहे। आयोजन समिति जिला पालक हुकुम सिंह धनगर की विशेष उपस्थिति रही। संचालन एडवोकेट अशोक तिवारी ने किया व आभार बस्ती के सदस्यों ने माना। सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती के साथ किया। इस दौरान एक बालिका को भारत माता के रूप सजा कर उसके हाथ तिरंगा दिया हुआ था। कार्यक्रम में समरसता भोज का आयोजन भी हुआ।

## घने कोहरे और ठंड को मात देते हुए मैराथन दौड़ में दो सो से अधिक युवाओं ने भाग लिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खिलचीपुर



राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी , खिलचीपुर द्वारा 'युवाओं की दौड़, स्वर्णिम भारत की ओर' थीम पर मैराथन 2026 का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। रविवार को घने कोहरे और अत्यधिक ठंड को मात देते हुए स्वर्णिम भारत, श्रेष्ठ भारत निर्माण का संकल्प लेकर युवाओं ने बड़े उमंग उत्साह से इस दौड़ में भाग लिया।

इस मैराथन दौड़ को ब्रह्माकुमारीज की जिला प्रभारी मधु दीदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दागी, मंडल प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता, पार्षद राकेश जायसवाल , एस. बी. आई बैंक के सहा. प्रबंधक आशीष दुबे, कृष्णपाल अतिथिगणों द्वारा प्रातः 8:30 बजे इस दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । 5 कि.मी इस मैराथन दौड़ का समापन ब्रह्माकुमारीज के शिव दर्शन सेवा केंद्र खिलचीपुर में हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संभागीय खेल अधिकारी श्रीमती शर्मिला डाबर, ब्रह्माकुमारी मधु दीदी, पूर्व विधायक डॉ रामप्रसाद दागी, टी आई उमाशंकर मुकाती, न. प. अध्यक्ष राम जानकी मालाकार श्री श्याम अकादमी के डायरेक्टर नरेंद्र राजपूत, मनोज शर्मा एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की तहत मैराथन प्रतिभागियों के प्रति अपने आशीर्वचन व्यक्त किए। मैराथन में बालक वर्ग में प्रथम लखन सौंधिया , द्वितीय कुलदीप विश्वकर्मा, तृतीय शुभम सम्रावत तथा बालिका वर्ग में प्रथम मुस्कान वर्मा, द्वितीय प्रियंका तोमर, तृतीय स्थान कनिका कुशवाह ने प्राप्त किया। उक्त धावकों को ट्रॉफी, मैडल तथा नगद पुरस्कार राशि वितरित की गई । सभी धावकों को सर्टिफिकेट दिया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन स्थानीय सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी नीलम दीदी द्वारा किया गया। तथा सभी धावकों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ साथ मानसिक सशक्तिकरण एवं राजयोग मेडिटेशन के नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

## भारतीय डाक कर्मचारी संघ की मांग को सिंधिया ने किया पूरा

### शिवपुरी में बनेगा 1.11 करोड़ की लागत से पोस्टल ट्रेनिंग सेंटर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



भारतीय डाक कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष सचेंद्र तिवारी ने बताया कि गुना के सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के केंद्रीय संचार मंत्री बनने से भारतीय डाक विभाग में नित नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। भारतीय डाक कर्मचारी संघ ने संचार मंत्री श्री सिंधिया से गुना संसदीय क्षेत्र में डाक प्रशिक्षण केंद्र खोलने का अनुरोध किया था, भारतीय डाक कर्मचारी संघ की विशेष मांग पर सिंधिया ने शिवपुरी में, शिवपुरी सिटी उपडाकघर के लोकार्पण कार्यक्रम में, शिवपुरी शहर में डाक प्रशिक्षण केंद्र खोलने की स्वीकृति प्रदान कर दी।

उक्त डाक प्रशिक्षण केंद्र खुलने से मध्य प्रदेश के डाक कर्मचारियों को संपूर्ण भारत के विभिन्न राज्यों में बने 6 डाक प्रशिक्षण केंद्र में नहीं जाना पड़ेगा। मध्य प्रदेश के अलावा, राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र के डाक कर्मचारियों को भी शिवपुरी के डाक प्रशिक्षण केंद्र में भी प्रशिक्षित किया जाएगा। शिवपुरी में डाक प्रशिक्षण केंद्र की स्वीकृति देने के लिए भारतीय डाक कर्मचारी संघ के साथियों ने खुशी जाहिर करते हुए, संचार मंत्री का आभार जताया हैं, आभार जताने बालों में जुझार सिंह राजपूत परिमंडल सचिव, बीएम मिश्रा, सचेंद्र तिवारी, बीएस कुशवाह, केके भार्गव, गजेंद्र टंडेल, आलोक कटियार, अनंत गोपाल यादव, अंकुर शर्मा, अजय साहू, अभिषेक दूबे,आदि समस्त डाक कर्मचारियों ने खुशी जाहिर करते हुए सिंधिया जी का आभार जताया हैं।

## 14 जनवरी को श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में गो महिमा सत्संग

**सुसनेर।** नगर में आगामी 14 जनवरी मंगलवार को गो माता के सम्मान और संरक्षण के उद्देश्य से भव्य गो महिमा सत्संग एवं गो सम्मान आह्वान अभियान का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर (मठ) में आयोजित होगा। आयोजन का उद्देश्य पूरे भारत में गो हत्या के खिलाफ जनजागरण फैलाना तथा गो माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास करना है। कार्यक्रम में किसी भी संस्था या व्यक्ति का प्रचार नहीं किया जाएगा, बल्कि केवल गो माता के सम्मान और संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस सत्संग में न कोई मंच होगा, न कोई माइक, न ही कोई विशेष वक्ता या गायक सभी श्रद्धालु मिलकर गो माता के प्रति अपनी श्रद्धा और सेवा भावना व्यक्त करेंगे। यह अभियान पूर्णतः निःस्वार्थ और समर्पण भाव से प्रेरित है। गो महिमा सत्संग के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया जाएगा कि गो रक्षा केवल एक वर्ग या संगठन का कार्य नहीं, बल्कि सम्पूर्ण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर उत्कृष्ट विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार





दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा

स्वामी विवेकानंद जयंती एवं युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार का भव्य आयोजन किया गया। अनुशासनबद्ध पंक्तियों में खड़े स्कूली बच्चों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर ऊर्जा, एकता और स्वस्थ भारत का संदेश दिया। आयोजन के माध्यम से युवाओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों, स्वस्थ शरीर, सशक्त मन और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का प्रेरक प्रयास किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, सांसद प्रतिनिधि मनोज हाड़ा, के.पी.पंवार, श्याम मंडलोई, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमती निधि भारद्वाज सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### महिदपुर

स्वामी विवेकानंदजी की जयंती (युवा दिवस)के अवसर पर शासकीय यशवंत उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महिदपुर में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों के साथ संकुल के छात्र-छात्राएं एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे। पल प्रतिपल कार्यक्रम में शुरूआत मां सरस्वती के पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी और महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण अतिथियों के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा शिवनारायण सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में विवेकानंद का नारा उठो जागो और तब तक प्रयत्न करो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए बताया गया इसके पश्चात राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम और माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन व सूर्य नमस्कार, प्राणायाम जैसी योग क्रियाएं संचालित की गई

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवनारायण सूर्यवंशी, नायब तहसीलदार, राजेश चौहान, पत्रकार विजय चौधरी,पार्षदगण जगदीश चंद्र राठौर, कैलाश बगाना, श्रीमती आशा राठौर, पार्षद प्रतिनिधि जाकिर मंसूरी एवं मो. इकबाल नागोरी, मीडिया प्रभारी लोकेश सूर्यवंशी, अविनाश महाराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री किशोर कुमार परमार ने सभी अतिथियों का पुष्प माला से स्वागत किया। योग प्रशिक्षक श्री राधेश्याम कुमावत, शैलेंद्र सिंह चौहान ईश्वर चौधरी ने सभी योग मुद्राओं का संचालन किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी छात्र-छात्राओं को दूध, बिस्किटका वितरण किया गया ।

अंत में सुनील कुमार दुबे उ.मा. शिक्षक द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश कमलकर द्वारा किया गया।



## खेल और युवा मंत्री अनुराग ठाकुर ने किया स्तुति जैन को सम्मानित

**मक्सी।** स्तुति जैन पत्नी अश्विनी जैन को को खेल एवं युवा मंत्री अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मन की बात के 100वें एपिसोड पर जारी 100 रुपये के सिक्के को मध्यप्रदेश निवासी स्तुति जैन द्वारा डिजाइन किया गया है । स्तुति वर्तमान में अंतराष्ट्रीय कंसल्टेंसी केपीएमजी में वरिष्ठ पद पर कार्यरत हैं।

## जय सरदार सेना संगठन की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**शुजालपुर।** जय सरदार सेना संगठन पाटीदार समाज शाजापुर जिले की प्रथम बैठक रविवार को सरदार पटेल छात्रावास आष्टा रोड शुजालपुर में सम्पन्न हुई, बैठक के पूर्व सर्व प्रथम सरदार पटेल प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। बैठक में जिला समिति के सदस्यों का सरदार पटेल स्मृति चिन्ह और नियुक्ति पत्र देकर सभी का सम्मान किया। इस दौरान संगठन के विषय एवं संगठन विस्तार पर चर्चा हुई, जिले के सभी पाटीदार समाज के प्रत्येक गांव में ग्रामीण इकाई बनाने पर विचार हुआ एवं सभी को ग्रामीण इकाई पत्रक वितरण किए। बैठक में मुख्य संगठन के तहसील अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नायक, गोकुल प्रसाद, प्रभात, नीलेश, सरदार सेना संगठन जिला अध्यक्ष मनोज पाटीदार, दिलीप पाटीदार, रामकृष्ण पाटीदार,अशोक पाटीदार, रामकृष्ण पाटीदार, मनोज पाटीदार, संदीप गोठी गोविंद पाटीदार, अनिल पाटीदार आदि उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने राघोगढ़ स्थित फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण



**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा रविवार गोपी कृष्ण सागर बांध पर स्थित राघोगढ़ के फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पूरे प्लांट की व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा और स्वच्छता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि फिल्टर प्लांट परिसर में किसी भी प्रकार की गंदगी न रहे तथा प्लांट ग्राउंड में उगी घास को शीघ्र हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने फिल्टर प्रक्रिया में उपयोग की जाने वाली एलम एवं ब्लीचिंग की मात्रा और समय-सारिणी की भी जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से यह भी पूछा कि किस समय कितनी मात्रा में एलम एवं ब्लीचिंग डाली जा रही है, ताकि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। कलेक्टर श्री कन्याल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, तहसीलदार अनुराग जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेजसिंह यादव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र समाज के पांडुरंग परिसर का उद्घाटन

## जिजाऊ ब्रिगेड ने जिजाऊ जन्मोत्सव भी मनाया



**शुजालपुर।** महाराष्ट्र समाज शुजालपुर ने समाज के भवन पांडुरंग परिसर का उद्घाटन रविवार को समारोह के रूप में सणस परिवार के करकमलों से किया। इस अवसर पर जिजाऊ ब्रिगेड द्वारा जिजाऊ जन्मोत्सव भी मनाया गया। शुभारंभ समारोह में सुभद्रा यशवंत राव सणस, गंगा रामचंद्र राव सणस, संदीप लक्ष्मणराव सणस, नवीन शिंदे, दिलीप पंडित, महाराष्ट्र समाज के अध्यक्ष सुरेश वडनेरकर, प्रतिमा देशमुख, जयप्रकाश देशमुख आदि मंचासीन रहे तथा एसडीओपी निमेष देशमुख की विशेष उपस्थिति रही। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा समाज के प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिजाऊ वंदना तथा गणेश वंदना से हुई। कोमल शेलार, तेजस सबनीस, पार्थ जेधे, पूर्णिमा देशमुख तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सुरेश वडनेरकर, शिवाजी पवार, आनंद करमकर, जितेंद्र शेलार आदि को जिजाऊ ब्रिगेड की ओर से सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अन्वी, स्वरा, आरोही, अनुश्री, मानव, विहान, अभंग, कैवल्य, दूर्वा, भव्यता, हितार्थ आदि ने प्रस्तुति दी।

**सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 311 आईपीओ से 1.7 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए। सेबी ने तकनीकी गड़बड़ियों के नियमों में बदलाव कर 60% छोटे ब्रोकर्स को राहत दी है।**

# 311 आईपीओ के जरिए कंपनियों ने जुटाए ₹1.7 लाख करोड़, जानिए क्या बोले सेबी प्रमुख

**नई दिल्ली।** भारतीय पूंजी बाजार ने पिछले एक दशक में अभूतपूर्व विस्तार देखा है और निवेशकों का भरोसा नई ऊंचाई पर है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में ही 311 इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग्स (आईपीओ) के जरिए कंपनियों ने 1.7 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं।



चेन्नई में आयोजित 'एसोसिएशन ऑफ नेशनल एक्सचेंज मेंबर्स ऑफ इंडिया' (एएनएमआई) के 15वें इंटरनेशनल कैपिटल मार्केट कन्वेंशन 2026 को संबोधित करते हुए, सेबी प्रमुख ने बाजार की मजबूती और नियामकीय सुधारों के बारे में बताया।

**2020 से अब तक निवेशकों की संख्या कितनी बढ़ी?:** बाजार की गहराई के बारे में बताते हुए सेबी अध्यक्ष ने कहा कि भारत में यूनिक इन्वेस्टर्स की संख्या में भारी उछाल आया है। वित्त वर्ष 2020 में यह संख्या 4.3 करोड़ थी, जो अब बढ़कर 13.7 करोड़ हो गई है। पूंजी निर्माण की गति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि चालू वित्त वर्ष में कुल इक्विटी मोबिलाइजेशन पहले ही 3.8 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर चुका है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कैलेंडर वर्ष 2025 के आंकड़ों के अनुसार, मेनबोर्ड आईपीओ ने सालाना आधार पर 8% की वृद्धि दर्ज करते हुए 1.72 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इस गतिविधि में महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और कर्नाटक वॉल्यूम और वैल्यू दोनों ही मामलों में सबसे आगे रहे।

**छोटे स्टॉक ब्रोकर्स के लिए सेबी ने क्या कदम उठाए?:** ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के मकसद से, सेबी ने स्टॉक ब्रोकर्स के इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग सिस्टम में आने वाली तकनीकी गड़बड़ियों से निपटने के लिए ढांचे में बड़े बदलाव की घोषणा की है।

**नए ढांचे की क्या है प्रमुख विशेषताएं: पात्रता में बदलाव:** तकनीकी गड़बड़ियों से जुड़ा नया ढांचा अब केवल उन स्टॉक ब्रोकर्स पर लागू होगा जिनके पास 10,000 से अधिक पंजीकृत ग्राहक हैं।

**अनुपालन बोझ कम:** सेबी के अनुसार, इस नए मानदंड के परिणामस्वरूप लगभग 60% स्टॉक ब्रोकर्स इस कड़े ढांचे से बाहर हो जाएंगे, जिससे उनकी अनुपालन आवश्यकताओं में भारी कमी आएगी।

### स्मार्ट रेगुलेशन के लिए क्या कर रही सेबी?

तुहिन कांत पांडेय ने कहा कि नियामक एक 'स्मार्ट रेगुलेटरी आर्किटेक्चर' का निर्माण कर रहा है जो अनुपालन को सुव्यवस्थित करता है और जिससे दोहराव की गुंजाइश खत्म होती है। हाल ही में अधिसूचित 'सेबी स्टॉकब्रोकर्स विनियम 2026' का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अब ब्रोकर्स को निर्धारित सुरक्षा उपायों के अधीन अन्य वित्तीय क्षेत्र के नियामकों द्वारा देखरेख की जाने वाली गतिविधियों में विविधता लाने की अनुमति दी गई है।

### एनएसई के आईपीओ की लिस्टिंग पर क्या बोले सेबी प्रमुख?

भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड यानी सेबी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बहुप्रतीक्षित इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग को अपनी मंजूरी देने के बेहद करीब है। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को संकेत दिया कि विनियामक एनएसई के आईपीओ के लिए एनओसी जारी करने के अंतिम चरण में है, जिससे एक्सचेंज की सर्वजनिक लिस्टिंग की उम्मीदें एक बार फिर जीवंत हो गई हैं।

# टिम कुक के बाद कौन संभालेगा एपल की कमान? रेस में सबसे आगे जॉन टर्नस

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे मूल्यवान टेक कंपनी एपल में भविष्य के नेतृत्व को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। मौजूदा सीईओ टिम कुक (65) के संभावित उत्तराधिकारी के रूप में कंपनी के भीतर एक नाम सबसे मजबूती से उभरा है- जॉन टर्नस। एपल के हार्डवेयर इंजीनियरिंग के हेड, टर्नस को टिम कुक की जगह लेने के लिए 'फ्रंट-रनर' (सबसे आगे) माना जा रहा है।



### कौन हैं जॉन टर्नस?

50 वर्षीय जॉन टर्नस ने 2001 में एपल जॉइन किया था और वे पिछले तीन दशकों में हार्डवेयर पर काम करने वाले पहले ऐसे सीईओ हो सकते हैं।

**शिक्षा और शुरूआत:** पेंसिल्वेनिया यूनिवर्सिटी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट टर्नस ने अपने करियर की शुरूआत वर्चुअल रियलिटी स्टार्टअप से की थी। एपल में उन्होंने मैक की स्क्रीन पर काम करने से शुरूआत की और धीरे-धीरे पूरे हार्डवेयर विभाग के प्रमुख बन गए,।

**बड़ी उपलब्धियां:** हाल के वर्षों में, टर्नस ने एपल के कई बड़े बदलावों का नेतृत्व किया है, जिसमें 2020 में इंटेल चिप्स को हटाकर एपल की अपनी चिप्स का उपयोग करना और 'आईफोन एयर' का विकास शामिल है।

**इनोवेटर या मैनेजर: कैसी है टर्नस की कार्यशैली?:** एपल के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, टर्नस की कार्यशैली स्टीव जॉब्स के जोखिम भरे 'विजनरी' अंदाज के बजाय टिम कुक के 'स्थिर और प्रबंधकीय' दृष्टिकोण से मिलती है।

**मुनाफे पर फोकस:** टर्नस को कंपनी की बॉटम लाइन (मुनाफे) का ध्यान रखने के लिए जाना जाता है। उदाहरण के लिए, जब आईफोन में एक महंगा लेजर कैमरा कंपोनेंट जोड़ने की बात आई, तो टर्नस ने इसे केवल महंगे 'प्रो' मॉडल्स तक सीमित रखने का सुझाव दिया। उनका तर्क था कि केवल वफादार ग्राहक ही इसके लिए अधिक भुगतान करेंगे, जिससे कंपनी का मुनाफा सुरक्षित रहा।

**जमीन से जुड़े नेता:** टर्नस को 'मैन ऑफ द पीपल' कहा जाता है। प्रमोशन मिलने के बाद भी उन्होंने अलग केबिन लेने से इनकार कर दिया और अपनी टीम के साथ ओपन ऑफिस में बैठना पसंद किया, जिससे कर्मचारियों के बीच उनकी छवि एक सहयोगी नेता की बनी।

### बतौर सीईओ, उन्हें दो बड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा

अककी रेस: जहां अन्य टेक कंपनियां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर अरबों खर्च कर रही हैं, वहीं एपल अभी इस रेस में पीछे है। भू-राजनीतिक तनाव: राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बदलती टैरिफ योजनाओं और चीन पर विनिर्माण निर्भरता को संभालना उनके लिए एक बड़ी परीक्षा होगी। टिम कुक ने कथित तौर पर वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि वे अब थकान महसूस कर रहे हैं और अपना कार्यभार कम करना चाहते हैं। यदि वे पद छोड़ते हैं, तो उनके बोर्ड चेयरमैन बनने की संभावना है। ऐसे में, टर्नस- जो उसी उम्र (50) के हैं जिस उम्र में कुक ने 2011 में कमान संभाली थी- एपल के अगले 'बॉस' बनने के लिए पूरी तरह तैयार दिखते हैं, हालांकि क्रेग फेडरिघी और डिएड्र ओ'ब्रायन जैसे अन्य नाम भी रेस में हैं।

# टैरिफ के खतरों के बीच शक्तिकांत दास ने आत्मनिर्भरता को बताया आर्थिक कवच

**नई दिल्ली।** वैश्विक व्यापार में बढ़ते संरक्षणवाद और टैरिफ के मंडराते खतरों के बीच, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत अब एक ऐतिहासिक बदलाव के मुहाने पर खड़ा है। पहले बिबेक देबरॉय मेमोरियल लेक्चर को संबोधित करते हुए, दास ने जोर देकर कहा कि सरकार की ओर से अपनाई गई नीतियों और सुधारों के कारण भारत 'इनक्रेडिबल इंडिया' (अतुल्य भारत) से 'क्रेडिबल इंडिया' (विश्वसनीय भारत) बनने की यात्रा पर अग्रसर है।

शक्तिकांत दास ने स्पष्ट किया कि पिछले दशकों में वैश्वीकरण को चलाने वाली आम सहमति अब कमजोर पड़ चुकी है और बहुपक्षीय सहयोग कठिन हो गया है। ऐसे परिदृश्य में, भारत ने 'आत्मनिर्भरता' को अपनी नीतियों के मूल सिद्धांत के रूप में अपनाया है। उन्होंने 'आत्मनिर्भरता' की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए दो बातों पर जोर दिया।

**रणनीतिक लचीलापन:** यह दुनिया से कटने की नीति नहीं है, बल्कि मुख्य क्षमता और लचीलेपन को बनाने की रणनीति है।

**घरेलू क्षमता:** आर्थिक आत्मनिर्भरता का अर्थ है देश के भीतर महत्वपूर्ण वस्तुओं और तकनीकों के उत्पादन की क्षमता विकसित करना और विदेशी स्त्रोतों पर अत्यधिक निर्भरता को कम करना। पूर्व आरबीआई गवर्नर ने कहा कि मजबूत घरेलू क्षमताओं वाली आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था विकास को बनाए रखने की शक्ति देती है, जबकि एक स्वायत्त विदेश नीति बाहरी चुनौतियों से निपटने में राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित करती है।

# भारत-ईयू एफटीए के केंद्र में रहेंगे किसान और एमएसएमई, जानिए क्या बोले उद्योग मंत्री गोयल




**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रसेल्स की दो दिवसीय यात्रा के साथ भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते की बातचीत को नई गति दी है। 8 और 9 जनवरी को हुई इस यात्रा के दौरान उन्होंने यूरोपीय आयोग के व्यापार व आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के साथ उच्चस्तरीय वार्ता की, जिसमें लंबित मुद्दों को सुलझाने और समझौते को तेजी से आगे बढ़ाने पर मार्गदर्शन दिया गया।

### भारत-ईयू एफटीए वार्ता के केंद्र में रहा

वार्ता के केंद्र में प्रस्तावित भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता रहा। दोनों पक्षों ने किसानों और सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों (टरटए२) के हितों की रक्षा पर जोर देते हुए भारतीय उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं से जोड़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। मंत्री गोयल ने कहा कि भारत और ईयू एक नियम-आधारित व्यापार ढांचे और आधुनिक आर्थिक साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो संतुलित और परस्पर लाभकारी हो।

वाणिज्य मंत्रालय के बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने बाजार पहुंच, वस्तुओं के नियम, सेवाओं सहित विभिन्न वार्ता क्षेत्रों में हुई प्रगति की समीक्षा की। मंत्रीस्तरीय चर्चा से यह संकेत मिला कि शेष मुद्दों को रचनात्मक संवाद के माध्यम से सुलझाने के लिए दोनों ओर मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति मौजूद है।

## Sport

**विजय हजारे ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में मुंबई और कर्नाटक आमने-सामने होंगे। इस मुकाबले में देवदत्त पडिक्कल और सरफराज खान पर नजरें रहेंगी, जो घरेलू क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय चयन के रडार पर हैं, इसलिए यह मैच उनके लिए अहम साबित हो सकता है।**

# मुंबई-कर्नाटक के बीच विजय हजारे ट्रॉफी का क्वार्टर फाइनल, पडिक्कल-सरफराज की जंग में किसकी होगी जीत?

**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट की दिग्गज टीमें मुंबई और कर्नाटक सोमवार को यहां होने वाले विजय हजारे ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल में जब आमने-सामने होंगी तब सरफराज खान और देवदत्त पडिक्कल से अपनी शानदार फॉर्म को आगे बढ़ाने की उम्मीद होगी। सोमवार को ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दूसरा क्वार्टर फाइनल उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र के बीच खेला जाएगा।



कर्नाटक को ग्रुप चरण के उनके अंतिम लीग मैच में सिर्फ एक ही हार मिली थी। इसके बावजूद टीम को पूरा भरोसा होगा कि वह मुंबई के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पेश करेगी। देवदत्त पडिक्कल सात पारियों में चार शतक और एक अर्धशतक की मदद से 640 रन के साथ टूनामेंट के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह अगर लय बरकरार रखे तो 2027 वनडे विश्व कप की टीम तैयारी कर रहे चयनकताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा।

सरफराज खान भी टी20 की अपनी धमाकेदार लय को वनडे क्रिकेट में उतारकर चयनकताओं का ध्यान खींच रहे हैं। टीम को अंतिम लीग मुकाबले में पंजाब के खिलाफ मिली अप्रत्याशित हार में सरफराज ने पुरुषों की लिस्ट-ए क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था। मुंबई वह मैच हार गया था लेकिन सरफराज सीमित ओवरों के प्रारूप में चयनकताओं तक अपना संदेश पहुंचाने में सफल रहे।

दूसरे क्वार्टरफाइनल में उत्तर प्रदेश और सौराष्ट्र की टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में उत्तर प्रदेश का पलड़ा भारी होगा। लीग चरण में अपराजित रहने वाली उत्तर प्रदेश चारों ग्रुप में ऐसी इकलौती टीम रही है। उत्तर प्रदेश को ध्रुव जुरेल की सेवाएं नहीं मिलेंगी, जो ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद भारतीय वनडे टीम से जुड़ गए हैं।

जुरेल ने लीग चरण में सात पारियों में 558 रन बनाए थे और वह पूरी तरह अजेय नजर आ रहे थे। सौराष्ट्र ने अपने शुरूआती तीन में से दो मैच गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए लगातार चार मुकाबले जीतकर अंतिम आठ में जगह बनाई। उनके बल्लेबाज सही समय पर लय में लौटते दिख रहे हैं, जबकि तेज गेंदबाज चेतन सकारिया भी अच्छी लय में नजर आ रहे हैं।

**मुंबई स्क्वॉड:** अंगकृष रघुवंशी, मुशीर खान, सरफराज खान, सिद्धेश लाड (कप्तान), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, शशांक अटारडे, ओंकार तुकाराम तर्मले, तुषार देशपांडे, तनुश कोटियान, मोहित अवस्थी, अथर्व अंकलेक, सुर्यांश शेडगे, आकाश आनंद, ईशान मुलचंदानी।

**कर्नाटक स्क्वॉड:** मयंक अग्रवाल (कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, करुण नायर, स्मरण रविचंद्रन, कृष्णन श्रीजित (विकेटकीपर), अभिनव मनोहर, श्रेयस गोपाल, विजयकुमार विशाक, मनवंत कुमार एल, श्रीषा आचार, अभिलाष शेट्टी, शरथ बीआर, हर्षिल धमार्णी, ध्रुव प्रभाकर, विद्यासागर पाटिल।

# जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी आरसीबी, सोमवार को होगा यूपी वॉरियर्स से सामना



**नवी मुंबई।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में कड़ी परीक्षा से गुजरने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सितारों से सजी यूपी वॉरियर्स के खिलाफ अपनी लय जारी रखने की कोशिश करेगी। स्मृति मंधाना की अगुआई वाली साल 2024 की चैंपियन टीम ने शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुश्किल स्थिति से उबरते हुए तीन विकेट की जीत दर्ज की। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका की हरफनमौला खिलाड़ी नादिन डी क्लार्क ने आखिरी चार गेंदों पर दो चौके और दो छक्के लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। आरसीबी की जीत ने मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को भी स्तब्ध कर दिया था।

मंधाना और आरसीबी के लिए वह पल बेहद खास था और टीम को नादिन डी क्लार्क (नाबाद 63 रन बनाए और चार विकेट) से यूपी वॉरियर्स के खिलाफ भी ऐसे ही प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पिछले मैच में डी क्लार्क के अलावा अन्य बल्लेबाजों ने निराश किया था, ऐसे में मंधाना चाहेंगी कि वह और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज रन बनाने में योगदान दें। ग्रेस हैरिस, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, ऋचा घोष और राधा यादव जैसे खिलाड़ियों को आगे बढ़कर जिम्मेदारी निभानी होगी। वहीं गेंदबाजी विभाग में अरुंधति रेड्डी, श्रेयंका पाटिल और राधा से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। इन सभी ने मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा रन लुटाए थे।

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
संपर्क मो.9575477077

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मैनेजर, असिस्टेंट मैनेजर, हाउस कीपिंग, कम्प्यूटर 'आपरेटर, एकाउंटेंट, सिक्योरिटी गार्ड, चौकीदार की आवश्यकता है। होटल हेतु।
संपर्क 9893374872

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**कृषि भूमि बेचना है**
उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**शॉप बेचना है**
12/1 भोज मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन में साढ़े सात 20 की शॉप बेचना है।
संपर्क 9993368146

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क : 7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280



दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
METROPOLITAN


## न्यूज कॉलम

### कांग्रेस की भगीरथपुरा में मरे लोगों के लिए मांग मृतकों के स्मारक स्थल के लिए सरकार जमीन दे



**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में मानव मल-मूत्र मिले दूषित पेयजल से 20 से अधिक नागरिकों की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने बीजेपी सरकार से स्मारक बनाने के लिए जमीन की मांग की है। कांग्रेस का कहना है कि यह केवल दुर्घटना नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन की गंभीर लापरवाही और असफल व्यवस्था का परिणाम है। वर्षों से नागरिक दूषित नर्मदा जल की शिकायत कर रहे थे, लेकिन प्रशासन तब तक मौन रहा जब तक निर्दोष लोगों की जान नहीं चली गई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित चौरसिया ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को पत्र लिखते हुए मांग की है कि भागीरथपुरा क्षेत्र में तत्काल 10X10 फीट भूमि आवंटित की जाए और उन सभी दिवंगत नागरिकों की स्मृति में एक स्थायी स्मारक स्थल का निर्माण किया जाएगा। चौरसिया ने कहा कि भूमि सरकार आवंटित करे, स्मारक स्थल का निर्माण कांग्रेस अपने स्तर पर कराएगी। अमित चौरसिया ने कहा कि यह स्मारक केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक नहीं होगा बल्कि यह प्रशासन के लिए स्थायी चेतावनी भी बनेगा कि जनता की जान की कीमत पर किया गया विकास कभी स्वीकार्य नहीं हो सकता। घटना के बाद नगर निगम द्वारा ताबड़तोड़ विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जो इस बात का प्रतीक हैं कि इंदौर में विकास की शुरूआत पहले शहादत और फिर संवेदना से होती है। कांग्रेस ने कहा कि यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि भागीरथपुरा का तथाकथित स्वर्णिम विकास निर्दोष नागरिकों की शहादत के बाद संभव हुआ। कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा राजनीति का नहीं बल्कि इंसानियत, जवाबदेही और शासन की नैतिक जिम्मेदारी का है।

### पति ने पत्नी की हत्या की, फिर खुद ले गया हॉस्पिटल, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से हुआ खुलासा

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इस दौरान पति ने पत्नी का गला दबा दिया। जब उसकी सांसें बंद हो गईं, तो पति उसे लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचा। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना 9 जनवरी की है, पुलिस ने रविवार रात मामले में एफआईआर दर्ज की है। पुलिस को सूचना मिलने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। शॉर्ट पीएम रिपोर्ट में गला दबाने और मारपीट के निशान सामने आए थे। इसके बाद पुलिस ने पति को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। पूछताछ के दौरान पति टूट गया और उसने हत्या की बात कबूल की। डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि मृतक की पहचान सुमित्रा चौहान (40 वर्ष), निवासी शुभम नगर के रूप में हुई है। मृतका के पति माधव चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने के दौरान पत्नी की मौत

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर में एक महिला की मौत हो गई। उसकी तबीयत अचानक खराब होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी बहन को सूचना दी। बाद में उसकी मौत की जानकारी मिली, जिसके बाद बहन ने पुलिस को सूचना दी। राजेन्द्र नगर पुलिस के अनुसार, बुधनगर की रहने वाली अनिता (22 वर्ष), पुत्री उमेश पिंगले की रविवार को अचानक तबीयत खराब हो गई। पति उमेश ने अपनी साली माधवी को इसकी जानकारी दी। कुछ ही देर बाद अस्पताल ले जाते समय अनिता की मौत हो गई। इसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई और मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की गई। परिवार के अनुसार, अनिता के मायके पक्ष के लोग महाराष्ट्र के मुंबई के पास रहते हैं। ससुराल पक्ष के लोग बता रहे हैं कि उसका पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। अनिता की शादी चार साल पहले हुई थी और उसकी एक दो साल की बेटी है। पति ड्राइवरी का काम करते हैं। राजेन्द्र नगर पुलिस ने बताया कि अनिता का इंदिरा अस्पताल में इलाज में भी चल रहा था। बहन माधवी की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमॉर्टम करा रही है।

### भतीजे का बचाव करने आए चाचा पर चाकू से हमला, पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

**इंदौर।** इंदौर के एमआईजी इलाके में रहने वाले एक युवक और उसके चाचा पर इलाके में रहने वाले एक बदमाश ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी बिना किसी कारण के विवाद कर रहा था और उसने चाकू निकाल लिया। जब परिवार के लोग उसे समझाने पहुंचे तो आरोपी ने चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। परिवार के मुताबिक आरोपी शराब के नशे में था। एमआईजी पुलिस ने बताया कि राधेश्याम वर्मा निवासी कन्हैयालाल पाटनीपुरा की शिकायत पर पुलिस ने ऋषभ पुत्र दिलीप साहू, निवासी पाटनीपुरा के खिलाफ चाकूबाजी को लेकर एफआईआर दर्ज की है। राधेश्याम निजी नौकरी करता हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को उनके घर के सामने उनका भतीजा शशांक अपने दोस्त भोला के साथ वहीं रहने वाले ऋषभ साहू से बात कर रहा था। इसी दौरान ऋषभ ने अचानक विवाद शुरू कर दिया और चाकू निकाल लिया। जब राधेश्याम उसे समझाने पहुंचा तो आरोपी ने अपशब्द कहे और कहा कि वह उनके विवाद में बीच में क्यों आ रहा है। इसी दौरान आरोपी ने राधेश्याम पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट आई। शोर सुनकर उनकी पत्नी निकिता और बेटी भी मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में दंपती थाने पहुंचे और मामले में एफआईआर दर्ज कराई। इसी इलाके में दूसरी घटना विशाल कुशवाह के साथ हुई। विशाल पांचू कुमारी की चाल में रहता है। आरोपी अमन यादव और सुनील नागवंशी ने विशाल पर हमला कर दिया। सात दिन पहले विशाल का अमन से विवाद हुआ था। घटना के दौरान सुनील ने अपशब्द कहे और अमन ने चाकू निकालकर विशाल के पैर में वार कर दिया।

### नीट के लिए एनटीए की एडवाइजरी, पहले अपडेट कराएं आधार-कैटेगरी सर्टिफिकेट

**इंदौर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 2026 में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एजेंसी ने उम्मीदवारों से कहा है कि आवेदन करने से पहले आधार कार्ड और कैटेगरी सर्टिफिकेट पूरी तरह अपडेट और सही करवा लें, ताकि फॉर्म भरते समय या बाद में किसी तरह की दिक्कत न आए। एनटीए के मुताबिक आधार कार्ड में उम्मीदवार का नाम, जन्मतिथि, फोटो और पता पूरी तरह सही होना चाहिए। नीट 2026: एनटीए से जुड़े सूत्रों के अनुसार नीट यूजी-2026 की परीक्षा 3 मई 2026 को कराई जा सकती है। परीक्षा देशभर में ऑफलाइन मोड में होगी। नीट के लिए ऑनलाइन आवेदन फरवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। एक्सपर्ट डॉ. अवनीश पांडे ने बताया एनटीए ने एडवाइजरी में साफ किया है कि एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांग श्रेणी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास वैध और अपडेटेड कैटेगरी सर्टिफिकेट होना जरूरी है। पुराना या अमान्य सर्टिफिकेट होने पर अभ्यर्थी को सामान्य वर्ग में माना जाएगा। नीट यूजी देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा है। पिछले साल नीट यूजी में करीब 23 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया था। इतनी बड़ी संख्या को देखते हुए एनटीए पहले ही दस्तावेजों को लेकर सतर्कता बरतने की सलाह दे रही है।

## कई दिनों से 3 मरीज वेंटिलेटर पर, 13 मरीजों का आईसीयू में चल रहा इलाज

# इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से 23वीं मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में दूषित पानी पीने से मरने वालों की संख्या नहीं थम रही है। सोमवार को मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 23 हो गया। मृतक का नाम भगवानदास पिता तुकाराम भरणे (64) है। वह करीब 10 दिन से हॉस्पिटल में एडमिट थे। पहले उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया। बाद में बॉम्बे हॉस्पिटल रेफर किया गया था।

हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर राहुल पाराशर ने बताया कि जब उन्हें यहां लाया गया तो उस दौरान कार्डियक अरेस्ट आया था। इस पर सीपीआर देकर उन्हें फिर वेंटिलेटर पर लिया गया था। उन्हें गैंग्रीन सहित मल्टी ऑर्गन्स फेल्यूअर जैसी तकलीफ थी।

इससे पहले एक मृतक की पहचान कमला बाई, पति तुलसीराम (59) के रूप में हुई। उसे 5-6 जनवरी से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। हालत बिगड़ने पर 7 जनवरी को उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 9 जनवरी को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

मृतक का पति मजदूरी करता है। दोनों लगभग 20 दिन पहले ही जीवन की फेल से भागीरथपुरा में आकर रहने लगे थे। इस दौरान दूषित पानी पीने से कमला बाई की तबीयत बिगड़ गई। मौत के बाद परिजन ने भागीरथपुरा में नगर निगम की टीम और संबंधित केंद्र को इसकी जानकारी दी, लेकिन आधार कार्ड जीवन की फेल का होने के कारण इस मामले को दूषित पानी से हुई मौत के रूप में दर्ज नहीं किया गया।



### 1 साल से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी

एमवाय अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव का कहना है कि कमला बाई भागीरथपुरा के मरीजों की यूनिट में भर्ती नहीं थी। वह पंचम की फेल की निवासी थी और पिछले एक साल से किडनी की बीमारी से पीड़ित थी। मामला एमएलसी (मेडिको-लीगल केस) का नहीं होने के कारण उनका पोस्टमॉर्टम नहीं कराया गया।

### आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हुई

- दूसरी तरफ, भागीरथपुरा में अभी भी लोगों में दूषित पानी का डर बना हुआ है। लोग आरओ, बोरिंग और बोतल के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। पानी को छानकर और उबालकर इस्तेमाल कर रहे हैं।
- इस बीच, आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या कम ज्यादा हो रही है। 8 जनवरी को जहां आईसीयू में 10 मरीज थे। 10 जनवरी को ये आंकड़ा 11 तक पहुंच गया। वहीं, 11 जनवरी को आईसीयू में भर्ती मरीजों की संख्या 13 हो गई। जबकि पिछले कई दिनों से 3 मरीज वेंटिलेटर पर बताए जा रहे हैं।
- 29 दिसंबर को जब कई लोग अस्पताल में भर्ती हुए तो मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ अस्पतालों में पहुंचे और मरीजों व उनके परिजनों से बातचीत की। देखते ही देखते दूषित पानी के कारण मौतों का सिलसिला शुरू हो गया।
- एक के बाद एक कई लोगों की जान दूषित पानी के कारण चली गई। स्थिति यह है कि कई लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार चल रहा है। कुछ लोग आईसीयू में इलाजरत है।

## घायल तेंदुए का इलाज नहीं करने पर भड़के फॉरेस्ट एसडीओ

# रेस्क्यू किए तेंदुए को चिड़ियाघर में रखने से स्टाफ ने मना किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

तेंदुए का रेस्क्यू कर वन विभाग की टीम जब उसके इलाज के लिए कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय मतलब चिड़ियाघर पहुंची तो वहां पर मौजूद स्टाफ ने न सिर्फ उसे रखने से बल्कि उसका इलाज करने से इनकार कर दिया। इससे रालामंडल एसडीओ भड़क उठे। आखिरकार वन विभाग की रेस्क्यू टीम को उसे वापस रालामंडल ले जाना पड़ा।

घायल अवस्था में तेंदुआ कल शाम से रालामंडल में ही है। स्टाफ द्वारा रातभर उस पर नजर रखी गई, क्योंकि उसकी मेडिकल जांच और इलाज के लिए आज महू वेटरनरी हॉस्पिटल ले जाएंगे। एसडीओ कटारा का कहना है कि घायल अथवा बीमार वन्यजीवों के इलाज तक रखरखाव के लिए चिड़ियाघर मतलब जू- प्रबंधन, वन विभाग से अधिकृत है, लेकिन जब भी किसी वन्यजीव या तेंदुए को इलाज के लिए चिड़ियाघर लाते हैं तो अक्सर जू-स्टाफ कोई न कोई बहाना बनाकर टालने की कोशिश करता है। इसी तरह कल भी यही हुआ। आखिरकार तेंदुए को बिना इलाज के वापस ले जाना पड़ा। इस मामले में चिड़ियाघर में राकेश यादव से बात की तो उन्होंने कहा कि यहां पर वाइल्ड एनिमल स्पेशलिस्ट जो डॉक्टर है, उनके परिवार में निधन होने के चलते वह अवकाश पर हैं।



### यह बन रहे खतरा

इंदौर वनमंडल डीएफओ के अनुसार, एक तरफ जहां इंदौर वनमंडल में तेंदुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, वहीं दूसरी तरफ शिकारियों के अलावा बिना बाउंड्री के कुएं और जंगली सूअर से बचाव के लिए खेतों में लगाए जाने वाले फंदे और बिजली के तार तेंदुए सहित अन्य वन्यजीवों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं।

### इंदौर में रेस्क्यू सेंटर खोलेगा वन विभाग

वन मंडल इंदौर में तेंदुओं और वन्य जीवों की लगातार संख्या बढ़ने के चलते उनके इलाज के लिए वन विभाग इंदौर ने खुद का रेस्क्यू सेंटर खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। डीएफओ इंदौर प्रदीप मिश्रा के मुताबिक इंदौर वनमंडल में तेंदुओं सहित अन्य वन्य जीव की संख्या बढ़ने के साथ इनके रेस्क्यू ऑपरेशन कर आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अभी तक इंदौर वन विभाग रेस्क्यू कर लाए गए तेंदुओं या वन्य जीवों के इलाज और इलाज जारी रहने तक उनके रख रखाव के लिए कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय पर निर्भर रहना पड़ता है।

### 67 तेंदुओं का रेस्क्यू किया

इंदौर वन विभाग की रेस्क्यू टीम को ऑपरेशन के लिए इंदौर वनमंडल की महू, चोरल, मानपुर, इन्दौर के अलावा संभाग के अन्य जिलों में भी रेस्क्यू ऑपरेशन करने जाना पड़ता है। रेस्क्यू ऑपरेशन की संख्या बढ़ने के चलते अब वन विभाग को एक्सपर्ट वाइल्ड अथवा एनिमल डाक्टर्स और जगह की कमी अखरने लगी है। पिछले 5 सालों में इंदौर की रेस्क्यू ऑपरेशन टीम ने अब तक 67 तेंदुओं का रेस्क्यू किया है। इसलिए अब इंदौर वनमंडल अपना रेस्क्यू सेंटर खोलेगा।

## इंदौर में मेट्रो के फेरे में हुआ बदलाव

### यात्रियों का भयंकर टोटा, सरकार की गलत पालिसी का नतीजा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर

सीमित दूरी तक चलने वाली मेट्रो रेल को सवारी नहीं मिलने से से उसके फेरे घटा दिए गए। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बड़ा फैसला लिया और रविवार से मेट्रो ट्रेन का उपयोग मालवीय नगर तक ट्रायल रन के लिए किया गया।

गांधी नगर से मालवीय नगर तक 16 मेट्रो स्टेशनों के बीच मार्च 2026 से पूरे संचालन की तैयारी की जा रही है। मार्च में ही मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त द्वारा सुपर कॉरिडोर के एससी-3 स्टेशन से रेडिसन चौराहे तक ट्रैक का परीक्षण शुरू किया जाएगा। इंदौर मेट्रो का आम नागरिकों के लिए परिचालन 31 मई 2025 से शुरू हुआ था। फिलहाल मेट्रो पांच स्टेशनों के बीच करीब 6 किलोमीटर की दूरी तय कर रही है। मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक एस कृष्ण चैतन्य ने बताया कि गांधी नगर से मालवीय नगर तक सभी 16 स्टेशनों पर निर्माण कार्य पूरा करने के उद्देश्य से परीक्षण और कमीशनिंग का काम तेजी से किया जा रहा है। एकीकृत परीक्षण और कमीशनिंग अब अंतिम चरण में पहुंच चुका है। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता कॉरिडोर के अंतर्गत मालवीय नगर चौराहा मेट्रो स्टेशन तक ट्रायल रन सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं और जल्द ही पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर व्यापक परीक्षण किया जाएगा।

**सिर्फ 25 मिनट चलेगी मेट्रो-** मेट्रो प्रबंधन के अनुसार यह निर्णय पूरे प्राथमिकता कॉरिडोर पर आम जनता के लिए मेट्रो सेवाएं जल्द शुरू करने की दिशा में उठाया गया है। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत संशोधित परिचालन समय-सारणी 11 जनवरी से प्रभावी होगी। संशोधित व्यवस्था के अनुसार रविवार से मेट्रो का संचालन केवल एक फेरे में होगा। इस तरह मेट्रो का कुल परिचालन समय अब मात्र 25 मिनट का रहेगा। गांधी नगर स्टेशन से दोपहर 3 बजे चलकर सुपर कॉरिडोर तक आएगी और यहां से दोपहर 3.25 बजे लौट आएगी।

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718


बिना तोड़फोड़ वास्तु समाधान
• कर्ज बढ़ रहा है
• बच्चा नशा करता है
• पति बीमार है
• काम छूट गया है
पं. पंकज शर्मा
मैं करूंगा समाधान
पाटन वाले गुरुजी
Mob.9977444550
पता - शिव मंदिर के पास, जेल रोड, इंदौर

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन




स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com